सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-37 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 24 जुलाई 2025
28 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# जस्टिस वर्मा मामले पर गठित होगी पीठ

■ सुप्रीम कोर्ट ने की आज कई मामलों की सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह एक बेंच गठित करेगा जो जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें उन्होंने आतंरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ उनके आवास पर नकदी मिलने के मामले में टिप्पणी की गई थी। यह मामला आज चीफ जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष उठाया गया।

वकील कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा और वकील जॉर्ज पोटन पूथिकोटे, मनीषा सिंह समेत अन्य लोग जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा, हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की ओर से याचिका दायर की है। इसमें कुछ सांविधानिक मुद्दे शामिल हैं। मैं निवेदन करता हूं कि जल्द एक बेंच गठित की जाए। सीजेआई ने जवाब में कहा कि इस मामले को लेना उनके लिए उचित नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने कहा, हम इस पर विचार करेंगे और एक उपयुक्त बेंच बनाएंगे।

### धोखाधड़ी से मुआवजे की मंजूरी को किया रद्द

कोर्ट ने बुधवार को गौतम बुद्ध नगर की एक जमीन पर दिए गए मुआवजे के अपने 2022 के आदेश को वापस ले लिया। कोर्ट ने कहा कि आदेश धोखाधड़ी से हासिल किया गया था, इसलिए इसे रिकॉर्ड से मिटाना जरूरी है। यह ज़मीन 1997 में खरीदी गई थी और 2005 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई थी। आरोप था कि रेड्डी वीरणा ने दो मालिकों विश्णु वर्धन और सुधाकर को बाहर कर खुद को अकेला मालिक बता कोर्ट से मुआवजा ले लिया।

### रेप केस में कोर्ट ने माना आरोपी नाबालिग था

सुप्रीम कोर्ट ने 1988 के एक रेप केस में आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उसकी सजा को रद्द कर दिया। कोर्ट ने पाया कि आरोपी अपराध के समय नाबालिग था। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने अजमेर जिला न्यायाधीश से जांच करवाई, जिसमें सामने आया कि अपराध की तारीख (17 नवंबर 1988) को आरोपी की उम्र 16 साल 2 महीने थी। कोर्ट ने कहा कि बाल न्याय अधिनियम, 2000 के तहत नाबालिगों पर अलग प्रक्रिया लागू होती है।

### तेलंगाना में जंगलों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के कांचा गचिबोवली इलाके में जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सतत विकास जरूरी है, लेकिन इसका मतलब जंगलों पर बुलडोजर चलाना नहीं है। अदालत कांचा गचिबोवली में पेड़ों की कटाई के मामले की स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने पूछा कि जब कोर्ट की छुट्टी थी, तब ही क्यों पेड़ काटे गए? इससे पहले 15 मई को कोर्ट ने जंगल की बहाली या अफसरों को जेल भेजने की चेतावनी दी थी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 13 अगस्त तय की है। अदालत ने राज्य सरकार से 100 एकड़ काटे गए जंगल की पुनर्स्थापना की योजना भी मांगी है।

### अरावली पहाड़ियों में अवैध खनन पर शीर्ष कोर्ट ने जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने नूंह जिले की अरावली पहाड़ियों में अवैध खनन से बर्बाद हुई जमीन की बहाली के लिए केंद्रीय सशक्त समिति (सीईसी) को हरियाणा सरकार से मिलकर योजना बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को सीईसी को पूरा सहयोग देने को कहा। यह आदेश उस मामले में आया है जिसमें खनन माफिया ने कथित रूप से 1.5 किलोमीटर लंबी अवैध सड़क बना दी थी। इस निर्माण से वनों और तेंदुओं के आवागमन वाले गलियारे को नुकसान पहुंचा है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार की ढिलाई पर सख्त टिप्पणी की थी। सीईसी की रिपोर्ट में पर्यावरण क्षति और अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी सामने आई थी।

# गोरखपुर में 253 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

■ विकास में लगा पैसा जनता का : सीएम



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों में नागरिकों के सकारात्मक रुख और सहयोग की सराहना करने के साथ कहा है कि विकास में लगने वाला पैसा जनता जनार्दन के टैक्स का है। इस पैसे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होना चाहिए। विकास कार्यों में क्वालिटी (गुणवत्ता) से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विकास के लिए जनता के पैसे का सही उपयोग हो, यह हम सबका लक्ष्य होना चाहिए।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर नगर निगम परिसर में स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों के सम्मान और 253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी नागरिकों को सावन माह की शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

इसके साथ ही गोरखपुर को 3 से 10 लाख की आबादी की श्रेणी में चौथी नेशनल रैंक मिली है। जबकि गत वर्ष गोरखपुर 24वें और उसके पहले 74वें स्थान पर था। तीन साल में गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग 74 से चौथे स्थान पर आने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री कहा है कि अब अगली प्रतिस्पर्धा टॉप-थ्री में आने की होनी चाहिए और इसमें हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गत वर्ष उन्होंने गोरखपुर को स्वच्छता के लिए टॉप-टेन शहरों में आने का टारगेट दिया था। यह टारगेट पूरा कर लिया गया है। गोरखपुर अपनी श्रेणी में नम्बर एक पर भी आ सकता है, इसलिए हम सबको अगले साल के लिए टॉप-थ्री का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना होगा और इसमें सबको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

सीएम योगी ने लोगों को याद दिलाया कि पहले गोरखपुर को लेकर क्या चर्चा होती थी। कहा कि पहले गोरखपुर की चर्चा, मच्छर, माफिया, गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता को लेकर होती थी। बुनियादी सुविधाओं के अभाव से त्रस्त पूरा शहर जाम में फंसा रहता था। एक बारिश में शहर जलमग्न हो जाता था। आज इन सबसे निजात मिल चुकी है।

### नागरिकों ने दिया सकारात्मक योगदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुरवासियों ने विकास के कार्यों में हमेशा सकारात्मक योगदान दिया है। सड़क चौड़ीकरण में अपने घर-दुकान की चिंता न कर, गोरखपुरवासियों ने गोरखपुर के पहचान के लिए हर संभव सहयोग किया है। इसी का परिणाम है कि आज गोरखपुर की सड़कें चौड़ी हो गई हैं।

अब एक नए भारत के लिए नए उत्तर प्रदेश में गोरखपुर भी एक नया गोरखपुर बनकर दिखा है। उन्होंने कहा कि जब एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा खड़ी होती है, तब विकास में आगे बढ़ने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक की सहायता, टीमवर्क की भावना के साथ नगर निगम गोरखपुर स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए स्वस्थ भारत के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में सहयोग कर रहा है।

# बसपा में फिर पैर जमा रहे आकाश आनंद, तीन राज्यों में बढ़ाई सक्रियता

■ जल्द हो सकता है बड़ा खुलासा



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी में वापसी और चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बनने के बाद आकाश आनंद ने अपने पैर जमाने शुरू कर दिए हैं। बिहार की राजधानी पटना में छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वह आगामी 27 जुलाई को जालंधर (पंजाब) और जम्मू-कश्मीर के पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके जरिये वह दोनों राज्यों में अपनी पकड़ को मजबूत करेंगे।

आकाश आनंद की वापसी के बाद उन्हें बिहार चुनाव की कमान सौंपी गई है। बिहार में उनकी रैलियों की लगातार मांग हो रही है। बसपा प्रमुख मायावती की मंजूरी मिलने के बाद कार्यक्रम तय किया जाएगा। दरअसल, आकाश को चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने के बाद उनके सक्रिय नहीं होने को लेकर तमाम सवाल उठने लगे थे।

आकाश की सक्रियता केवल मायावती के बयानों को दोहराने तक सीमित होती जा रही थी। अब आकाश ने यूपी और उत्तराखंड को छोड़कर बाकी राज्यों में पाटी संगठन को मजबूत करने की कवायद फिर शुरू की है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में आकाश ने कई राज्यों में कैडर कैंप समेत तमाम कार्यक्रमों को आयोजित कर खासी सुर्खियां बटोरी थीं। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान सीतापुर में दिए गए एक भड़काऊ भाषण के बाद उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ा था।

# अवधनामा के ब्यूरो प्रमुख इरशाद सिद्दीकी का सड़क हादसे में निधन

■ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुल्तानपुर टोल प्लाजा के पास हुई दुर्घटना
■ पत्रकारिता जगत में शोक की लहर



**लखनऊ/सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ पत्रकार और अवधनामा के सिद्धार्थनगर ब्यूरो प्रमुख इरशाद सिद्दीकी का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। यह दुखद घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुल्तानपुर टोल प्लाजा के पास तब हुई जब उनका वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त सिद्दीकी गाड़ी में अकेले थे। मूल रूप से तहसील इटवा के निवासी इरशाद अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

इरशाद सिद्दीकी पत्रकारिता जगत का एक जाना-पहचाना नाम थे। वह काफी पुराने और अनुभवी पत्रकार थे, जिनकी सिद्धार्थनगर और लखनऊ दोनों जगहों पर सक्रिय भूमिका रही है। अवधनामा के साथ-साथ, वह कई अन्य प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के लिए भी अपनी सेवाएं दे रहे थे और विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे।

इरशाद सिद्दीकी की आकस्मिक मृत्यु से पत्रकारिता जगत, विशेषकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन को पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति के रूप में देखा जा रहा है। उनके साथी पत्रकारों, राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

परिजनों के अनुसार, इरशाद सिद्दीकी अपने काम के सिलसिले में ही कहीं जा रहे थे जब यह दुखद हादसा हुआ। पुलिस ने घटना का संज्ञान ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इरशाद सिद्दीकी की तदफीन आज सिद्धार्थनगर में होगी।

# तत्काल टिकट और चार्ट टाइमिंग के बाद रेलवे ने बदला वीआईपी कोटा नियम

■ एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के लिए करना होगा आवेदन



**नई दिल्ली।** रेलवे मंत्रालय ने चार्ट तैयार करने और तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव करने के बाद अब आपातकालीन कोटा के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। रेल मंत्रालय कहना है कि यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के लिए आवेदन करना होगा।

रेल मंत्रालय की ओर से इमरजेंसी कोटा के नियमों में बदलाव से संबंधित एक परिपत्र को जारी किया गया है। इसमें कहा गया है, रात 12 बजे के बाद दिन के 1 बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे के बीच रवाना होने वाली शेष सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले 4 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए। ट्रेन के प्रस्थान के दिन प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा रविवार या सार्वजनिक छुट्टियों के मामले में भी सर्कुलर में उल्लेख किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि छुट्टियों के दिन चलने वाली ट्रेनों का कोटा अनुरोध कार्यदिवस वाले ही मान्य किए जाएंगे। रविवार या उसके बाद छुट्टियों वाले दिन के इमरजेंसी कोटा भी पिछले कार्य दिवस के कार्यालय समय के दौरान ही मान्य किए जाएंगे। रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है।

# गाजियाबाद में फर्जी राजदूत का पर्दाफाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कविनगर इलाके में यूपी स्पेशल टास्क फोर्स ने (एसटीएफ) ने एक बेहद चौंकाने वाले मामले का भंडाफोड़ किया है। नोएडा यूनिट की एसटीएफ टीम ने अवैध रूप से संचालित हो रहे एक फर्जी दूतावास पर छापा मारते हुए हर्ष वर्धन जैन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष वर्धन, कविनगर में किराए पर मकान लेकर खुद को अलग-अलग देशों का राजदूत बताकर एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क चला रहा था।

थाना कविनगर में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस के साथ एसटीएफ की संयुक्त टीम जांच में जुटी हुई है। माना जा रहा है कि इस रैकेट की जड़ें देश के अन्य हिस्सों और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से भी जुड़ी हो सकती हैं।

# छह महीनों में सड़क हादसों में 27,000 लोगों की मौत

■ नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी



**नई दिल्ली।** देश में सड़क सुरक्षा को लेकर एक और चिंताजनक आंकड़ा सामने आया है। संसद में बुधवार को जानकारी दी गई कि साल 2025 के पहले छह महीनों यानि जनवरी से जून के बीच, राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर सड़क हादसों में कुल 26,770 लोगों की मौत हुई है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब के जरिए दी।

मंत्री ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएच) ने कुछ खास राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे जैसे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ट्रांस-हरियाणा, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) लगाया है।

एटीएमएस के जरिए हाईवे पर होने वाले हादसों या ट्रैफिक से जुड़ी घटनाओं की पहचान जल्दी हो जाती है, जिससे मौके पर मौजूद मदद समय पर पहुंचती है। इसके तहत कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपकरण लगाए जाते हैं। जिससे ट्रैफिक को रियल-टाइम में मॉनिटर किया जा सकता है। गडकरी ने बताया कि अब जो नई सड़क परियोजनाएं बनाई जा रही हैं, खासकर तेज रफ्तार और भारी ट्रैफिक वाले कॉरिडोर में, वहां एटीएएमएस को प्रोजेक्ट का हिस्सा बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, जिन राजमार्गों का निर्माण पहले ही हो चुका है, वहां भी एटीएमएस को अलग से प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया जा रहा है। ताकि मौजूदा सड़कों की सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर किया जा सके।

एक अन्य सवाल के जवाब में गडकरी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में करीब 1,12,561 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोड सेफ्टी ऑडिट कराया गया है। इसका मकसद यह जानना है कि सड़कें कितनी सुरक्षित हैं और कहां सुधार की जरूरत है।

### 2024 में हुए थे 52 हजार से ज्यादा हादसे

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने जवाब में बताया कि साल 2024 में पूरे साल के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर 52,609 घातक हादसे दर्ज किए गए थे। इसका मतलब यह है कि इन दुर्घटनाओं में शामिल ज्यादातर मामलों में लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा देश में सड़क सुरक्षा के हालातों को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

**बेबस** मुख्य चुनाव अधिकारी को दें वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता

# चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार को दी चेतावनी

■ गृह विभाग के अधीन है चुनाव कार्यालय
■ अलग चुनाव विभाग बनाने की सिफारिश




**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बाद अब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। लेकिन इस बीच चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को एक गंभीर चेतावनी दी है। आयोग ने साफ कहा है कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता नहीं दी गई है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और कार्य क्षमता पर असर पड़ सकता है।

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को 17 जुलाई को लिखे पत्र में बताया कि राज्य में मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय को बहुत सीमित वित्तीय अधिकार प्राप्त हैं। वह केवल माइनर परमानेंट एडवांस यानी छोटे बजट पर काम कर रहे हैं, जो वित्त विभाग से निर्भर होकर आता है। इससे उनकी स्वतंत्र कार्यक्षमता बाधित हो रही है।

चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी का कार्यालय राज्य के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग के अधीन रखा गया है। इस विभाग का प्रमुख एक प्रिंसिपल सेक्रेटरी स्तर का अधिकारी है, जबकि मुख्य चुनाव अधिकारी का पद अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) स्तर का होता है। आयोग ने इस स्थिति को असामंजस्यपूर्ण बताते हुए इसे जल्द से जल्द ठीक करने को कहा है।

चुनाव आयोग ने सिफारिश की है कि राज्य सरकार एक स्वतंत्र चुनाव विभाग बनाए, जो किसी अन्य विभाग से पूरी तरह अलग हो। इसके लिए एक अलग बजट हेड की व्यवस्था की जाए ताकि चुनाव विभाग को स्वतंत्र वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार मिल सकें।

आयोग का कहना है कि यह स्वतंत्रता निष्पक्ष और प्रभावी चुनाव संचालन के लिए आवश्यक है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को वैसी ही वित्तीय शक्तियां दी जानी चाहिए जैसी किसी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव स्तर के अधिकारी को दी जाती हैं। इससे वे चुनाव संचालन से जुड़ी जरूरी प्रशासनिक और वित्तीय जरूरतों को स्वतंत्र रूप से पूरा कर सकेंगे।

### रिक्त पदों को भी जल्द भरने के निर्देश

चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त, संयुक्त और उप चुनाव अधिकारियों के चार पद लंबे समय से खाली हैं। आयोग ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि इन पदों को जल्द भरने के लिए आयोग से परामर्श लेकर प्रक्रिया शुरु की जाए, ताकि चुनाव पूर्व तैयारियों में कोई रुकावट न आए। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव आयोग राज्य प्रशासनिक मशीनरी को पहले से तैयार रखना चाहता है। आयोग का मानना है कि अगर चुनाव विभाग स्वतंत्र और मजबूत नहीं होगा तो निष्पक्ष चुनाव कराना कठिन हो सकता है।

# भारत-नेपाल के बीच तय हुए सुरक्षा के नए मानक

■ गृह सचिव स्तरीय बैठक में हुए फैसले



**नई दिल्ली।** भारत-नेपाल के बीच गृह सचिव स्तरीय बैठक हुई। इसमें भारत की ओर से गृह सचिव गोविंद मोहन और नेपाल के गृह सचिव गोकरण मणि द्वाडी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे थे। बैठक के दौरान दोनों देशों ने अब तक के द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग और सीमा प्रबंधन की पूरी समीक्षा की और इसे और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में सीमा पर मौजूद सीमांकन स्तंभों की मरम्मत और रखरखाव, सीमा-पार आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, सीमा जिला समन्वय समितियों के कामकाज की समीक्षा और सीमा पर जरूरी आधारभूत ढांचे जैसे इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी), सड़कों और रेलवे नेटवर्क के विस्तार पर भी बातचीत हुई।

दोनों देशों ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने, सुरक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थानों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर भी सहमति जताई। इससे दोनों देशों के सुरक्षा बलों की तत्परता और तालमेल में वृद्धि होगी।

**परस्पर कानूनी सहायता की दिशा में अहम कदम :** भारत और नेपाल ने आपराधिक मामलों में परस्पर कानूनी सहायता के लिए समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देने का स्वागत किया। साथ ही, प्रत्यर्पण संधि के संशोधित प्रारूप को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की गई, जिससे दोनों देशों के बीच वांछित अपराधियों के आदान-प्रदान में तेजी लाई जा सकेगी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, अगली गृह सचिव स्तर की बैठक नेपाल में आयोजित की जाएगी, जिसकी तारीख दोनों देशों की सहमति से तय की जाएगी। यह बैठक भारत-नेपाल के बीच बढ़ते कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग का संकेत देती है।

# जिले का कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए : जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। ओयल देहात स्थित गो आश्रय स्थल पर उन्होंने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और टीकाकरण टीम को वैक्सीन बॉक्स वितरित किए इस मौके पर डीएम व सीडीओ ने खुद टीकाकरण की शुरुआत कराई और अपने समक्ष संरक्षित गोवंशों को टीका लगवाया। इसके बाद उन्होंने गोवंशों को हरा चारा, चना और गुड़ खिलाया। डीएम ने आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए सफाई, चारे की उपलब्धता और चिकित्सा व्यवस्था की भी पड़ताल की। साथ ही छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का




रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम ने सीवीओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले का कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। अभियान की नियमित व सघन मॉनिटरिंग की जाए, ताकि लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित हो सके डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम केवल एक टीकाकरण मुहिम नहीं, बल्कि गोवंशों के स्वास्थ्य, किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुरक्षा से जुड़ी बड़ी पहल है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर आश्रय स्थल पर समय से टीकाकरण हो, चारे-पानी की कोई कमी न हो और गोवंशों को मानवीय संवेदना के साथ देखा जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हर गोवंश तक टीकाकरण पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। आश्रय स्थलों की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी सीवीओ डॉ. दिनेश कुमार सचान ने बताया कि इस चरण में 10 लाख 43 हजार 972 गोवंशों का टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टीकाकरण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी ब्लॉकों पर टीमें गठित की गई हैं, जो डोर-टू-डोर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। अभियान में 15 सचल वाहनों के साथ-साथ 15 एंबुलेंस की भी तैनाती की गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), डिप्टी सीवीओ डॉ हनी सक्सेना, डॉ अरविंद मोहन वर्मा, पशु चिकित्सक डॉ राकेश, डॉ सौरभ सिंगाही, डॉ अनिरुद्ध मौजूद रहे।

## रेलवे फाटक को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए एक युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में ईदगाह रेलवे फाटक को पार करते समय मंगलवार की रात गोरखपुर एक्सप्रेस की चपेट में आए एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना फूलबेहड़ के गांव रघुनाथपुरवा निवासी पदुम शर्मा ने बताया कि उनका भाई मंगलवार को वह अपने भाई अनूप शर्मा के साथ बाइक से भैंसें खरीदने थाना खीरी के गांव घोसियाना गए थे शाम करीब साढ़े सात बजे घर के लिए जा रहे थे। ईदगाह पर बना हुआ रेलवे फाटक बंद था। वह बाइक पर बैठे रहे, जबकि भाई अनूप शर्मा पैदल रेलवे फाटक क्रॉस करने लगा। इसी बीच ट्रेन आ गई। ट्रेन की टक्कर से उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

## शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है बच्चों की संकल्पशक्ति पूरे समाज को प्रेरित करती है : दुर्गा शक्ति नागपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शब्दों से परे, जज्बातों की एक खास भाषा होती है। कुछ ऐसा ही नज़ारा बुधवार को शहर में देखने को मिला जब आदर्श मूकबधिर विद्यालय के बच्चों ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरुआत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर की और बच्चों के साथ कुछ कदम पैदल चलकर उनका हौसला भी बढ़ाया।डीएम ने बच्चों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इन विशेष बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, और इन बच्चों की संकल्पशक्ति पूरे समाज को प्रेरित करती है।इस दौरान डीएम ने बच्चों को न सिर्फ स्नेहपूर्वक दुलार किया, बल्कि इशारों में संवाद कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विद्यालय परिसर में विसर्जित हुई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग



में लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मूकबधिर बच्चे हाथों में जागरूकता संदेश वाले पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था शिक्षा सबका अधिकार है, हम भी पढ़ेंगे, आगे बढ़ेंगे।इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तोलानी, प्रधानाचार्य रामदुलारे वर्मा और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद कर किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधि0 के अभियोग में वांछित अभियुक्त मुख्तार उर्फ ताडी पुत्र मोबीन को 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद कर बड़ी नहर के पास ग्राम ऊचागांव के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0सं0 212/24 अ0सं0 1344/11 में वारण्टी अभियुक्त फुरकान पुत्र सलीम निवासी ग्राम भीराघासी थाना खीरी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक पर लगाए गंभीर आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) न्यायिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वह एडीएम कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात करने गए थे आरोप है कि नशे की हालत में बैठे एडीएम न्यायिक अनिल कुमार ने अभद्रता की। जेल भेजने की धमकी देते हुए कार्यालय से भगा दिया। उन्होंने एडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। कार्रवाई न होने की स्थिति में विधानसभा के सामने आत्मदाह पर विचार की बात कही है राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि वह दोपहर करीब 1:30 बजे साथी मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी सोशल मीडिया सेल के साथ एडीएम न्यायिक अनिल कुमार के कार्यालय पहुंचे तो एडीएम भड़क गए। जब मैंने विरोध किया और कहा कि आप बहुत बड़े पद पर बैठे है। इस पर वह और आगबबूला हो गए आरोप है कि एडीएम ने कहा कि ऑफिस से भाग जाओ, वरना तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई होगी। सुरक्षाकर्मियों को बुलाकर ऑफिस से बाहर निकालने को कहा शर्मा ने कहा कि देश के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, 14 करोड़ किसानों, युवा अधिवक्ता, अति पिछड़े और अति दलित अलग थलग हैं। उनके उत्थान के लिए कार्य करता हूं। लेकिन नशे में धुत एडीएम लगातार अभद्रता करते रहे। एडीएम के साथ जिला चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी संजय आनंद भी थे। हालांकि एडीएम न्यायिक अनिल कुमार ने शर्मा के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। एडीएम ने कहा कि मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यालय आए थे। उनके साथ कोई अभद्रता नहीं की गई है। सारे आरोप मनगढ़ंत हैं।

## कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सात कांवड़िये झुलसे

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के परौरी गांव से गोला जा रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई ट्रॉली से करंट उतरने से सात कांवड़िये झुलस गए। इनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने पीड़ित कांवड़ियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परौरी निवासी कुछ ग्रामीण मंगलवार को कांवड़ लेकर गोला के लिए रवाना हुए थे। वह लालपुर चौराहे के आगे पहुंचे ही थे, तभी उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। ट्रॉली पर बैठे और उसे पकड़ कर चल रहे सात कांवड़िये करंट लगने से झुलस गए पीड़ित में शिवम (16) पुत्र महेश, विकास (13) पुत्र मल्लू, रवि पुत्र सत्यवान, सुमित पुत्र रमेश निवासी निघासन, गोविंद (7) पुत्र अनिल ग्राम कोष्टवा, विनय (15) पुत्र लेखराम, पवन (18) पुत्र बहादुर शामिल हैं। पवन की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही सीओ सिटी सदर कोतवाल मौके पर पहुंचे और झुलसे कांवड़ियों का हाल-चाल जाना सिंगाही में पतरासी और शारदानगर के बीच मंगलवार को दो ट्रॉलियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें छोटी काशी से जलाभिषेक कर लौट रहे दो कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे में सिंगाही निवासी मोहन कश्यप का एक पैर कटकर अलग हो गया नीरज कश्यप के पैर की हड्डी टूट गई। साथी कांवड़ियों ने मोहन के कटे पैर पर कपड़ा बांधकर खून रोकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची शारदानगर पुलिस ने घायलों को तत्काल ओयल सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मोहन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## नाबालिग के साथ कुकर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने नाबालिग के साथ कुकर्म के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन बाल अपचारियों को भी हिरासत मे लिया गया। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी सतेन्द्र नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 20 जुलाई को वादी सेवादास पुत्र नेपाल सिह निवासी मौ. इकराम कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर आरोपी अजय व विजय पुत्रगण नसीब निवासीगण मौहल्ला इकराम थाना व कस्बा रामपुर मनिहारान व 05 अन्य के खिलाफ वादी के नाबालिग पुत्र के साथ कुकर्म करने के सम्बन्ध में थाना रामपुर मनिहारान पर धारा 3ए/4 पोक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## जलपान में परोसा जाए स्वदेशी नाश्ता: महापौर

### महापौर ने लिखा मंडलायुक्त व नगरायुक्त को पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों एवं विभागीय बैठकों में जलपान के रुप में अब स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री परोसी जायेगी। इस सम्बंध में महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त को पत्र लिखा है। महापौर ने मंडलायुक्त को भी इस सम्बंध में पत्र लिखकर मंडल के तीनों जिलों में इसे क्रियान्वित कराने का सुझाव दिया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि प्रायः यह देखा गया है कि निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों व विभागीय बैठकों में जलपान के दौरान जो खाद्य सामग्री परोसी जाती है अधिकांशतः वह स्वदेशी नहीं होती। श्रेयस्कर होगा यदि डूडा द्वारा पोषित व संरक्षित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गए उत्पाद बिस्कुट, मिष्ठान व चिप्स आदि देसी नाश्ता उक्त बैठकों व कार्यक्रमों में परोसा जाएं। इससे न केवल स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि वे आर्थिक रुप से भी समृद्ध व सक्षम बनेंगे। महापौर ने कहा है कि इस कदम से जहां सरकार की स्वयं सहायता समूह गठन की योजना को बल मिलेगा वहीं स्वदेशी अपनाने के राष्ट्रीय आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में भी हम अपना आंशिक योगदान दे रहे होंगे। महापौर ने इस संदर्भ में मंडलायुक्त को भी पत्र लिखकर मंडल के तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देशित करने का सुझाव दिया है, ताकि स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक व सामाजिक विकास में प्रशासन सहायक बन सकें।



## शिविर में 303 रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सहारनपुर।** हैल्पिंग हैंड इमरजेंसी संस्था द्वारा आयोजित 100वें रक्तदान शिविर में 303 रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया। स्थानीय मंडी समिति रोड स्थित एक पैलेस में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया था, ताकि इस बीमारी से पीड़ित बच्चों को रक्त की कमी न हो सकें। शिविर में फार्मासिस्ट वॉयस इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अमर हक राणा ने बताया कि थैलेसीमिया एक ऐसी बीमारी है जिसमें बच्चों को हर 10 से 15 दिन में एक यूनिट ब्लड लगता है और मासूम बच्चों को रक्त की कमी नहीं पड़नी चाहिए। इसीलिए उन्होंने भी रक्तदान किया है। उन्होंने संस्था पदाधिकारियों एवं रक्तदान कर रहे लोगों के इस कार्य की सराहना की। इस दौरान पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पार्षद मंसूर बदर, मुदस्सिर, नदीम, मुजाहिद, नदीम, शिक्षक नेता वजाहत अली खान, साजिद खान, अफ्जल खान,

अरफात खान, फैसल बंजारा, मोईन रहमान, मोहसिन खान, सलीम खान, निजाम मलिक, नवाब मलिक, तसलीम, पठान, शारुख कुरैशी, आतिफ खान, सहजाद आलम, अनवर साबरी, डॉ.असजद अली. डॉ.शावेज डॉ.शकील, डॉ.फैजान, डा.नदीम अकबर मौजूद रहे।

## पुष्प वर्षा व कोल्ड्रिंक वितरित कर किया जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति, राजऋषि पर्यावरण समिति, प्रेरणा क्षेत्र स्तरीय समिति, अनमोल सामाजिक सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने नीलकंठ महादेव सेवा शिविर में पहुंचकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा व कोल्ड्रिंक वितरित कर जोरदार स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि नीलकंठ महादेव सेवा शिविर के तत्वावधान में देहरादून रोड स्थित जेल चुंगी पर विशाल कांवड सेवा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गन्तव्य जा रहे शिव भक्त कांवड़ियों के ठहरने, भोजन आदि की व्यवस्था की गयी है। जिसमें शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। इसी कड़ी में नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति, राजऋषि पर्यावरण समिति, प्रेरणा



क्षेत्र स्तरीय समिति, अनमोल सामाजिक सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने जेल चुंगी पहुंचकर शिव भक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा व कोल्ड्रिंक कर अनूठे तरीके से उनका स्वागत किया। इस दौरान शिव भक्त कांवड़ियों द्वारा लगाये जा रहे बम बम भोले के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय होता दिखायी दिया। इस दौरान राजऋषि पर्यावरण समिति की संस्थापक श्रीमती सुषमा बजाज व नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करने से भगवान शिव भी प्रसन्न होते है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में प्रत्येक मानव को भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए, क्योकि भगवान शिव की आराधना करने से भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते है। इस दौरान मुख्य रूप से एमपी आनंद, उद्योगपति सुषमा बजाज, प्रेरणा क्षेत्र स्तरीय समिति की अध्यक्ष पूनम यादव, लिटिल एंजेल स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष मंगल, अर्चना सिंह, अमित खुल्लर समेत भारी संख्या में संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

उधर, ओउम शिव कांवड़ सेवा शिविर में भी नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल को समाज सेवा के उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अंग वस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की गई सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा के विशेष प्रबंधों की भी सराहना की। उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सहारनपुर शहर गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक है, जहां सभी लोग आपसी भाईचारे व प्यार के साथ रहते है।

## ब्राहमण महासभा ने मनायी चन्द्र शेखर व गंगाधर का जन्मोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में पंडित चंद्र शेखर तिवारी बालगंगा धर तिलक का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए ब्राहमण समाज से एक जुट होने का आह्वान किया।

मिशन कम्पाउंड स्थित ब्रज ब्राह्मण इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि हम सबको पंडित चंद्र शेखर तिवारी के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शांडिल्य व राष्ट्रीय प्रभारी प.अंकित शर्मा ने कहा कि आज युवाओं को आवश्यकता है कि वीर पराक्रमी देश भक्त के बलिदानों को अपना आदर्श मानकर सत्य और संघर्ष के रास्ते पर चलकर कर समाज और देश का उत्थान करें। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज और देश को एक से एक वीर पराक्रमी देने का कार्य किया है और सदैव धर्म और संस्कृति का प्रचार-प्रसार भी किया है। उन्होंने सभी से एक जुट होने का आह्वान किया। सदैव ब्राह्मण समाज सभी के लिए करते आया

इस अवसर पर पंडित विजय शर्मा, नकली राम शर्मा, डॉ श्रीकांत शर्मा, श्रीचंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, सोनू शर्मा, दीपक शर्मा, गिरीश शर्मा, अशोक मुद्गल, राकेश शर्मा, सर्वजीत शर्मा, राम कुमार शर्मा, नितिन भरद्वाज, पार्षद गौरव कपिल, श्वेतांक त्यागी, आलोक मिश्रा, अजय कपिल, बाल कृष्ण शर्मा, राजीव शर्मा, पंकज शर्मा, बृजेश शर्मा, अक्षय मित्र, प्रशांत शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एसपी शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, जय किशन शर्मा, अक्षय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निगम की कान्हा गौशाला में पायी गयी सब व्यवस्थाएं दुरुस्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेरठ गौशाला में गौवंश की दुर्दशा से सजग हुई प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का शासन द्वारा प्रदत्त प्रारुप के अनुसार 18 बिंदुओं पर निरीक्षण किया। अपर नगरायुक्त ने गौशाला/नंदीशाला की सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त देखकर संतोष व्यक्त किया और इस सम्बंध में गौशाला प्रभारी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया है। अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव आज दोपहर नवादा रोड स्थित श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने अपर नगरायुक्त को बताया कि गौशाला व नंदीशाला में 588 गौवंश का रख रखाव किया जा रहा है। उनके भरण पोषण के लिए फिलहाल गौशाला में 641 कुंतल भूसा, 67.60 कुंतल हरा चारा, 840 कि.ग्रा चूनी चोकर तथा शुद्ध पेयजल के लिए तीन सबमर्सिबल पम्प और बारिश व सर्दी-गरमी से गौवंश के बचाव के लिए 10 टीन शेड बनाये गए हैं। उन्होंने गौशाला में उक्त सब व्यवस्थाएं और उनका रिकॉर्ड दुरुस्त पाया।

बताया गया कि गौवंश की देखभाल के लिए दोनों शिफ्ट में कुल 37 श्रमिक नियुक्त है तथा डॉ. के के नागर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रदीप कुमार और वेटेनरी सहायक अंकित कुमार द्वारा नियमित उपचार व परीक्षण किया जा रहा है। शत प्रतिशत ईयर टैगिंग व टीकाकरण किया जा चुका है। अपर नगरायुक्त ने बीमार चार गौवंश और उनके उपचार के सम्बंध में भी जानकारी ली और रिकॉर्ड की जांच की। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बायोगैस, वर्मीकम्पोस्ट, गौमय प्राकृतिक पेंट, गोनाईल व अन्य गौ-उत्पाद दीये, मूर्तियां, कलाकृतियां, राखी, ओम, स्वास्तिक, तिरंगा चौस्ट बैज, धूपबत्ती, हवन कप, आदि के माध्यम से अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्था है। अपर नगरायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे क्रियाशील पाये। जल निकासी की उचित व्यवस्था तथा जलभराव की कोई स्थिति नहीं पायी गयी।

## न्यायालय ने बलात्कार के झूठे मामले में वादिया व उसके सहयोगी को माना दोषी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सीजेएम न्यायालय ने विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के चार पदाधिकारियों के खिलाफ बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले में आरोप लगाने वाली महिला व ओमपाल पांचाल समेत उसके दो सहयोगियों को दोषी करार देते हुए आगामी 17 अगस्त को न्यायालय में तलब किया। ज्ञात रहे कि थाना तीतरो क्षेत्रान्तर्गत गांव धानवा निवासी महिला बस्सो के प्रार्थना पत्र पर सन् 2020 में न्यायालय के आदेश पर थाना सदर बाजार में विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के चार पदाधिकारियों के खिलाफ धारा 328, 376 डी, 354,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें विवेचक द्वारा न्यायालय में अपनी फाइनल रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें बलात्कार के आरोप बेबुनियाद साबित हो गयें थे। विवेचना में पाया था कि विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के अध्यक्ष प्रकाशचंद द्वारा ओमपाल पांचाल व उसके साथीयो के खिलाफ कराये गये मामले में दबाव बनाने के लिये ही मुकदमा कराया गया था, जिसके चलते विवेचक ने आरोप लगाने वाली महिला बस्सो व उसके पति इरफान उर्फ फाना व उनके सहयोगी ओमपाल पांचाल विश्वकर्मा के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर के न्यायालय में धारा 182 आई पी.सी. के तहत वाद दायर किया था, जिसमे विद्वान न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के प्रश्चात बलात्कार का झूठा मामला दर्ज कराने के आरोप में महिला बस्सो, उसके पति इरफान उर्फ फाना व ओमपाल पांचाल विश्वकर्मा को दोषी मानते हुए व विवेचक द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए धारा 182 आई.पी.सी. का सम्मन जारी करते हुए आगामी 17 अगस्त को न्यायालय में तलब किया है, उधर विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के पदाधिकारियों ने न्यायालय के इस फैसलें को सत्य की जीत बताया है तथा समाज में खुशी की लहर है।

## आस्था व श्रद्धा के साथ किया भगवान शिव का जलाभिषेक

### जलाभिषेक के दौरान पुलिस ने किया सुरक्षा व्यवस्था का विशेष इंतजाम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पवित्र श्रावण मास की शिव चतुर्दशी को आज शिव भक्त कांवड़ियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। श्रावण मास की शिव चतुर्दशी पर जलाभिषेक को लेकर कांवड़ियों व श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार दिखायी दिया। मंदिरों में सुबह सवेरे ही लम्बी-लम्बी लाइने लगनी शुरू हो गयी थी। महानगर की प्रमुख सिद्धपीठ श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर गंगाजल, बेलपत्र चढ़ाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके अलावा श्री बागेश्वर महादेव मंदिर, श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, शंकलापुरी स्थित शंकलेश्वर महादेव मंदिर, श्री आशेश्वर महादेव मंदिर, श्री पाठेश्वर महादेव मंदिर, राधा बिहार स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, पुल खुमरान स्थित रामेश्वर मंदिर, गिल कॉलोनी स्थित श्री नारायण मंदिर, आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर, नवीन नगर



स्थित शिव मंदिर, शिव विहार स्थित शिव मंदिर, मक्खन कालोनी स्थित शिव मंदिर, खलासी लाइन स्थित गोपाल मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ जलाभिषेक किया। मंदिरों के आसपास एक ओर जहां नगर निगम द्वारा सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराया गया था, वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक चौबन्द व्यवस्था की गयी थी। उधर, देर शाम तक शिव भक्त कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गन्तव्य को जाते दिखायी दिये जबकि शिव चतुर्दशी होने के बावजूद अनेक डाक कांवड़ियें हरिद्वार की ओर कूच करते हुए दिखायी दिये। इस दौरान मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी सहित जनपद में तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कांवड़ यात्रा मार्गो पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे तथा डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को समुचित दिशा निर्देश भी दिये गये।

# यूपी पुलिस की महिला रिक्रूट्स से अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले पीटीआई निलंबित

- महिला रिक्रूट्स गरिमा, निजता और कल्याण यूपी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता
- 26वीं वाहिनी पीएसी में रिक्रूट महिला आरक्षियों की समस्याओं का लिया गया त्वरित संज्ञान
- महिला आरक्षियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण, सुविधाएं एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रमुख प्रतिबद्धता : एडीजी

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में रिक्रूट महिला आरक्षियों द्वारा व्यक्त की गई समस्याओं का वरिष्ठ अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लिया है। इस संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक (पीएसी) ने स्थानीय अधिकारियों से संवाद करने के बाद कहा कि तकनीकी कारणों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण अस्थायी रूप से जलापूर्ति प्रभावित हुई थी। संबंधित समस्या का त्वरित समाधान कर दिया गया। एडीजी पीएसी के अनुसार बाथरूम में कैमरा लगाने की बात निराधार और तथ्यहीन है। महिला रिक्रूट्स के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले पीटीआई को निलंबित कर दिया गया है।

इस संबंध में एडीजी पीएसी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी गई है। इस पोस्ट में यह भी कहा गया है, 'उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए महिला आरक्षियों की गरिमा, निजता और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्हें उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण, सुविधाएं एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना विभाग की प्रमुख प्रतिबद्धता है। साथ ही अनुशासनहीनता एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।'

उल्लेखनीय है कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार ने न केवल रिकार्ड पुलिस भर्ती की है बल्कि पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए अनेक कार्य किए हैं। पूर्व की सरकारों में जहां प्रशिक्षु और रिजर्व में रहने वाले पुलिसकर्मियों को टेंट के बैरक में रहने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं इस सरकार में वे पक्के भवनों में सभी जरूरी सुविधाओं के साथ रहते हैं।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में पिछले आठ सालों में यूपी पुलिस में 2.16 लाख भर्ती हुई है। इसमें हालिया हुई 60 हजार से अधिक की भर्ती भी शामिल है। पुलिस भर्ती में योगी सरकार ने बेटियों को विशेष प्राथमिकता दी है। आंकड़े इसे प्रमाणित करते हैं। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ 10 हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी जबकि योगी सरकार आने के बाद यह संख्या बढ़कर 40 हजार हो चुकी है। हाल में भर्ती के बाद प्रशिक्षण लेने वाले रिक्रूट्स में 12 हजार से अधिक की संख्या बेटियों की है।

पुलिस रिक्रूट्स को बेहतरीन माहौल में कानून और अनुशासन की ट्रेनिंग दी जा रही है। गोरखपुर में पुलिस लाइन, पीएसी और पीटीएस में स्थित आरटीसी में महिला रिक्रूट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें कानूनी पाठ के साथ ही सेवा भावना, संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता की जानकारी दी जा रही है। ट्रेनिंग सेंटर में रिक्रूट्स के लिए सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रिक्रूट्स के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद और मनोरंजन की भी व्यवस्था है। प्रशिक्षण केंद्र में सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। गोरखपुर में जिन महिला पुलिस रिक्रूट्स को ट्रेनिंग दी जा रही है उनमें से 600 के प्रशिक्षण की व्यवस्था 26वीं वाहिनी पीएसी में नवनिर्मित 11 मंजिला बैरक टॉवर में की गई है। यह टॉवर लिफ्ट, टॉयलेट, डायनिंग हाल, लॉबी किचन, रिक्रिएशन हाल आदि से युक्त है।

## प्रत्येक कार्यकर्ता बदलाव की ताकत : के के यादव

**अम्बेडकरनगर।** हर चेहरा उम्मीद है,हर हाथ संघर्ष की ताकत है हर कार्यकर्ता बदलाव की ताकत है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा जब सच्चे समर्पण से कार्यकर्ता संगठन से जुड़ता है तब सत्ता की दीवारें भी हिलती है।

पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल,जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, डॉ सतीश चंद्र प्रजापति, उदयभान मिश्र राजबहादुर,कुलदीप उपाध्याय ने कहा हम सभी क़दम कदम से मिलाकर चलेंगे,हर बूथ पर परचम लहरायेंगे, कांग्रेस सिर्फ पार्टी नही यह विचारधारा, संघर्ष और सेवा की परम्परा है।

सै ऐतबार हुसैन अककन ,सुखीलाल वर्मा,अबू सहमा, साधना नायक, अनुपम अमरनाथ यादव मो जियाउद्दीन अंसारी,नंद कुमार गुप्ता दद्दू, मूलचंद जायसवाल, राजेश प्रजापति, असगर, सुरेन्द्र प्रताप यादव, विकलांग प्रकोष्ठ के मण्डल अध्यक्ष राजेश वर्मा, अशोक सत्यार्थी, राजीव गुप्ता ने कहा संगठन को मजबूत बनाना ही हम सबकी सबसे बडी जिम्मेदारी है।

## बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी धरोहर है : इलियास मंसूरी

**जया उल्लाह खान संवाददाता**

- जीवन में कई बार राजनैतिक आंदोलनों में जेल जाना पड़ा

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार जिला संगठन द्वारा पुराने समाजवादियों को सम्मानित करने का सिलसिला लगातार जारी है।

इसी क्रम में जिला सचिव/स.मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद राधेश्याम सविता ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आज समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के जिला महासचिव समाजवादी साथियों के साथ पार्टी संस्थापक सदस्य, प्रथम जिला कार्यकारिणी में सचिव से शुरु हुई राजनैतिक यात्रा जेल विजिटर और सभासद के रूप में समजिक दायित्वों का निर्वहन करने बाले श्री मोहम्मद हसीन खान के घर पहुँचे, उन्हें माल्यार्पण एंव शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

पुराने राजनैतिक खिलाड़ी मोहम्मद हसीन खान ने चर्चा के दौरान बताया कि राजनीति में संघर्ष और जनसेवा ही एक मात्र विकल्प है सफलता का। उन्होंने बताया कि संघर्ष के क्रम में जीवन में कई बार राजनैतिक आंदोलनों में जेल जाना पड़ा, लेकिन सरकार बनने पर फिर नेताजी ने उसी जेल का विजिटर बना दिया, ये था सम्मान। जो पार्टी, जो नेता, जो संगठन अपने कार्यकर्ताओं और संघर्ष के साथियों को सम्मान देता है, सामाजिक रूप से नैतिकता में कोई नहीं हरा सकता। पीडीए परिवार अब जाग्रत हो चुका अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में 2027 में बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने हसीन खान से अनुरोध किया कि पार्टी आपसे मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझावों की अपेक्षा रखती है। मोहम्मद हसीन खान ने महासचिव को भरोसा दिया कि हम जैसे भी हैं जिस लायक हैं जीवन के अंतिम दिन तक पार्टी के हैं। वार्ता के दौरान श्री अफजाल अहमद फारुकी प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा, श्री चांद मोहम्मद खान जिला उपाध्यक्ष /पूर्व महानगर अध्यक्ष, श्री बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अव्यवस्था के कारण कावड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

**महेश वर्मा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गंगा तट पर लगे ढाई घाट मेले में ठेकेदार की मनमानी चल रही है। यहां पर हर जगह अ व्यवस्था फैली हुई है। रास्ता नहीं बनाया गया है। वही गंगा तट पर लाइट काफी दूर-दूर लगाई गई है।

इससे रात में आने वाले कांवड़ियों को परेशानी होती हैह्न गंगा के अंदर की गई बेरी कैटरिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई है द्य इससे गंगा नहाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खतरा बना हुआ है द्ध गंगा तट पर लगे मेले में व्यवस्था के लिए शाहजहांपुर जिला पंचायत की ओर से ठेका उठाया गया है। ठेकेदार ने न तो रास्ता सही ढंग से बनाया है और ना ही बिजली की व्यवस्था की है। बिजली की लाइट काफी दूर-दूर लगा दी गई है। जिससे पर्याप्त रोशनी नहीं मिल रही है द्य गंगा में की गई बेरी कटिंग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। उसे सही नहीं कराया जा रहा है। इससे लोग स्नान करते हुए गहरे जल में पहुंच जाते हैं। ऐसे में अनहोनी की घटना की आशंका बनी रहती है। कांवड़ियों के रुकने के लिए भी कोई जगह नहीं है।

## एसडीएम व पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में 115 आवासों का हुआ वितरण

**उरई (जालौन)।** उपजिलाधिकारी अतुल कुमार एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में काशीराम आवासीय कॉलोनी के 115 आवेदकों को लॉटरी सिस्टम से आवासों का वितरण किया गया। आवास पाने वाले आवंटियों में खुशी की लहर दिखाई दी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नगर पालिका परिषद कालपी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने कहा कि शासन के द्वारा जरूरतमंदों के हितों के लिए तमाम प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है। उन्होंने पात्र आवंटियों से आव्हान किया कि परिवार समेत रहकर स्वच्छता का ध्यान रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि प्रत्येक गरीब व्यक्ति को रहने के लिये आशियाना मिले।

## अपर जिला जज ने किया कारागार का भ्रमण



**उरई (जालौन)।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारुल पँवार ने जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पँवार ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जायेगी।

# योगी सरकार के लिए शीर्ष पर है महिलाओं की सुरक्षा

- 2017 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सुरक्षा के लिए निरंतर किए जा रहे अनेक कार्य
- हर जनपद में एंटी रोमियो स्कवायड का किया गया गठन, महिला सुरक्षा के लिए चल रहे अनेक अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** महिला सुरक्षा योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। 2017 में सरकार बनने के बाद से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सुरक्षा को लेकर अनेक कदम उठाए। हर जनपद में एंटी रोमियो स्कवायड के गठन से लेकर महिला थाने के अलावा एक अन्य थाने में महिला थानाध्यक्ष की तैनाती की गई। महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर हुई कार्रवाई योगी सरकार में नजीर बनी।



2 लाख 20 हजार 450 पदों पर पुलिस कर्मियों की भर्ती हुई। इसमें 27,178 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों को नियुक्त करते हुए 10,378 से अधिक महिला बीटों का आवंटन। यूपी में महिला पीएसी बटालियन का नाम रानी अवंतीबाई लोधी, ऊदा देवी और झलकारीबाई के नाम रखा गया। ये बटालियन बदायूं, लखनऊ और गोरखपुर में स्थापित हैं। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 5.0, ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डिस्ट्रॉय, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन ईगल, ऑपरेशन रक्षा इत्यादि सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं।

### महिला सुरक्षा को लेकर सरकार ने उठाए अनेक कदम

महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने अनेक कदम उठाए। सरकार के ानिर्देशन में 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श बने। वीमेन पावर लाइन 1090, जीआरपी, फायर सर्विस, महिला हेल्प लाइन 181 सेवा का एकीकरण हुआ। प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया।

### महिला व बाल अपराध निस्तारण में यूपी शीर्ष पर

महिला सुरक्षा को लेकर सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि महिला एवं बाल अपराध संबंधी अभियोगों के निस्तारण में प्रदेश देश में शीर्ष पर है। महिलाओं के विरुद्ध हुए अपराधों में 27,425 अभियोगों, पॉस्को अधिनियम के 11,254 एवं दहेज हत्या के 3,775 अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलायी गयी।

महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत 346 महिला पीआरवी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा के अन्तर्गत रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक किसी निर्जन / सुनसान स्थान से किसी महिला द्वारा कॉल किये जाने पर पीआरवी द्वारा एस्कॉर्ट कर हजारों महिलाओं को गंतव्य तक पहुंचाने की सुविधा प्रदान की गयी। व्यवहार कुशलता व तकनीकी कौशल वृद्धि के उद्देश्य से 2,15,498 (पीआरवी कर्मियों, संवाद अधिकारी व अन्य) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश के 17 नगर निगमों तथा जनपद गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना के क्रियान्वयन के अन्तर्गत महिलाओं के साथ बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों को भी सम्मिलित करते हुए उन्हें सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने की कार्रवाई निरंतर हो रही है। सेफ सिटी परियोजना के तहत महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन, कंट्रोल रूम के माध्यम से मानीटरिंग की जा रही है। 1090 का यूपी-112 से इंटीग्रेशन। 1090 कॉलसेंटर में 80 नए टर्मिनलों की स्थापना, डेटा एनालिटिक्स सेंटर और साइबर सेल सुविधा की व्यवस्था। 100 पिंक पुलिस बूथों का निर्माण हुआ। आशा ज्योति केन्द्र प्रोजेक्ट के अन्तर्गत रेसक्यू वैन, एडमिनिस्ट्रेटिव वाहन व अन्य उपकरणों की व्यवस्था की गई है। यूपी कॉप ऐप को सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विकसित किया गया है। ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने सहित 27 प्रकार की सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रहरी बीट पुलिसिंग ऐप तैयार कर सीसीटीएनएस से इंटीग्रेट किया गया है।

## समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** किसानों के लिए खाद, पानी और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव विष्णु चतुर्वेदी के नेतृत्व में दयाशंकर कश्यप, गोल्डी अवस्थी, रामबाबू जाटव आदि ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि इस समय खरीफ की फसल का मौसम चल रहा है। किसानों को फसल के लिए यूरिया की आवश्यकता है। लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर खाद की कालाबाजारी कर उसे मंहगे दामों पर बेचा जा रहा है। जबकि सरकार ने चुनाव के समय किसान हितैषी होने का दावा किया था। बताया कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है। किसान खेतों में सिंचाई तक नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे हालातों में किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सरकार किसान हितैषी होने का दिखावा तो करती है लेकिन उनके हित में कार्य नहीं कर रही है।

## सड़क पर जीवन यापन करने वाले बस्फोड़ को नवाब फारूख अशरफ ने दिया राशन किट

- गरीब मजलूमों के आंखों के तारा है नवाब फारूख अशरफ

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सड़क के किनारे जीवन यापन करने वाले बस्फोड समाज आज भी सड़क पर रह कर अपना जीवन यापन कर रहा है रोज कमाना और रोज खाना अगर किसी दिन काम नहीं मिला तो भूखे पेट भी सोना पड़ता है। ऐसे लोगों की सुधि लेने वाले वरिष्ठ समाजसेवी नवाब फारूख अशरफ लगातार गरीब बेसहारा मजलूमों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं है, जब उनकी गाड़ी रूकती है तो लोग समझ जाते हैं कि नवाब साहब आए हैं तो जरूर कुछ लाए होंगे ,अब तो लोग नवाब साहब की गाड़ी का नंबर भी याद हो गया है।

गोरखपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में गरीब मजलूमों को राशन किट वितरित करते हुए जब नवाब साहब की गाड़ी सड़क पर रहकर अपना जीवन गुजारा करने वाले बसफोड़ के सामने रुकी थी तो लोग दौड़ पड़े सभी को बारी-बारी से राशन किट उपलब्ध कराया गया किसी ने बीमारी बताकर आर्थिक मदद मांगी तो उसे भी नवाब साहब ने मदद करने में गुरेज नहीं किया महंगाई की इस दौर में पेट भरना तो मुश्किल है अगर आदमी बीमार पड़ जाए और इलाज के लिए उसके पास पैसे ना हो तो इंसान वैसे ही दम तोड़ देता है। महंगाई के दौर में समाज में ऐसे लोग भी मौजूद हैं जो गरीब बेसहारा की मदद करते हैं उनका एक मकसद है कि इंसानियत को जिंदा रखना है आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देना है क्योंकि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता है।



हम सभी लोग अपने धर्म मजहब के हिसाब से पूजा इबादत करते हैं लेकिन ऊपर वाला इंसान को धरती पर भेजा है तो उसे जरुर मदद करनी चाहिए वह मदद ?1 से लेकर ?100000 तक की हो सकती है लेकिन यह कभी मत सोचिए कि आप ?1 की मदद कर रहे हैं हो सकता है इस एक-एक रुपए से उसका ?100 इकट्ठा हो जाए और उसके परिवार का चूल्हा जल सके और उसके बच्चे भूखे पेट ना सो सके। इसलिए मदद जरूर करें अब मदद करते वक्त यह ना देखें कि वह किस धर्म मजहब का है।

## करंट की चपेट मे आने से युवक की दर्दनाक मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर अंतर्गत ग्राम शाहपुर निवासी अजय पाल की बुधवार की सुबह करंट की चपेट लगने से दर्दनाक मौत हो गई बताया जाता है कि अजय पाल निवासी ताहापुर सुबह जानवरों को पानी पिलाने हेतु टुल्लू पंप पर गया था इस बीच शॉर्ट सर्किट होने के कारण बिजली का तार उसके बाएं हाथ पर गिर गया और उसके घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि 26 जुलाई को परिवार वाले उसकी बेटी का जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहे थे इसी बीच शॉर्ट सर्किट की घटना से उसकी मौत हो गई मौत की खबर सुनकर ग्राम प्रधान राजित राम राजेंद्र शर्मा आदि लोग मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना थाना अध्यक्ष मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य को दिया स्वतंत्र कुमार मौर्य ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## देर से आ रही शिक्षिका को प्रधानाध्यापिका ने लगाई फटकार तो पति के साथ मिलकर पीटा

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के देईपार परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात आभा पांडेय पत्नी शिव प्रकाश मिश्रा को प्रतिदिन देर से आ रही शिक्षिका को फटकार लगाना महंगा पड़ गया। उन्हें शिक्षिका ने अपने पति के साथ मिलकर बच्चों के सामने पिटाई कर दिया। और जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल तोड़ दिए। पीड़िता ने आरोपी शिक्षिका और उसके पति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई करने की मांग किया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के देईपार परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद तैनात आभा पांडेय ने आरोप लगाया कि स्कूल में तैनात एक शिक्षिका प्रतिदिन देर से स्कूल आती है। जिसको लेकर 22 जुलाई को उसने फटकार लगाई तो वह अपने पति को स्कूल में बुला लिया। और प्रधानाध्यापिका को दंपत्ति मिलकर गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। इस दौरान प्रधानायापिका के मोबाइल को दबंग शिक्षिका और उसके पति ने तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित प्रधानाध्यापिका ने दंपत्ति के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराब देने से मना करने पर मनबढ़ो ने मुनीब को पीटा

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर मॉडलशॉप पर तैनात मुनीब द्वारा देर से पहुंचे मनबढ़ो को शराब न देने पर महंगा पड़ गया। मनबढ़ो ने नाराज होकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के कालेसर स्थित मॉडल शॉप पर अमित कुमार साहनी निवासी मंझरिया थाना तिवारीपुर के मुनीब है। सोमवार को रात्रि में 11 बजे वह मॉडल शॉप बंद कर खाना खा रहा था। उसी दौरान कालेसर निवासी दो मनबढ़ मॉडल शॉप पर पहुंचे और शराब मांगने लगे। मुनीब द्वारा समय समाप्त होने का हवाला देकर देने से मना कर दिया। तो आरोपी उसे गाली गुप्ता देते हुए मरना पीटना शुरू कर दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमरनाथ यादव पुत्र बैजनाथ यादव व जएस यादव पुत्र राममिलन यादव निवासी कालेसर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## रोपाई किए गए धान के खेत में मनबढ़ ने जबरन बनाया रास्ता एससी/एसटी का केस दर्ज

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामनगर सुरस में गांव के एक मनबढ़ द्वारा एक दलित के खेत में रोपाई किए गए धान में जबरन मिट्टी गिराकर रास्ता बना दिया गया। विरोध करने पर जातिसूचक गालिया देते हुए पूरे परिजन को जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के रामनगर सुरस निवासी रामसकल का सीवान के बाहर गाटा संख्या 256 है। जिसमें तीन हिस्सेदार है। और बंटवारे के लिए एसडीएम कोर्ट में वाद दाखिल है। जिसकी सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तिथि पड़ी है। पीड़ित अपने हिस्से के खेत में धान की रोपाई कराया है। मंगलवार को गांव का एक मनबढ़ जबरन मिट्टी गिरा कर रोपाई किए गए धान को नष्ट करते हुए रास्ता बना दिया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो उसे जातिसूचक गालिया देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जोखन राय पुत्र स्व कुबेरनाथ राय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढी ब्लाक मुख्यालय की चारदीवारी

**गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक मुख्यालय के पूरब दिशा में गिरी चारदीवारी का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। बताते चले कि करीब तीन सप्ताह पूर्व जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा ने ब्लाक मुख्यालय के निरीक्षण के दौरान पूरब दिशा में गिरी चारदीवारी देखकर बीडीओ को फटकार लगाते हुए उसकी मरम्मत कराने का निर्देश दिए थे। जिसे क्षेत्र पंचायत निधि से टेंडर कराकर कार्य को ठेकेदार द्वारा शुरू करा दिया था। लेकिन इसके निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।

# गौशालाओं का किया गया निरीक्षण

- नियमित हेल्थ चेकअप की व्यवस्था सुनिश्चित हो

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** नगर निगम अलीगढ़ द्वारा संचालित बरौला बाईपास स्थित नंदी गौशाला एवं आगरा रोड स्थित कान्हा गौशाला का बुधवार दोपहर महापौर प्रशांत सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ने गोसेवा करते हुए गौवंश को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौवंश के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गौशालाओं की वर्तमान व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन कर उन्हें और अधिक प्रभावी एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा। निरीक्षण के दौरान महापौर व नगर आयुक्त ने अलीगढ़ की तेजी से बढ़ती नगरीय सीमा व नवविस्तरित वार्डों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में गोवंशों की समुचित देखभाल हेतु प्रत्येक 500-500 गोवंश की क्षमता वाली 3 नई गौशालाओं के निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए। यह गौशालाएं नव विस्तारित नगर निगम की ही भूमि पर स्थापित की जाएंगी, जिससे न केवल पशुओं की देखभाल में सुधार होगा, बल्कि शहर की सड़कों पर गोवंश की अव्यवस्थित आवाजाही पर भी नियंत्रण संभव होगा।




हेल्थ रिपोर्ट रजिस्टर, वैक्सीनेशन रजिस्टर तथा शिफ्ट वाइज कर्मचारियों की तैनाती अनिवार्य हो। कमजोर एवं बीमार गोवंशों की अलग से देखभाल की प्रभावी व्यवस्था की जाए। संक्रामक रोगों के लक्षण दिखते ही तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी से समन्वय किया जाए। प्रत्येक दिन चारे की तुलाई की निगरानी कर, प्रत्येक गोवंश को संतुलित मात्रा में आहार दिया जाए।

बरौला नंदी गौशाला व आगरा रोड कान्हा गौशाला जो अब नगर निगम की आबादी के बीच आ चुकी है, को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने का भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश आयुक्त ने पशु कल्याण अधिकारी को दिए।

हमारा लक्ष्य सिर्फ गौशालाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। नवविस्तारित वार्डों में बड़ी गौशालाओं के निर्माण से सड़कों पर घूमने वाले गोवंश की समस्या में कमी आएगी।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भण्डाफोड़,1 शातिर अभियुक्त किया गिरफ्तार

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अलीगढ़ संजीव सुमन के आदेशानुसार अवैध शस्त्र बनाने/बिक्री करने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गांधीपार्क पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेन्स विंग नगर टीम की संयुक्त टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र लवकुश शर्मा निवासी ग्राम भकरी थाना विजयगढ़ जनपद अलीगढ़ हाल निवासी बाबा कालोनी थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ को रायल एवेन्यू लाज के समीप खाली पडे पुराने भट्टे से पहले बने एक खण्डहर कमरे से भारी मात्रा में अवैध तमंचे व तमंचा बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए गिरफ्तार किया गया। बरमदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 309/2025 धारा 111 बीएनएस व 5/7/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## जय बाबा वैद्यनाथ अमरदानी ग्रुप ने किया कांवर यात्रा का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** सावन माह के पवित्र अवसर पर जय बाबा वैद्यनाथ अमरदानी ग्रुप द्वारा नगर में कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के जयकारों से गूंजते वातावरण में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से ओत-प्रोत इस कांवड़ यात्रा ने नगरवासियों को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया।

यात्रा की शुरुआत नगर के बड़ी माता मंदिर परिसर से हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शंकर की आरती कर कांवरियों को विदा किया गया। यात्रा छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, तहसील रोड, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा होते हुए पेट्रोल टैंक स्थित हनुमानजी मंदिर तक पहुँची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। रास्ते मे कांवरियों का फूलों की वर्षा, शीतल जल वितरण, और फलाहार वितरण कर स्वागत किया गया। यात्रा में रामशरण तिवारी, रामकुमार स्वर्णकार, उमेश कुमार गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, मुन्ना अग्रवाल, उमेश ककइया, सुमन सोनी, वीरेंद्र गुप्ता, धीरज प्रजापति, राज सोनी, आशुतोष गुप्ता, अवध सक्सेना, भूरे यादव, कैलाश सोनी, हरी राजपूत व मोनू आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी, सांसद अवधेश प्रसाद ने गडकरी को सौंपा प्रस्ताव



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले में आवागमन को सुगम बनाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। बुधवार को अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर अपने संसदीय क्षेत्र की प्रमुख सड़कों को चौड़ीकरण और निर्माण कार्य योजना में शामिल करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव पत्र सौंपा।सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद द्वारा सौंपे गए प्रस्ताव में कुल आठ प्रमुख सड़क परियोजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अयोध्या को अन्य प्रमुख जिलों और राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर जोड़ना है।

प्रस्ताव में जिन सड़कों को निर्माण और चौड़ीकरण कार्य योजना में शामिल करने की मांग की गई है, वे इस प्रकार हैं-.

लखनऊ-फैजाबाद-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) को 6 लेन में विकसित किया जाए। 2. प्रभात नगर-शाहगंज-हैरिंग्टनगंज-अलीगंज मार्ग को रायबरेली-फैजाबाद राज्य मार्ग से जोड़ते हुए निर्माण किया जा

3.मिल्कीपुर-आमानीगंज रुदौली-भेलसर मार्ग को 4 लेन में बदला जाए। 4. मिल्कीपुर पेट्रोल पंप-हैरिंग्टनगंज-खजुरहट को इलाहाबाद-अयोध्या राज्य मार्ग से जोड़ते हुए 4 लेन में शामिल किया जाए।5. थाना रौनाही-एनएच-27-ड्योढ़ी महात्मा गांधी-घोड़वल-इमामगंज मार्ग को 2 लेन में बदला जाए।6. रायबरेली-अयोध्या राज्य मार्ग के सुचितागंज बाज़ार से नवाबगंज तक 4 लेन, तथा देमवा घाट पुल रोड का पुनः निर्माण किया जाए।7. सुल्तानपुर-अयोध्या राज्य मार्ग को 4 लेन में बदला जाए। 8. मसौधा-सरियावां-सोहावल बाज़ार मार्ग को चौड़ा करते हुए 4 लेन में परिवर्तित किया जाए। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि ये प्रस्ताव जनहित से जुड़े हैं और इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि मंत्री नितिन गडकरी शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

# टीकाकरण कार्यक्रम को दिखाई गई हरी झंडी




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से पशुओं में खुरपका मुँहपका के उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण अभियान (छठा चरण) के तहत टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ पशुपालन विभाग के बहुउद्देशीय वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पशुओं के खुरपका और मुंहपका के उन्मूलन पर जोर देते हुए कहा कि आशा है इस टीकाकरण अभियान से जनपद के किसानों और अन्य ग्रामीणों के पशु इस गंभीर बीमारी से बच सकेंगे। उन्होंने पशुपालन विभाग को प्रभावी ढंग से टीकाकरण को चलाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले गो आश्रय स्थलों पर टीकाकरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। उसके बाद टीम गठित कर ब्लॉकवार सभी गोवंशीय व महिषवंशीय पशुओं के टीकाकरण का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी लक्षित पशु टीकाकरण से छूटने न पाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 हौसला प्रसाद ने टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी को रोस्टर, माइक्रोप्लान के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। बताया कि आज टीकाकरण की शुरूआत जनपद में स्थापित समस्त गोआश्रय स्थलों, कान्हा हाउस, कांजी हाउस एवं जिला गोसदन मधवलिया से किया गया। आज से शुरू होकर दिनांक 5.09.25 तक चलेगा जिसमें गठित टीमे पशुपालक के घर-घर जाकर टीकाकरण कार्य करेंगी। टीकाकरण कार्यक्रम हेतु कुल 20 टीम गठित की गई हैं, जो टीकाकरण कार्यक्रम को मॉनिटर करेंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला सहित अन्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार रुंगटा की अध्यक्षता में बुधवार को व्यापार प्रतिनिधि मंडल की टीम मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उन्होंने जीएसटी विभाग द्वारा प्रदेश में धारा 79 के अंतर्गत की जा रही वसूली व सर्वे छापे के नाम पर किए जा रहे उत्पीड़न की बात कही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों के विरुद्ध दमनकारी नीति अपनाई जा रही है तथा उनके बैंक खातों को सीज किया जा रहा है व खातों से निकासी भी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि जी एस टी में ई मेल द्वारा नोटिस दी जाती है।जिससे व्यापारी उनको देख नहीं पाते हैं ।इसके साथ ही घोषणा के बावजूद ट्रिब्युनल न होने के कारण दूसरी अपील भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया है कि हाल ही में झांसी के कर विभाग द्वारा रु 5000 के वसूली में स्कूटी को ही जब्त कर लिया गया है यह पूरी तरह से अनुचित एवं व्यापारी सम्मान के विरुद्ध है। राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 79 का दुरुपयोग कर अपना नंबर या गुड वर्क दिखाने के लिए जिस तरह से कार्यप्रणाली को अपनाया है और प्रदेश भर में व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से यह मांग किया है कि जीएसटी की दरें कम की जाए एवं इनकम टैक्स की तरह जीएसटी में भी रिवाइस रिटर्न की सुविधा प्रदान की जाए राज्य कर विभाग व्यापारी के कर सलाहकार उनकी सूची जारी करें। जिससे व्यापारियों का बकाया का समाधान हो सके। इस दौरान संजय कुमार जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, जयराम सिंह, शिव कुमार अग्रवाल, नदीम अहमद अब्बासी, अजय मद्देशिया, अमरनाथ गुप्ता सहित तमाम व्यापार मंडल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटवाया



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** प्रशासन द्वारा ग्राम फरेंदा बुजुर्ग थाना फरेंदा के अंतर्गत स्थित गाटा संख्या 430 मि जो सरकारी अभिलेख में भीटा की भूमि दर्ज है पर ग्राम फरेंदा बुजुर्ग के निवासी राम ललित पुत्र कल्पू द्वारा जबरिया अवैध कब्जा करके निर्माण कराया जा रहा था। बार-बार मना करने के बावजूद भी अवैध अतिक्रमणी द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध थाने में अभियोग पंजीकृत कराया गया तथा तहसीलदार फरेंदा, नायब तहसीलदार फरेंदा, राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व टीम के साथ पर्याप्त पुलिस फोर्स की उपस्थिति में अवैध आक्रमण खाली करवाया गया। एसडीएम फरेंदा ने कहा कि जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भूमि पर किसी का भी अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। ऐसी भाभी को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## छात्रसंघ समागम समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** आगामी 27 जुलाई को गोरखपुर के सिविल लाइन स्थित नेपाल क्लब में आयोजित होने वाले छात्रसंघ समागम समारोह को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सदर ब्लॉक सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता छात्रसंघ सम्मेलन के महाराजगंज प्रभारी संतोष मणि त्रिपाठी ने की। श्री त्रिपाठी ने कहा कि अब छात्रनेता अपने छात्रसंघ रूपी आत्मा के हनन को कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह समागम छात्र राजनीति की दिशा और दशा तय करने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा। आयोजन समिति की ओर से डॉ. पवन कुमार एवं गौरव पांडेय विशेष रूप से गोरखपुर से बैठक में शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि समागम के केंद्र में तीन प्रमुख मांगें रहेंगी। छात्रसंघ चुनाव की अविलंब बहाली, गोरखपुर विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा एवं छात्रहित से जुड़े अन्य मुद्दे, जैसे फर्जी मुकदमों की वापसी, छात्रवृत्ति, रोजगार, और विश्वविद्यालय प्रशासन में पारदर्शिता। बैठक में जवाहरलाल नेहरू पी.जी. कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री, एवं विभिन्न कालखंडों में सक्रिय रहे छात्र नेताओं के साथ-साथ वर्तमान युवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने छात्रसंघ की बहाली को शिक्षा संस्थानों में लोकतंत्र की पुनः स्थापना से जोड़ा और कहा कि छात्र राजनीति केवल चुनाव नहीं, बल्कि नेतृत्व निर्माण और सामाजिक चेतना का माध्यम है। छात्र प्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी, छात्रसंघ मंचों का विघटन और फर्जी मुकदमों के माध्यम से छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की गई। इस दौरान प्रमुख छात्र नेता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बैकुंठ धाम में कांवड़ यात्रियों की बस में लगी आग, बाल-बाल बचे श्रद्धालु

## श्रावण मास में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर जहां एक ओर देशभर से लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हैं, वहीं दूसरी ओर अयोध्या के बैकुंठ धाम से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज क्षेत्र से आए कांवड़ यात्रियों की एक बस (यूपी 58 टी 8058) में अचानक आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब बस बालू घाट बाथ के पास खड़ी थी। सौभाग्यवश, बस में उस वक्त कोई यात्री मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।ड्राइवर की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना

बस चालक हरिप्रसाद यादव, निवासी रामकोट रेवती, थाना मुंडेरवा (जनपद बस्ती) ने बताया कि बस में अचानक धुंआ उठने लगा और कुछ ही पलों में आग भड़क गई। आग लगने की संभावित वजह बैटरी में शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए स्वयं को बाहर निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

**पुलिस मौके पर पहुंची, राहत की सांस ली गई**

सूचना मिलते ही कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बस मछली गांव , थाना कैंपियरगंज, जनपद गोरखपुर से आए कांवड़ यात्री सवार थे। गनीमत रही कि सभी यात्री कुछ समय पहले ही बस से उतर चुके थे। यदि यह घटना कुछ ही मिनट पहले होती, तो जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**जांच की मांग, प्रशासन पर उठे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर से कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं-

क्या कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा केवल बस ऑपरेटरों के भरोसे छोड़ दी गई है?

क्या यात्रियों को लाने वाली बसों की जांच यात्रा से पहले नहीं होनी चाहिए?

नगर प्रशासन और पुलिस की आपात स्थिति से निपटने की क्या योजना है?

**श्रद्धा की आग में न झुलस जाएं श्रद्धालु**

श्रावण मास का यह उत्सव भले ही श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक हो, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। यह घटना भले ही बिना किसी हताहत के समाप्त हो गई, लेकिन यह एक चेतावनी है - अगली बार इतनी किस्मत हर किसी के साथ नहीं हो सकती।

# सदर विधायक ने वाटर एटीएम का किया लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** चौक नगर पंचायत मंगलवार को विकास और सांस्कृतिक आस्था का साक्षी बना, जब सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने वार्ड नंबर एक मे काली माता मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण और सुन्दरीकरण हेतु शिलान्यास किया तथा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 में वाटर एटीएम का लोकार्पण कर नागरिक सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

कार्यक्रम की शुरुआत बंधन योजनान्तर्गत काली माता मंदिर के सुंदरीकरण और धर्मशाला निर्माण की आधारशिला रखकर हुई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि काली माता मंदिर केवल एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि यह स्थानीय जनता की आस्था, ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगा।

वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा कर सरकार ने जनता से किए गए वादे को निभाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा और धार्मिक स्थलों के विकास के साथ सरकार आधुनिक उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए भी संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में चौक नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश, बाबा लक्ष्मणनाथ, नागेंद्र राव, राजाराम भारती, रवीन्द्र बर्मा, रामानंद जायसवाल, मुद्रिका यादव, अशोक विश्वकर्मा समेत नगर पंचायत के सभासद त्रिभुवन गुप्ता, नगरवासी मौजूद रहे।

# स्टेट हाईवे पर बैरियर को लेकर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के मीठे गांव स्थित एनएचएआई टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा भोले भाले क्षेत्रवासी ग्रामीणों से अवैध बैरियर लगाए जाने में अनापत्ति संबंधी एफिडेविट पर हस्ताक्षर बनाए जाने की बात को लेकर क्षेत्रवासी ग्रामीण भाग खड़े हुए और वह कुचेरा बाजार पहुंचे ग्रामीणों ने अवैध बैरियर को लेकर गाड़े गए पिलर स्थल पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और स्थानीय तहसील प्रशासन पर टोल कर्मियों के प्रभाव में आकर अवैध बैरियर लगवाए जाने का आरोप जड़ा। बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीठे गांव के पास टोल स्थापित किया गया है, जहां से होकर वाहन अयोध्या की ओर प्रवेश करते हैं। टोल केंद्र से 2 किलोमीटर पहले स्थित कुचेरा बाजार से एक राजकीय राजमार्ग पिपरी जलालपुर होते हुए अंबेडकर नगर को जोड़ता है। विगत 1 वर्ष पूर्व इसी स्टेट हाईवे के मोड़ पर इनायत नगर पुलिस द्वारा टोल कर्मियों के प्रभाव में आकर दो होमगार्ड तैनात कर अवैध वसूली कराए जाने का मामला प्रकाश में आया था। क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं वाहन स्वामियों के भारी विरोध के बाद अवैध बैरियर हटवा दिया गया था। एक वर्ष बाद अब फिर टोल कर्मियों को अवैध वसूली की युक्ति सूझ गई है। उन्होंने अब उक्त राजकीय राजमार्ग से वाहनों का आवागमन ही बंद करने की योजना बनाते हुए स्टेट हाईवे के किनारे दो पिलर गाड़ दिए। जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीएम से करते हुए अवैध वारियर रोके जाने की मांग की। उधर एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार द्वारा भी टोल कर्मियों कि इस अनियमित कार्यवाही में हां में हां मिला दिया गया है जिसका खुलासा टोल कर्मियों ने करते हुए कहा कि डीएम और एसडीएम के आदेश पर हम लोग बैरियर लगा रहे हैं। दूसरी ओर एसडीएम सुधीर कुमार ने भी पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उक्त मार्ग पर एक्सीडेंट अधिक हो रहे थे, जिसके चलते स्थाई बैरियर लगाया जा रहा है। बुधवार को टोल कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीण एवं कई ग्राम प्रधानों को बैरियर लगाए जाने में अनापत्ति शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए टोल कार्यालय बुलाया गया था। जहां शपथ पत्र देख ग्रामीण मौके से भाग खड़े हुए और उन्होंने बैरियर स्थल पर पहुंचकर हंगामा कांटा और प्रदर्शन किया। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम मिल्कीपुर पर टोल कर्मियों के प्रभाव में आकर यह अवैध कार्रवाई कराए जाने का आरोप लगाया है। आक्रोशित ग्रामीणों का आप है कि एसडीएम सुधीर कुमार टोल कर्मियों से पैसा लेकर जबरिया अवैध बैरियर लगवाने पर तुले हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान ने एसडीएम मिल्कीपुर को दूरभाष पर अवैध बैरियर स्थापित कराए जाने से मना कर दिया है। उन्होंने एसडीएम से कहा कि ऐसा कोई कार्य मत करो जिसमें आपके ऊपर आरोप लगने लगे।

# किसानों को मिला योगी सरकार का तोहफा, शुरू हुई 'मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। स्वदेशी गौपालन को बढ़ावा देने और दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की शुरुआत की है।

योजना के तहत अयोध्या जिले के 10 चयनित किसानों को आधुनिक हाइटेक डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना से न केवल दुग्ध उत्पादन में इजाफा होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**उत्तर प्रदेश में बढ़ेगा प्रति पशु दूध उत्पादन**

मिनी नंदिनी योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में प्रति गाय दूध उत्पादन को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाना है। वर्तमान में यूपी में प्रति गाय औसतन 3.78 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है, जबकि राष्ट्रीय औसत इससे अधिक है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने साहिवाल, गिर व थारपारकर जैसी स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों को अपनाने पर बल दिया है।

योजना के अंतर्गत 10 गायों की एक आधुनिक डेयरी इकाई की अनुमानित लागत 23.60 लाख रुपये रखी गई है, जिसमें से अधिकतम 11.80 लाख रुपये तक का अनुदान सरकार की ओर से दिया जाएगा।

**योजना का लाभ उठाने के लिए यह शर्तें जरूरी**

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्र देव महार ने बताया कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनके पास डेयरी संचालन हेतु कम से कम 0.20 एकड़ भूमि और हरे चारे की खेती के लिए 0.80 एकड़ भूमि उपलब्ध हो। साथ ही आवेदक को पशुपालन में कम से कम तीन वर्षों का अनुभव भी होना अनिवार्य होगा।

# नदियों की सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर, डीएम की अध्यक्षता में तीन महत्वपूर्ण समितियों की बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नदियों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

नदियों में न जाए अपशिष्ट, लगे चेतावनी बोर्ड- जिलाधिकारी

गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने नदियों में मिलने वाले नालों की बायोरेमेडिएशन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नदियों और तालाबों में फूल-मालाएं, कूड़ा-करकट अथवा किसी भी प्रकार का अपशिष्ट न डाला जाए। यदि किसी स्थान पर नाला या अपशिष्ट जल जा रहा है, तो उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, नदी एवं तालाब के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि लोग जागरूक हो सकें।

प्लास्टिक और थर्माकोल पर चलेगा अभियान, दुकानों पर पड़ेंगे छापे

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल से बने उत्पादों के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सुबह और शाम विशेष अभियान चलाकर दुकानों पर छापेमारी की जाए, प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त की जाएं और जुर्माना भी लगाया जाए।साथ ही, जनपद के सभी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैब्स से निकलने वाले जैविक और रासायनिक अपशिष्ट के नियमित और सुरक्षित निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।वृक्षारोपण की जियो ट्रैकिंग में तेजी लाने के निर्देशजिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधों की जियो ट्रैकिंग की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग शत-प्रतिशत जियो टैगिंग सुनिश्चित करें। जिन विभागों की प्रगति अभी अधूरी है, उन्हें शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि जमथारा स्थित 33 एमएलडी एसटीपी में अब तक पांच नालों को टैब्ड कर लिया गया है। शेष नालों को भी शीघ्र टैब किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

# पौधों की सुरक्षा में लगेगी विधायक निधि की एक प्रतिशत धनराशि : केपी मलिक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने श्रीरामलला के दरबार में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सर्किट हाउस परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। श्री मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस बार वृक्षारोपण को एक जनांदोलन का रूप दिया गया है। अब हर पौधे को स्मृति चिन्ह के तौर पर लोगों को भेंट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितना अधिक हम आज वृक्षारोपण करेंगे, उतना ही बेहतर पर्यावरण आने वाली पीढ़ियों को दे सकेंगे।विधायक निधि से होगी पौधों की सुरक्षा

पौधों की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर है। इसी कड़ी में श्री मलिक ने बताया कि सभी विधायकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी विधायक निधि का एक प्रतिशत हिस्सा पौधों की सुरक्षा के लिए प्रदान करें। यह धनराशि वन विभाग द्वारा ट्री गार्ड लगाने में उपयोग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे जहां विधायकों की जनभागीदारी सुनिश्चित होगी, वहीं आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण भी मिलेगा।

इस वर्ष अयोध्या में हरित अयोध्या अभियान के तहत वृक्षारोपण को समर्पित किया गया है। जुलाई महीने की शुरुआत में जिन बच्चों का जन्म हुआ है, उनके अभिभावकों को पौधा और प्रमाण पत्र भेंट किया गया। मंत्री मलिक ने कहा, जब ये बच्चे बड़े होंगे और उन्हें बताया जाएगा कि उनके जन्म के समय यह पौधा लगाया गया था, तो उनमें प्रकृति के प्रति एक भावनात्मक जुड़ाव विकसित होगा।

केपी मलिक ने यह भी कहा कि आज जरूरत है कि पर्यावरण संरक्षण को सरकार की योजनाओं से जोड़कर आम जनता तक पहुंचाया जाए।

# वजीरगंज जनौरा संपर्क मार्ग पर जलजमाव बना मुसीबत, राहगीरों और छात्रों को हो रही भारी परेशानी

## स्थानीय लोगों ने नगर निगम के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** वजीरगंज -जनौरा-लालबाग संपर्क मार्ग पर जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नाले का पानी आए दिन सड़क पर भर जाता है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और राहगीरों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। कई बार वाहन भी जलभराव में फंस जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।स्थानीय निवासी मोहम्मद कादिर ने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है, वही नाली का निर्माण कर रहे ठेकेदार ने नाले को खोद कर छोड़ दिया लेकिन नगर निगम और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मोहल्ला



वासियों ने कई बार पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से इस समस्या से अवगत कराया, परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका।गुरुवार को मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अगर जल्द ही इस जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

स्थानीय स्कूलों के छात्रों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरना होता है, लेकिन जलजमाव और कीचड़ के कारण बच्चों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। छोटी मोटी गाड़ियां फंस जाए करती है अभिभावकों ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।प्रशासन ने नहीं ली सुध

निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर निगम की ओर से न तो नाले की सफाई कराई गई और न ही जलनिकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।

स्थानीय निवासियों की मांग है कि नाले की नियमित सफाई की जाए और जलनिकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जनौरा वजीरगंज मार्ग पर आवागमन सुचारु रूप से हो सके। विरोध करने वालों में शहबाज, सोनू,लकी, बाबू ,दुर्गा, दिनेश गुल्लू सिंह , वारिस आदिल मोनू बबलू दर्जनों लोग ने प्रदर्शन किया ।

# पीएनबी ऑफिसर्स की आम सभा में नई कार्यकारिणी का गठन, अंकित मौर्या बने अध्यक्ष




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स की आम सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैंकिंग क्षेत्र के सशक्त नेतृत्व और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से हुई इस बैठक में बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक एन.के. त्रिवेदी और राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। राधेश्याम उपाध्याय की मौजूदगी में हुई इस आम सभा में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अंकित मौर्या को सौंपी गई, जबकि अशोक पांडेय को संरक्षक नामित किया गया।अन्य प्रमुख पदों पर प्रतुल कुमार को चेयरमैन, राजेश यादव, अमरजीत यादव, अखिलेश कुमार एवं नितेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। नितिन कुमार को सचिव, मुकेश द्विवेदी को संयुक्त सचिव और महेन्द्र पाठक को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। हिमांशु जैन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और बैंक कर्मचारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ।

# नगरवासियों को मिलेगी नई सौगात, जल्द खुलेंगे आधुनिक सुविधाओं से युक्त केंद्र

**डिजिटल लाइब्रेरी, फूड प्लाजा, व्यायामशाला और चिल्ड्रेन पार्क का सपना जल्द होगा साकार**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर वासियों को जल्द ही एक डिजिटल लाइब्रेरी, फूड प्लाजा, व्यायामशाला व चिल्ड्रेन पार्क का सौगात मिलेगा, जिसके लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा जमीन चिह्नित कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी गई हैं।

बुधवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने ईओ सचिन कुमार पटेल के साथ राजकीय कन्या इंटर कालेज मैदान सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगरवासियों के सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिजिटल लाइब्रेरी, फूड प्लाजा, व्यायामशाला व चिल्ड्रेन पार्क के निर्माण हेतु जमीन का चिह्निकरण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय निवासियों, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को रोजगार, अध्ययन एवं डिजिटल संसाधनों की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कहा कि यह पहल शहरी विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है और इसका उद्देश्य है कि बच्चों से लेकर आम जनता तक हर वर्ग को बेहतर सुविधा देना हैं।

ईओ सचिन कुमार पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर वैश्विक योजना के तहत लगभग चार करोड़ लागत से नगर क्षेत्र बनाने वाले लाइब्रेरी के लिए बैदौला, फूड प्लाजा के लिए रामनगर बनगवा, व्यायामशाला व चिल्ड्रेन पार्क परशुराम वाटिका में जमीन चिह्नित की गई हैं। सभी जगहों का मृदा परीक्षण कराया गया हैं, जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान लिपिक हसन ताक़ीब रिज़वी, महंथ मिश्रा, उमाशंकर गौड़, अर्पित, विवेक, मो. हैदर, कासिम हैदर, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# भवानीगंज में बड़ा हादसा टला पिकअप पुल से टकराई

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज-चन्द्रीपघाट मार्ग पर बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भवानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़रिया नहर पुल के पास यह घटना उस समय हुई जब एक पिकअप वाहन भड़रिया से डुमरियागंज की ओर जा रहा था।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने सड़क पर कट मार दिया। यह देख पिकअप चालक ने तुरंत ब्रेक लगाया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सीधे पुल की रेलिंग से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि पिकअप पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खाई में नहीं गिरी। अगर ऐसा होता तो यह दुर्घटना बेहद भयावह हो सकती थी और जान-माल की बड़ी हानि हो सकती थी।

इस हादसे में पिकअप चालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को वाहन से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। घटना की सूचना मिलते ही भवानीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अज्ञात ट्रेलर की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और गलत तरीके से ओवरटेक करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और निगरानी के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# पीएम सौर घर योजना के अंतर्गत कैंप का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत भारत भारी में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत बुधवार को कार्यालय नपा अमोना पांडे एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए और योजना की जानकारी प्राप्त की।

नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने बताया कि यह ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी है। पी.एम. सूर्य घर योजना का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा पहुचाना है। इसके तहत सरकार घर-घर सोलर पैनल लगवाकर आम नागरिकों को न केवल हरित ऊर्जा की ओर प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि उन्हें बिजली बिल के बोझ से भी राहत देने का प्रयास कर रही है।

शिविर में नगर पंचायत अधिकारियों ने लोगों को योजना के लाभ के बारे में बताया तथा अध्यक्ष नपा सहित अन्य व्यक्तियों ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया साथ ही इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली की समस्या भी काफी हद तक कम होगी।

# विधायक ने हरी झंडी दिखाकर नि:शुल्क पशु टीकाकरण के टीम को किया रवाना

**टीकाकरण अभियान के छठवें चरण का हुआ शुभारंभ**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण अभियान (एन ए डी सी पी) योजना के अंतर्गत खुरपका मुंहपका ( एफ एम डी) टीकाकरण अभियान के छठवें चरण का शुभारंभ बुधवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद के नेतृत्व मे विकासखंड नौगढ़ के पशु चिकित्सालय परिसर से कपिलवस्तु विधानसभा के विधायक श्याम धनी राही द्वारा किया गया। टीकाकरण अभियान की शुरुआत विधायक श्यामधनी राही द्वारा हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया गया।

विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह अभियान 45 दिनों तक 23 जुलाई से 5 सितंबर तक चलाई जाएगी। जिसमें जनपद के 14 विकास खंडो में 28 टीमें लगाई गई हैं जो पशुपालक के दरवाजे पर जाकर उनके गौवंशीय और महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण करेंगी। यह पूर्णतः निःशुल्क है।

टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि इस अभियान में लगाई गई टीमें आपस में समन्वय स्थापित करके जनपद के पशुओ मे होने वाले खुरपका मुंहपका टीकाकरण करेंगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए निर्धारित समय सीमा में माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है तथा सभी अधिकारियों को इस माइक्रो प्लान से अवगत करा दिया गया है। नोडल अधिकारी डॉ ऋषिकेश दर्शन ने बताया कि जनपद को 253000 वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है जिससे जनपद में समस्त पशुओं को इससे अच्छादित किया जाएगा तथा किए गए टीकाकरण की भारत पशुधन एप पर ऑनलाइन फीडिंग भी की जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ सदर डॉ राज बहादुर यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिमेष मिश्रा, डॉ विनोद पांडेय, डॉ राजकमल यादव, डॉ देवेंद्र गौतम, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ बनारसी मिश्रा, देवेंद्र प्रताप सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# आध दर्जन दबंगों ने टैम्पू चालक को मारपीट कर किया लहूलुहान

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज तिराहे पर सिद्धार्थनगर की ओर से सवारी लेकर आ रहे एक टैम्पू चालक को आधा दर्जन दबंगों ने रोककर जमकर पीटा। जिससे टैम्पू चालक बेसुध हो गया। उसे लोगों ने 50 शैया युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी पहुंचाया। इलाज के बाद उसने बांसी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत करा दिया है।

जोगिया उदयपुर थाना कोतवाली क्षेत्र के देवरा बाजार निवासी गोलू पुत्र राजकुमार बुधवार को सायं लगभग 3 बजे सिद्धार्थनगर की ओर से टैम्पू में सवारी बैठाकर बांसी आ रहा था। रास्ते में रानीगंज के समीप पहले से ही घात लगाए बैठे डम्फर व हीरा नाम के व्यक्ति अज्ञात 4 के साथ टैम्पू रोककर उसे गालियां देते हुए लात घूसा व डंडे से मारने लगे। सिर में गम्भीर चोट लगने से लहूलुहान होकर वह बेसुध हो गया। किसी ने डायल 112 को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

समाचार लिखे जाने तक उक्त गोलू की हालत गम्भीर बनी हुई थी। इलाज हेतु स्वजन उसे जिला मुख्यालय ले गए हैं। फिलहाल जो भी हो बताते हैं कि उक्त डम्फर नाम का व्यक्ति भी टैम्पू चलाता है। कुछ दिन पूर्व सिद्धार्थनगर में किसी टैम्पू वाले से उसकी मारपीट हुई थी। जिससे खार खाया वह सिद्धार्थनगर से किसी भी टैम्पू को बांसी आने से रोकने के लिए रानीगंज अपने साथियों के साथ घात लगाए बैठा था। और बदले की भावना से उक्त टैम्पू चालक गोलू पर हमला बोल दिया।

# पशुओं में खुरपका-मुंहपका बीमारियों के टीकाकरण का अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** पशुपालन विभाग के द्वारा पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारियों से पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने हरी झंडी दिखाकर टीकाकरण हेतु टीम व वाहनों को रवाना किया।यह अभियान जनपद में पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खुरपका-मुंहपका रोग अत्यंत संक्रामक होता है, जो दुधारू पशुओं की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव डालता है। टीकाकरण के माध्यम से इन रोगों की रोकथाम की जाती है, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि संभव होती है। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुओं को रोगमुक्त करना एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, जिससे कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह सके।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने कहा कि यह अभियान पशुओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं एवं विभाग की टीमों को पूरा सहयोग प्रदान करें।पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह अभियान जिले के सभी विकास खंडों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत समस्त पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं पशु मोबाइल बेटनरी यूनिट के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग ने विशेष रणनीति तैयार की है, जिससे निर्धारित समयसीमा में समस्त पशुओं को टीका लगाया जायेगा।

# हल्लौर में देर रात तक चली अंजुमन उरूज मातम की शब्बेदारी

**बैरूनी अंजुमन के साथ मुकामी अंजुमनों ने पढ़ा नौहा**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर में मंगलवार को अंजुमन उरूज मातम की जानिब से हुसैनिया सेठबाबा में कदीमी तरही शब्बेदारी का आयोजन किया गया। इस दौरान मरसिया, मजलिस के साथ अकीदतमंदों ने पूरी रात नौहा मातम किया। शब्बेदारी में मुम्बई से आए नौहाख्वा ज़हीर अब्बास और आज़मगढ़ से आई अंजुमन तबलीगे अजा ने एक से बढ़कर एक दर्द भरा नौहा पेश किया।

अंजुमन अबुल फ़ज़लिल अब्बास की जानिब से मुमताज लकी व कामयाब हैदर, अंजुमन फरोग मातम की जानिब से हानी, मुमताज़ व रजा ने नौहा पढ़ा, अंजुमन गुलदस्ता मातम की जानिब से शारिब व शीजान ने नौहा पेश किया। जिस पर मातमी दस्ते ने मख्सूस अंदाज़ में मातम किया। शब्बेदारी की शुरुआत शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुई। जिसके बाद हैदरे कर्रार और उनके हमनवा ने मरसिया पढ़ा। मजलिस को जाकिरे अहलेबैत अजीम हैदर ने संबोधित करते हुए इमाम सज्जाद अस के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही कर्बला के शहीदों के शहादत बयान किया जिस पर लोगों की गमगीन हो गए। मजलिस के बाद अंजुमन की ओर से नौहा और मातम का सिलसिला शुरू हुआ। मेजबान अंजुमन की ओर से मेहमान ज़हीर अब्बास ने नौहा पेश किया जिस पर अकीदतमंदों ने मातम किया। अंजुमन फरोग मातम की मुमताज़, हानी व रजा ने नौहा पढ़, अंजुमन गुलदस्ता मातम को जानिब से शीज़न व शारिब से नौहा पेश किया।

# गरिमा महिला मंडल द्वारा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं गरिमा प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गरिमा महिला मंडल के मार्गदर्शन में ÷ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ की शुरुआत की है।

इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा ने नव स्थापित गरिमा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया और शिलापट्ट का अनावरण करते हुए इस पहल को महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रीमती परिदा ने कहा, इस तरह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे, जिससे वे स्वरोज़गार आरंभ कर सकेंगी या स्थानीय बाज़ार में सेवाएँ देकर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। मैं सभी प्रतिभागी महिलाओं से आग्रह करती हूँ कि वे प्रशिक्षण के प्रत्येक मॉड्यूल में सक्रिय रूप से भाग लें और इसे अपने जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता का माध्यम बनाएं।

एनटीपीसी टांडा सदैव समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और कौशल-विकास प्रशिक्षणों का आयोजन करता रहा है। इस ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम से स्थानीय महिलाओं को न केवल सौंदर्य एवं सौंदर्य प्रसाधन की तकनीकी जानकारी प्राप्त होगी, बल्कि वे इस क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी हासिल कर सकेंगी।एनटीपीसी टांडा का यह प्रयास न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को भी नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

# पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान उतरौला रोड़ नवीन सब्जी मंडी के पास से अभियुक्त मोनिस पुत्र स्व0 रफीक निवासी मोहल्ला महराजगंज थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 134 टेबलेट अल्प्राजोलम (नशीली गोलियां) बरामद किया गया।

दिनांक 22.07.2025 को थाना को0 नगर के उ0नि0 मनीष कुमार मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे । सूचना प्राप्त हुई की उतरौला रोड़ पर नवीन सब्जी मंडी के पास एक व्यक्ति नीशीली गोलियां बेच रहा है । उक्त सूचना पर मौके पर पहुच कर अभियुक्त मोनिस पुत्र स्व0 रफीक निवासी मोहल्ला महराजगंज थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 134 टेबलेट अल्प्राजोलम (नशीली गोलियां) बरामद किया गया।

# जिलाधिकारी की पहल पर इंकार परिवार का कराया गया टीकाकरण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के पहल पर बुधवार को जो परिवार इंकार कर चुके बच्चों का टीकाकरण ग्राम पंचायत दानुकुयियां अंतर्गत जिगीना मे खंड विकास अधिकारी सौरभ पांडेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल अधीक्षक डॉ राजीव कुमार रंजन, ए एन एम रजनी, बी पी एम कुशल, बी सी पी एम राधेश्याम चक्रवर्ती, कृष्ण कुमार शुक्ला सचिव, के बी आर टी टीम के सहयोग से कुल इंकार परिवार का टीकाकरण कराया गया।

इसमे जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया के पहल पर ही सम्भव हुआ काफी वर्षो से जो लोग टीकाकरण नहीं करा रहे थे। आज वो भी टीकाकरण कराने के लिए खुद वी एच एस एन डी सत्रों पर आकर टीकाकरण करा रहे हैं और जिलाधिकारी महोदय के इस पहल पर ब्लॉक मिठवल के अंतर्गत सभी लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी का आभार व्यक्त किया। अधीक्षक ने जानकारी दी कि टीकाकरण के एक दिन पहले ब्लॉक के अंतर्गत तैनात सभी एएनएम टीकाकरण के एक दिन पहले ही जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करती हैं और जब अगले दिन टीकाकरण होता है तो सभी सुपरवाइजर और ए एन एम सहित ब्लॉक रेस्पॉन्स टीम कार्य करती है।

# ठेकेदारों की मनमानी पर उठ रहे सवाल उर्स के दौरान हो रही अवैध वसूली

**किछौछा नगर पंचायत**

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्र में चल रहे प्रसिद्ध बसखारी मेला में इस बार अव्यवस्थाएं और अवैध वसूली चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। एक ओर प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर बेहद सख्त दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर मेले में आए श्रद्धालुओं की बसों से अवैध वसूली की घटनाएं उजागर हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र की सीमा से बाहर टांडा-मोतिगरपुर हाईवे पर बसों को खड़ा कराया जा रहा है, सिद्धेश्वर धाम मंदिर जो बस खड़ी है उससे भी नगर पंचायत कर रहा है अवैध वसूली ?300 का पर्चा काटकर 1000 की वसूली की जा रही है बस चालकों ने बताया जब कि नगर पंचायत की सीमा से बाहर है। इसके बावजूद नगर पंचायत और उसके स्टैंड ठेकेदारों द्वारा जबरन वसूली की जा रही है। ठेकेदारों का आतंक इस हद तक है कि बस चालकों को डरा-धमका कर हजार रुपया की वसूली की जा रही है जबकि ग्राम पंचायत मोतिगरपुर में वह मंदिर आती है मंदिर के नाम पर बस संचालको ने खुद दान कर रहे हैं मंदिर के नाम पर और वही दूसरी तरफ नगर पंचायत अवध वसूली की की जा रही है। दोहरी मार्ग झेल रहे हैं बस संचालक बस चालकों और श्रद्धालुओं में इस मनमानी को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि जब बस नगर पंचायत सीमा में खड़ी ही नहीं है, तो फिर ठेकेदार किस आधार पर वसूली कर रहे हैं? इससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। क्या नगर पंचायत और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह सब हो रहा है? क्या प्रशासन इस अवैध वसूली को रोकने के लिए कोई सख्त कदम उठाएगा या फिर जेब ढीली करने पर ही राहत मिलेगी?

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर ठेकेदारों की अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। इस मामले में अधिकारियों से संपर्क किया गया लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया।

# पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर के कुशल नेतृत्व में थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ (500 ग्राम अवैध गांजा) के साथ आरोपी अभियुक्त 01. पूरन कुमार तिवारी पुत्र शेषमणि तिवारी निवासी भीखपुर थाना को0नगर जनपद बलरामपुर को टिकरी जंगल के मुख्य मार्ग नवाबगंज रोड़ मनकापुर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया ।

दिनांक 22.07.2025 को थाना को0मनकापुर के उ0नि0 उमेश सिंह मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि टिकरी जंगल के मुख्य मार्ग नवाबगंज रोड़ के पास अवैध गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुआ। उक्त सूचना पर उस संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए तलाशी की गयी तो उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 500 ग्राम अवैध गाँजा बरामद कर आरोपी अभियुक्त 01. पूरन कुमार तिवारी पुत्र शेषमणि तिवारी निवासी भीखपुर थाना को0नगर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मनकापुर में मु0अ0स0-337/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# जूनियर डॉक्टर से मारपीट के बाद जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों में भय का माहौल

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय मेडिकल कालेज में अध्यनरत दो जूनियर रेजिडेंट कल शाम 7 बजे अकबरपुर में रिलायंस ट्रेंड्स से खरीदारी करके स्कूटी से वापस आ रहें थे, आते समय टोयटा गाड़ी यूपी 32 एल क्यू 9900 ने उनको टक्कर मार दिया जिससे पीछे बैठी हुई जुनियर रेजिडेंट नीचे गिर गई, ये दोनो संभल पाते की दबाव बनाने की नियत से टोयटा में बैठे लोग उतर कर स्कूटी की चाबी छीन लिए और मारपीट करने लगे।

उक्त दोनों के द्वारा बताने पर कि हम दोनों चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर हैं ,उनको कोई फर्क नहीं पड़ा बल्की वे और उग्र होते हुए लाठी भी निकाल लिए। उनको इसका भी भान नहीं रहा कि एक उनमें से फीमेल है और उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। दोनों डॉ पिटते हुए अपने बचाव का रास्ता न मिलने पर 112 पर फोन किए जिससे हमलावरों ने धमकी देते हुए उनको छोड़ दिया और चले गए।

उक्त घटना के बाद से मेडिकल कॉलेज के जुनियर डाक्टरों में भय का माहौल व्याप्त है। संबंधित घटना के बारे में प्रधानाचार्य महोदय ने अपने कक्ष ने कॉलेज प्रशासन की बैठक में खेद जताते हुए कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने डॉ की सुरक्षा हेतू टास्क फोर्स के गठन की बात की है और राज्य सरकार भी डॉ की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसे में उक्त घटना को जिला प्रशासन और पुलिस को लिखित तौर पर अवगत करवाते हुए इंडियन मैडिकल एसोसिएशन, राज्य चिकित्सा शिक्षा एसोसिएशन और रेसिडेंट डॉ एसोसिएशन से भी अपने स्तर से संज्ञान लेने को कहा हैं। उक्त घटना के बाद पूरे मेडिकल कालेज में रोष का माहौल व्याप्त है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार और डॉ की सुरक्षा पर अतरिक्त ध्यान देने वाली सरकार से यही उम्मीद है की उक्त घटना की जांच करके दोषियों को अतिशीघ्र यथोचित दंड दिया जाए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पाए।

## मानसून सत्र में हंगामा नहीं बहस हो

संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। पक्ष और विपक्ष दोनो तरफ के संसदों से अपेक्षा की जाती है कि अपनी व्यक्तिगत चमक बढ़ाने के लिये बेकार का हंगामा न करें। सदन के बाहर पिछले कुछ दिनों में दोनो पक्षों के सदस्यों में काफी कटु शब्दों का आदान प्रदान किया है और कर रहे है। डर है यही भावना शुरू होने जा रहे सत्र में हावी न रहें। अमेरिका के साथ टेऊड डील और बिहार में चल रही मतदाता सूची की समीक्षा और कई मुद्दो को लेकर चर्चा होने की सम्भावना है। विपक्ष एक जुटता दिखाते हुये अपना अजेन्डा तय कर लिया है। पाकिस्तान के साथ हुये, टकराव और आपरेशन सिन्दूर के लेकर विपक्ष द्वारा उठाये गये सवालों का सरकार जवाब देने आ रही है। फ़िर भी विपक्ष इन मुद्दों को उछालता रहता है। भारत ने आपरेशन सिन्दूर को लेकर दुनियां को सन्तुष्ट कर दिया है पर विपक्ष अभी सन्तुष्ट नहीं है। आपरेशन सिन्दूर के जवाब के लिये बनाये गये डेलीगेशन में सभी पार्टियों के लोगो को जगह दी गयी। फ़िर भी विपक्ष असन्तुष्ट है। कांग्रेस के शशिर थरूर बार बार कह रहे है देश सर्वोपरि है पर कांग्रेस बार बार यह सवाल उठा रही है। अमेरिकी प्रेसिडेन्ट ट्रम्प बार-बार कह रहे है पाक युद्ध रूकवाने और एटमी टकराव बचाने के लिये उन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई है। पर भारत इसे नहीं मान रहा है कह रहा है भारत और पाक की समझ से यह समझौता हुआ है।

संसद चलाने में हर मिनट ढाई लाख से ज्यादा रूपये का खर्च बैठता है। जाहिर है सदन में ऐसे में प्रोडक्टिव काम न कर पाना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बरबादी है। कानून मंत्री रिजुजी विपक्ष से बातचीत कर संसद प्रोडक्टिव बनाने के लिये प्रयासरत है। इस साल राज्यसभा की प्रोडक्टीबिटी 119 प्रतिशत जबकि लोकसभा की प्राडक्टीपिटी 118 प्रतिशत रही। इस सत्र में राज्यसभा में कुल 16 बिल पास हुये। संसद में हंगामा ज्यादा मचता है इस पर नियन्त्रण होना चाहिये। अर्थपूर्ण बहस होनी चाहिये। मतदाता सब देख सुन रहा है और समझ भी रहा दे।

## गेम चेन्जर साबित होगी पीएमडीडीकेवाई


प्रेम शर्मा

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' (पीएमडीडीकेवाई) को 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं को मिलाकर लागू किया जायेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चैहान के मुताबिक, यह योजना विभिन्न राज्यों के बीच, और एक राज्य के भीतर विभिन्न जिलों के बीच भी, उत्पादकता में असमानता से निपटने पर ध्यान देगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) जैसी केंद्र की चहेती योजनाओं के साथ-साथ जिला धन-धान्य समितियों द्वारा चिह्नित संबंधित राज्य की योजनाओं को भी पीएमडीडीकेवाई में समाहित किया जायेगा। निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय साझेदारियों को भी इस प्रस्तावित योजना के तहत प्रोत्साहित किया जायेगा, जो अक्टूबर में रबी की फसल के मौसम के दौरान शुरू होगी। इस योजना पर छह वर्षों के लिए 24,000 करोड़ रुपये का सालाना खर्च तय किया गया है। उम्मीद लगायी गयी है कि इस योजना का नतीजा उच्च उत्पादकता, कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में मूल्य संवर्धन, स्थानीय आजीविका सृजन, घरेलू उत्पादन और आत्मनिर्भरता में वृद्धि के रूप में सामने आयेगा। योजनाओं के इस एकीकरण को कृषि पर घटते सार्वजनिक खर्च की पृष्ठभूमि में देखना होगा। नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की तर्ज पर, केंद्र कम उत्पादकता व फसल सघनता (क्रॉपिंग इन्टेन्सिटी) और कम ऋण वितरण के आधार पर 100 जिलों की शिनाख्त करेगा। इस योजना से फिलहाल 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा।

कृषि मंत्रालय के अनुसार, योजना का उद्देश्य खेती की उपज बढ़ाना है. गेहूं-चावल और गन्ने के अलावा दलहन-तिलहन की फसलों और नकदी फसलों पर सरकार का जोर है। सरकार इस योजना के जरिये पंचायत और ब्लॉक स्तर पर ही फसलों के भंडारण क्षमता तैयार करेगी, ताकि स्थानीय स्तर पर ही इन्हें सुरक्षित रखकर खर्च बचाया जा सके। इसमें छोटे किसानों को सस्ता कर्ज मुहैया कराया जाएगा. साथ ही सिंचाई योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा। इस जंबो स्कीम के तहत योजनाओं के एकीकरण से इसका संचालन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। निजी क्षेत्र को भी भागीदारी भी इसमें होगी। सरकार की मंशानुसार केंद्र के साथ राज्य सरकार की कृषि योजनाओं को भी इसमें मिलाकर लागू किया जाए। हर राज्य का कम से कम एक जिला इसमें शामिल होगा। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, हर जिले के लिए एक नोडल अफसर होगा। वैसे तो हमारा उत्पादन 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है। फल-दूध और सब्जियों के उत्पादन में भी उछाल है। फिर भी राज्यों की उत्पादकता में काफी अंतर है। राज्य के भीतर भी एक जिले की दूसरे जिले से उत्पादकता कम है। जिन जिलों में फसलों की उपज कम है। किसान आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों के लिए लोन बहुत कम लेते हैं। उन जिलों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। चिन्हित जिलों में 11 विभागों कीयोजनाओं को समाहित करके सिंगल विंडो सिस्टम के तहत एक ही जगह सारे लाभ दिए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने के लिए स्टेट और नेशनल लेवल के साथ जिला स्तर पर समिति बनाई जाएंगी। समितियों में किसान प्रतिनिधि भी शामिल होंगे.

नीति आयोग चयनित जिलों के लिए कुछ पैमाने तय करेगा। जिनके आधार पर प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसकी निगरानी के लिए एक डैशबोर्ड बनाया जाएगा। ये अभियान अक्टूबर के रबी सीजन से शुरू होगा. जिला स्तर की समिति को ग्राम पंचायत या जिला क्लेक्टर द्वारा चलाया जाएगा। केवल जिले में ही नहीं, राज्य स्तर पर भी टीम बनेगी। राज्य स्तर टीम की जिम्मेदारी जिले में योजनाओं के सही तरीके से एकीकरण पर ध्यान देने की होगी। केंद्रीय स्तर पर केंद्रीय मंत्रियों की और सचिव की अध्यक्षता में अन्य विभागों के अधिकारियों की टीम होगी। वैसे देखा जाए तो कृषि पर संसद की स्थायी समिति ने अनुदान मांगों पर ताजा रिपोर्ट में, कुल केंद्रीय योजनागत खर्च के प्रतिशत के रूप में कृषि के लिए आवंटनों में निरंतर गिरावट का उल्लेख किया था। यह वित्त वर्ष 2021-22 में 3.53 फीसदी था। जो घट कर 2022-23 में 3.14 फीसदी, 2023-24 में 2.57 फीसदी, 2024-25 में 2.54 फीसदी और 2025-26 में 2.51 फीसदी रह गया। इसके बावजूद किसानों के हित में 36 योजनाओं को एक करके जो महत्वकांक्षी योजना लागू होने जा रही है वह अगर बिना भेदभाव, क्षेत्रवाद, राजनीति और नौकरशाही से मुक्त होगा धरातल पर उतारी गई तो इसके दूरगामी लाभ अवश्य मिलेगे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है।**

# मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल


ललित गर्ग

11 जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है? लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई।



कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। दोषी को सजा मिलनी चाहिए-यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन निर्दोष को दंड न मिले-यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है। भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर 'नतीजे पहले, जांच बाद में' का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है? क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए।

देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने। एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि 'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।' दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है। यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए।

# 'छत छीन ली गई, वोट भी छीने जा रहे हैं'

सुनील कुमार

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की कुल जनसंख्या 4,25,78,150 है, जिनमें से दिल्ली में रहने वाली आबादी लगभग 20,29,755 है (हालांकि वास्तविक संख्या 40 लाख से अधिक मानी जाती है)। वर्ष 2020-22 तक 'नोटिफ़ाईड' बस्तियों की संख्या घटकर 675 रह गई है, जिनमें अब 3,06,521 झुग्गियाँ रह गई हैं। सिर्फ दो महीनों में लगभग 2000 झुग्गियों को तोड़ा जा चूका है।**

जहां झुग्गी, वहां मकान- ये प्रधानमंत्री मोदी के दो शब्द और 2022 तक सभी के सिर पर छत देने का वादा, उन लाखों लोगों के लिए एक आशा की किरण की तरह था जो वर्षों से सिर पर छत होने का सपना देखते रहे हैं। लेकिन आज जब हम 2022 के पार आ चुके हैं, तो देखते हैं कि न केवल लोगों को छत नहीं मिल पाई है, बल्कि जो लोग गांवों से रोजगार की तलाश में शहरों की बस्तियों में अपना छोटा सा आशियाना बना पाए थे, वे भी अब बेघर होते जा रहे हैं।

दिल्ली से लेकर गुजरात, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश तक के शहरों में बुलडोजर चलाकर झुग्गी-बस्तियों को तोड़ा जा रहा है। और दुखद यह है कि इस प्रक्रिया में 'न्यायपालिका' की भी भूमिका दिखाई देती है। सवाल उठता है- आखिर ये बस्तियों में रहने वाले लोग हैं कौन? कहां से आए हैं? क्या करते हैं? क्यों इन्हें 'अतिक्रमणकारी' कहकर इनके घर उजाड़े जा रहे हैं? और सर्वोच्च न्यायालय भी जब इनके अधिकारों की बात करने की बजाय उन्हें इस शब्द से परिभाषित करने लगे, तो यह न केवल संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि जनतंत्र के मूल आदर्शों से भी गहरा विचलन है। दिल्ली की बस्तियों की बात करें तो, 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली की जनसंख्या 1,67,87,941 थी। इसमें से लगभग 25 प्रतिशत आबादी झुग्गियों में रहती है, जबकि ये बस्तियाँ दिल्ली के कुल क्षेत्रफल के मात्र आधे प्रतिशत में फैली हैं। दिल्ली शहर कुल 1,48,400 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। दिल्ली शहरी विकास बोर्ड (डीयूएसआईबी) के अनुसार, 2013 में दिल्ली में 700 हेक्टेयर भूमि पर कुल 685 झुग्गी-बस्तियाँ थीं इन बस्तियों में लगभग 4,18,282 झुग्गियाँ थीं, जो की दिल्ली के क्षेत्रफल के मात्र आधे प्रतिशत क्षेत्रफल में थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की कुल जनसंख्या 4,25,78,150 है, जिनमें से दिल्ली में रहने वाली आबादी लगभग 20,29,755 है (हालांकि वास्तविक संख्या 40 लाख से अधिक मानी जाती है)। वर्ष 2020-22 तक 'नोटिफ़ाईड' बस्तियों की संख्या घटकर 675 रह गई है, जिनमें अब 3,06,521 झुग्गियाँ रह गई हैं। सिर्फ दो महीनों में लगभग 2000 झुग्गियों को तोड़ा जा चूका है।

दिल्ली की बस्तियाँ लगातार कम क्षेत्रफल में सिमटती जा रही हैं। कभी ये झुग्गी-बस्तियाँ शहर के 2 से 3 प्रतिशत हिस्से में फैली होती थीं, लेकिन आज इन्हें हटाकर यमुना किनारे खेल गांव, अक्षरधाम मंदिर जैसी परियोजनाएँ खड़ी की गई हैं। बस्तियों में रहने वाले कुछ लोगों को बवाना, नरेला और मदनपुर खादर जैसे दूर-दराज के इलाकों में भेजा गया, क्योंकि वहां औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की आवश्यकता थी। झुग्गी-बस्तियों को बसाना और फिर उजाड़ देना यह सरकार की एक दीर्घकालिक रणनीति होती है, जो अमीरों और पूंजीपतियों की जरूरतों के अनुसार चलती है। इस बात को खुद दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने भूमिहीन कैंप की सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था- उन्होंने कहा कि पुनर्वास का अधिकार कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि यह मौजूदा नीति पर आधारित एक प्रशासनिक अधिकार है। हमें यह समझना होगा कि एक समय पर बस्तियाँ क्यों बसाई गई, और अब उन्हें किस कारण उजाड़ा जा रहा है कृ और क्यों केवल गिने-चुने लोगों को ही पुनर्वास मिल पा रहा है।




**झुग्गी-बस्ती कहां से आई :** सत्तर के दशक के बाद दिल्ली ने एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में तेजी से विकास किया। 1980 के बाद उच्च तकनीक वाले उद्योगों का भी विस्तार हुआ जैसे इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर के क्षेत्र में दिल्ली एक बड़ा बाजार बन गया। अब यहाँ सेवा क्षेत्र का विकास हो रहा है। धीरे-धीरे दिल्ली के उद्योगों को हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल जैसे राज्यों में स्थानांतरित किया जाने लगा। जब 2005 में पाँचवीं औद्योगिक गणना हुई, तो दिल्ली में 7,57,743 औद्योगिक इकाइयाँ दर्ज की गई, जिनमें 35,56,837 मजदूर पंजीकृत थे। लेकिन 2013 की छठी गणना में देखा गया कि इकाइयों की संख्या बढ़कर 8,75,000 हो गई, पर मजदूरों की संख्या घटकर 30,19,781 रह गई। यानी उद्योग बढ़े, लेकिन मजदूरों की जगह मशीनों ने ले ली, और रोजगार के अवसर घटते चले गए। जनसंख्या के संदर्भ में देखें तो 2001 में दिल्ली की जनसंख्या 1,38,50,507 थी, जो 2011 में बढ़कर 1,67,87,941 हो गई। इससे स्पष्ट होता है की दिल्ली का बड़ा मेहनतकश आबादी औद्योगिक मजदूरों की जगह दूसरे तरह की मजदूरी-रोजगार में लगा है। ग्रामीण भारत में विकास के नाम पर खेती, लघु उद्योग और हस्तशिल्प को नष्ट किया जा रहा है। किसानों और आदिवासियों की ज़मीनें छीनकर देशी-विदेशी पूंजीपतियों को सेज़, औद्योगिक कॉरिडोर और खनन परियोजनाओं के लिए दी जा रही हैं। इसका नतीजा है कि गांव से पलायन बढ़ा है और भारत की लगभग 35 प्रतिशत आबादी शहरों की ओर जा चुकी है जिसे भारत के पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम 80 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात करते थे। जब ओखला औद्योगिक क्षेत्र बन रहा था, तब वहाँ काम करने वाले मजदूरों के लिए 'संजय कैंप' और 'इंदिरा कैंप' जैसी बस्तियाँ बसाई गईं। धीरे-धीरे फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर वहीं आकर बसते गए और बस्तियाँ फैलती चली गईं। इसी तरह, साउथ दिल्ली में जब एपीजे स्कूल, पंचशील एन्क्लेव, स्वामी एन्क्लेव और शेख सराय जैसे इलाकों में कोठियों और फ्लैटों का निर्माण हो रहा था, तब पास ही जगदम्बा कैंप, लाल गुंबद और स्वामी नगर जे.जे. कैंप जैसी झुग्गियाँ बसाई गईं। रोहिणी सेक्टर 18-19 के निर्माण के समय 'बादली जे.जे. कैंप' 1989 में बसाई गई। आज वही इलाके जब आकर्षक और विकसित हो गए हैं, तब वहाँ की बस्तियों को अवैध बताकर तोड़ा जा रहा है।

गांव से उजड़कर जब किसान-मजदूर शहर आते हैं, तो उनके लिए झुग्गी-बस्तियाँ ही एकमात्र सहारा होती हैं। जिन्हें वहाँ जगह नहीं मिल पाती, वे फैक्ट्रियों में, फुटपाथ पर, या अस्थायी ढांचों में रात गुजारते हैं। कई बार फैक्ट्रियों में आग लगने से सैकड़ों लोग मर जाते हैं और फुटपाथ पर ठंड, गर्मी या दुर्घटना से उनकी जान चली जाती है। आज के समय में झुग्गी-बस्ती मेहनतकश जनता के लिए वैसी ही है जैसे मछली के लिए जल। अगर झुग्गियाँ नहीं रहीं, तो मजदूरों को रहने के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। सरकार की तरफ से दी गई आवासीय व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार हुआ है, लेकिन मजदूरों के लिए आवास का कोई इंतज़ाम नहीं किया गया। इन झुग्गियों की वजह से शहरों को सस्ते मजदूर मिल जाते हैं। इन्हीं मजदूरों के खून-पसीने से शहर बनते और चलते हैं। यहीं से फैक्ट्री मजदूर, ड्राइवर, घरेलू कामगार, राजमिस्त्री, बेलदार, प्यून, चौकीदार, पेंटर, मेड जैसे श्रमिक निकलते हैं। भारत की जीडीपी में इनका एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिसे सरकार और व्यवस्था स्वीकार नहीं करती। यहाँ केवल आवास नहीं, बल्कि छोटे-छोटे उत्पादन और सेवाएँ भी होती हैं।

# सावन मास में कावड़ यात्रा पर सटीक विश्लेषण

**शिवभक्तों की इस कांवड़ यात्रा के लिए उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सरकारों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई। इस बार दोनों राज्यों ने मिलाकर कावड़ यात्रा के लिए 260 करोड़ रुपये से अधिक का बजट तय किया। जहां उत्तर प्रदेश सरकार ने 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, वहीं उत्तराखंड सरकार ने 110 करोड़ रुपये की व्यवस्था की। फिर भी कुछ शिवभक्त कावड़ियों की व्यवस्थाओं के लिए भी शिकायते रही तो समाज में व्याप्त यह जो असमंजस की स्थिति है।**


डॉ उमेश प्रताप वत्स

सावन का महीना आते ही प्रति वर्ष की भाँति एक ही विचार आता है जय भोले, एक ही आवाज आती है बम-बम भोले और सड़कों पर हजारों-हजारों की संख्या में भोले के नाम का जय घोष करते हुए तरह-तरह के रंगों में भोले के भक्त ही दिखाई देते हैं। सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में से एक है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु गंगा जल लेने हरिद्वार, नीलकंठ, ऋषिकेश, गंगोत्री और अन्य घाटों से जल भरकर अपने-अपने राज्यों में सैंकड़ों किलोमीटर की यात्रा के बाद शिवरात्रि के दिन शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। ये भक्त अपनी अलग ही दुनिया में मस्त होते हैं, कोई पैदल जा रहा है कोई फर्राटे भर्ती मोटर साइकिल जिसका साइलेंसर भी बंसुरी निकलवाने के कारण कई गुणा आवाज करता है पर बदल-बदल कर डाक कावड़ लेकर दौड़ता हैं और यदि ऐसे में कोई इनके आगे आ जाये तो उसे घुडकाने में भी देर नहीं लगाते चाहे अपने भोले-भक्तों की गाड़ी भी क्यों न हो, तो इनके पीछे-पीछे कोई ट्रैक्टर ट्राली या फोरविहलर आवश्यक सामान लेकर चल रहा होता है, जिसमें हाई वॉल्यूम वाले डीजे लगे होते हैं, लगता है पूरी सड़क पर इन्हीं का राज है। इनकी यही मस्ती, आनद और जरूरत से ज्यादा ?वर एक्टिव होना गुजरने वालों व अन्यों को रास नहीं आती। कावड़िए जितने आनंदित दिखाई देते हैं उतने ही समाज में कुछ लोग इनको लेकर उदास, नाराज व चिढ़े हुए दिखाई देते हैं। समाज के इसी गुस्से, नाराजगी को कई धार्मिक व राजनैतिक पार्टियां अपना एजेंडा बनाते हैं। नास्तिक कावड़ियों को टोटली आडम्बर कहते हैं तो कम्यूनिस्ट नशेड़ियों का झुंड, आर्यसमाजी अंधविश्वासी कहते हैं तो निराकार उपासना वाले धर्म का बिगड़ता स्वरूप, अन्य धर्म के इन्हें हुडदंगी, कट्टरवादी कहते हैं तो अपने ही हताश-निराश इन्हें हुल्लड़बाज कहते हुए संकोच नहीं करते। वहीं एक बहुत बड़ा सनातनी वर्ग इन्हें किसी तपस्वी से कम नहीं मानता और इनके लिए तरह-तरह की सेवा में समर्पित रहने का प्रयास करता है। शिवभक्तों की इस कांवड़ यात्रा के लिए उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सरकारों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई। इस बार दोनों राज्यों ने मिलाकर कावड़ यात्रा के लिए 260 करोड़ रुपये से अधिक का बजट तय किया। जहां उत्तर प्रदेश सरकार ने 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, वहीं उत्तराखंड सरकार ने 110 करोड़ रुपये की व्यवस्था की। फिर भी कुछ शिवभक्त कावड़ियों की व्यवस्थाओं के लिए भी शिकायते रही तो समाज में व्याप्त यह जो असमंजस की स्थिति है इसे लेकर एक सटीक विश्लेषण की बहुत अधिक आवश्यकता थी। यद्यपि किसी की बात सुनकर, प्रैस न्यूज पढ़कर या जो सामने दिखाई दे रहा है उसका अपने अनुसार आकलन कर यह विश्लेषण करना भोले के भक्तों के प्रति कदापि न्यायसंगत नहीं हो सकता था। अतः भोले से ही प्रार्थना करी कि हे शंभू ! मुझे भी कावड़ियों संग यात्रा का सौभाग्य प्राप्त कराओ।



मैं पंजाब प्रवास पर था तभी दो दिन बाद ही एक मित्र हिंदी प्रोफेसर डॉ प्रकाश भारद्वाज जो इस बार 35 वीं बार कावड़ लेने जा रहे थे उनका फोन आया कि वत्स साहब इस बार आपको भी कावड़ यात्रा ले चलते हैं। भोले नाथ ने प्रार्थना स्वीकार कर ली थी और मैं रविवार को सुबह ही प्रोफेसर साहब के साथ कावड़ लेने के लिए वाया ट्रेन हरिद्वार पंहुच गया। पिछले कुछ वर्षो से कावड़ियों की सुविधाओं की ओर राज्य सरकारों ने जो ध्यान दिया, उसी के परिणामस्वरूप ट्रेन हो चाहे बस, ट्रक हो या फोरविहलर, कार हो या मोटरसाइकिल पैदल हो या दौड़ते हुए सब कावड़ियों के रूप में भोले के भक्त ही दिखाई दे रहे थे । पूरे हरिद्वार में सिर ही सिर दिखाई दे रहे थे। व्यवस्था ऐसी की बड़ी गाड़ियों को अलग स्थान पर रोक दिया गया, आगे चलकर चार पहिये वाहन रोक दिये और आगे दो पहिया वाहन भी रोक दिये। गंगा किनारे एक ओर सावन के बरसाती मौसम में पहाड़ों से माँ गंगा की गोद में आया पावन जल उछालें मार रहा था तो इधर गंगा के चारों ओर ऐसा लगता था कि करोड़ों-करोड़ों शिव गणों की बाढ़ सी आ गई हो। नवजात शिशु से लेकर 80 वर्ष आयु तक के शिव भक्त कोई अपनी माँ की गोद में कोई गंगा मैया की गोद में वात्सल्य का आन्नद ले रहा था। उत्तराखंड के 15 हजार पुलिसकर्मियों में से अधिकतर तो हरिद्वार में ही तैनात थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने हर की पौड़ी पर जाने वाले रास्ते जगह-जगह डाइवर्ट किये हुये थे।

हरिद्वार तो मैं भी बीसों बार आ चुका था किंतु कावड़ लेने शिव कृपा से पहली बार ही आया था। हर की पौड़ी का दृश्य देखने वाला था, चप्पल-जूते पौड़ी पर ले जाने की अनुमति नहीं थी तो हजारों जोड़े बाहर सड़क पर ही निकले हुये थे जिन्हें बाद में कोई बिरला ही पहचानकर प्राप्त कर सकता था। हर की पौड़ी पर एक ओर तो कावड़ियों के लाखों सिर दिखाई दे रहे थें तो दूसरी ओर व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मियों, वॉलंटियरों की सीटी बजाने की आवाज गूंज रही थी या फिर बम-बम भोले, हर-हर महादेव का जयघोष। प्रोफेसर साहब के साथ होने से हमें नियमपूर्वक दान जप के साथ स्नान करने में कोई दिक्कत नहीं आई क्योंकि वे आस्था व नियमों की कसौटी पर उतारकर ही प्रत्येक कार्य करने में विश्वास रखते थे। हर की पौड़ी से ही कावड़ का सामान खरीद कर हम बारी-बारी से स्नान कर गंगा मैया व नीलकंठ महादेव को प्रणाम कर अपनी यह यात्रा प्रारंभ कर चुके। कावड़ यात्रा के साथ ही यात्रा के नियम प्रारंभ हो चुके थे जो निसंदेह कावड़ियों को तपस्वी की श्रेणी में लाते हैं। आप कावड़ को कहीं भी जमीन पर नहीं रख सकते, झुलाने की उचित व्यवस्था होने पर ही कावड़ वहां झुलायी अथवा रखी जा सकती है। कावड़ ग्रहण करने पर आप भयंकर गर्मी में पानी भी नहीं पी सकते पहले उसे उचित स्थान पर रखना होगा। कावड़ के साथ आप कितने भी थक गये हो किंतु कहीं भी नीचे-ऊपर, कुर्सी आदि पर बैठना नहीं है। यदि आप शौच के लिए जाते हैं तो फिर स्नान करने के बाद ही कावड़ ग्रहण कर सकते हैं और यदि आपने कहीं भंडारे अथवा ढाबे पर अन्न ग्रहण किया है तो तत्पश्चात भी स्नान करना अनिवार्य है। रविवार का दिन था, इसके बाद सोमवार सावन व्रत, मंगलवारनियमित व्रत व बुधवार को शिव चौदस का व्रत रहने ही वाला था अतः हर की पौड़ी से तीन-चार किलोमीटर निकलकर गंगनहर के किनारे कावड़ झुलाकर हम दोनों ने घर से लाया हुआ भोजन ग्रहण किया।

# किसानों को बीज व खाद की न हो कमी : दानिश

## प्रभारी मंत्री ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की, समय से खोलें जायें क्रय केन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री / प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मा0 जनप्रतिनिधियों के फोन अनिवार्य रुप से उठाये जायें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए लिखित रुप में जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण मौजूद रहे। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बुके भेंट कर प्रतिनिधियों स्वागत किया। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार ने जनपद के ग्राम सैदपुर में यूपीसीडा द्वारा 1472 एकड़ में बनाये जा रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क के बारे में बताया कि तीन चरणों में फार्मा पार्क का कार्य किया जाना है। प्रथम चरण में 352.91 एकड़ भूमि पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्लाट आवंटन भी शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 4 प्लाट आवंटित भी किये जा चुके हैं। उन्होंने जल निगम शहरी एवं ग्रामीण के अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि

■ **बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर करायें निस्तारण**

हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करें और रोड रेस्टोरेशन का कार्य त्वरित गति से पूर्ण करायें। उन्होंने विद्युत विभाग के दोनों अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि जनपद में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति होनी चाहिए और प्रतिनिधियों के फोन आये तो अनिवार्य रुप से अटेण्ड किया जाए तथा उनके द्वारा बतायी गई जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही स्मार्ट मीटरों में यदि शिकायत आ रही है तो क्षेत्र में जाकर उसका सत्यापन करें और समस्या का निस्तारण करायें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज में विद्युत और पेयजल की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए, इसके लिए बनाये जा रहे फीडर का कार्य त्वरित गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि आने वाले छात्रों को कोई समस्या न रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रवेश द्वार को और अधिक आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग दूर से ही उसे देख सकें, इसके लिए प्रवेश द्वार से 100 मीटर दूरी पर एलईडी लाइट्स, द्वार पर फसाड लाइट, सीसीटीवी कैमरे व डिस्प्ले स्क्रीन आदि लगाई जाये, ताकि लोगों को लगे कि वे किसी शहर में प्रवेश कर रहे हैं। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। कहा कि पर्यटन की दृष्टि से जनपद समृद्ध है, इसके लिए जनपद में स्वीकृत 14 प्रोजेक्टों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश पर्यटन के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये।

# हरियाली तीज को लेकर की गाइड लाइन जारी, दर्शन को आने वाले जान ले

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मंदिर ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज वृंदावन के प्रबंधक ने दिनांक 24 जुलाई हरियाली अमावस्या से दिनांक 27 जुलाई दिन रविवार हरियाली तीज मेला तक के अवसर पर मन्दिर परिसर एवं गलियों सहित समूचे वृन्दावन में भारी भीड़ के दबाव को देखते हुए सभी श्रृद्धालुओं से निवेदन किया है कि वे उक्त दिनांक में अपने अराध्य श्री बांके बिहारी जी महाराज के दर्शन हेतु मंदिर आते समय निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें।



सभी बाहर से आने वाले दर्शनार्थीगणों से अनुरोध है कि वे वृन्दावन आने से पूर्व समाचार पत्रों एवं भीड़ की मीडिया के माध्यम से स्थिति का आंकलन कर वृन्दावन पधारें। यदि भीड़ अधिक है तो भीड़ का हिस्सा बनने से बचे। हरियाली अमावस्या एवं हरियाली तीज, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी इत्यादि मुख्य त्योहारों पर भी बहुत अत्यधिक भीड़ रहती है। अतः अत्याधिक भीड होने पर प्रोग्राम आगामी दिनांकों, जब भीड़ ना हो तब बनाए। ठाकुर जी महाराज के दर्शनार्थ आने वाले श्रृद्धालु प्रमुख त्यौहारों, शनिवार, रविवार एवं राजकीय अवकाश वाले दिनों में भी भीड़ का आंकलन कर वृन्दावन आए। दर्शनार्थीगण मंदिर प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गए एकल मार्गीय रूट चार्ट एवं नियमों का पालन करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार की जा रही अनाउंसमेंट/सूचना को ध्यान पूर्वक सुने एवं उसका पालन करें। भीड़ के समय वृद्ध, दिव्यांगजन, छोटे बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों व श्वास सम्बन्धी रोगी व्यक्ति मंदिर परिसर में ना आए। खाली पेट ना आए। मन्दिर आते समय श्रृद्धालु किसी भी प्रकार का कीमती सामान/आभूषण अधिक नगदी अपने साथ न लाए। सभी श्रृद्धालु कृपया मंदिर में प्रवेश निकास हेतु निर्धारित प्रवेश एवं निकास मार्ग का ही प्रयोग करें तथा एकल मार्गी व्यवस्था अनुसार दर्शन कर शीघ्र अपने गंतव्य को प्रस्थान करें जिससे पीछे से आने वाले अन्य दर्शनार्थियों को दर्शन का पर्याप्त लाभ मिल सके, मंदिर में अनावश्यक रूप से खड़े ना रहें। मंदिर परिसर के पास जूता चप्पल रखने की कोई व्यवस्था नहीं है कृपया मंदिर में जूता-चप्पल पहनकर न आए। जूता चप्पल रखने की व्यवस्था विद्यापीठ चौराहा, गौतम पाड़ा, जुगल घाट, जादौन कार पार्किंग, हरि निकुंज चौराहा पर बनाए गए जूता घर में की गई है, इस लिए जूता चप्पल, निर्धारित जूता घर में उतारे अथवा होटल, गाड़ी में उतार कर आए अथवा नंगे पाँव आए।

# 'चयन वेतनमान की पत्रावलियां भेजी जाए बीएसए कार्यालय'



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) ब्लॉक इकाई बार के अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया, मंत्री जितेंद्र जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों के चयन वेतनमान से संबंधित एवं अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन बीईओ बार शैलजा व्यास को सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए उनके निस्तारण की मांग की।ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि ब्लॉक बार के परिषदीय विद्यालयों में पदस्थ जिन शिक्षकों ने 31 दिसम्बर 2024 को दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है उनका चयन वेतनमान ऑनलाइन प्रक्रिया बाधित होने के कारण अभी तक लंबित है। उन्हें इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने संगठन के माध्यम से मांग की है कि अध्यापकों की पत्रावलियां बीआरसी कार्यालय बार से आफलाइन आधार पर पूर्ण कराते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित की जाए जिससे अध्यापकों को चयन वेतनमान का लाभ मिल सके।


# कॉरिडोर के विरोध में फिल्म अभिनेता ने थामी तख्ती

**मथुरा।** प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास ट्रस्ट को लेकर बांके बिहारी मंदिर पर प्रदर्शन जारी है। फिल्म अभिनेता रवि पांडे मंगलवार को बांके बिहारी मंदिर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। रवि पांडे ने कहा कि 5000 वर्ष पूर्व इसी धाम में सबके आराध्य भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं हुई है अगर कॉरिडोर का निर्माण होता है तो प्राचीनता खत्म हो जाएगी। जो इतिहास है जो वृंदावन की रज माटी से जाना जाता है वह सब उस विकास में धुंधला हो जाएगा जिसकी परिकल्पना कोई नहीं कर सकता है।कॉरिडोर का निर्माण अन्य कहीं जगह स्थापित किया जाए ताकि वृंदावन का स्वरूप बचा रहे। मैं वृंदावन की कुंज गलियों के चर्चे अपने बचपन से सुनता आ रहा हूं इस कॉरिडोर के निर्माण से वह सारी कुंज गलियां खत्म हो जाएगी। सरकार से अपील है की इस कॉरिडोर की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और भीड़ नियंत्रण पर भी प्रशासन कार्य करे तो बिल्कुल समाधान निकलेगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर संजीदा रहे पुलिस अधिकारी : एसपी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों के साथ कावड़ यात्रा में अपराध एवं कानून-व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये हैं। गूगल मीटिंग में एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को श्रावण मास में कावड़ यात्रा व आगामी त्यौहारों को लेकर प्रमुख मार्गो का भौतिक रुप से निरीक्षण कर मन्दिरों/शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये। अन्य जनपदों से आने वाले कांवड़ यात्रियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक मार्गो की जानकारी देने तथा यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने, समस्त पीआरवी को सक्रिय रहने,




■ **एसपी ने गूगल मीटिंग कर अधीनस्थों को दिये निर्देश**

संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर मार्गो के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील स्थिति में रखने के लिए भी कहा गया। चोरी, झपटमारी, लूट, डकैती, नकबजनी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी स्वयं चोरों एवं अपराधियों का सत्यापन कर, घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग/गस्त करने हेतु निर्देशित किया। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी प्रतिदिन प्रभावी चेकिंग करने तथा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

# मथुराः एसएसपी ने महकमे में ध्वस्त किया दलाली का नेटवर्क

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार की कार्यशैली मथुरा जनपद में अब लोगों की जुबान पर है। लोगों को उम्मीद जगी है कि कुछ हो सकता है। एसएसपी ने दलाली के पूरे मकड़जाल को ही तोड़ने का काम शुरू किया है। थाना हाईवे के दारोगा और सिपाही को जेल भेज ने शुरू हुआ यह अभियान थानों पर तैनात कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल तक जा पहुंचा है। एक दिन पहले 28 सब इंस्पेक्टर और कई चौकी इंचार्ज के कार्यक्षेत्रों को एसएसपी ने बदला था। इसके दूसरे दिन थाना प्रभारी निरीक्षक से सेटिंग कराने वाले 21 थाना प्रभारी निरीक्षकों के 27 हमराह को एसएसपी श्लोक कुमार ने लाइन हाजिर कर दिया है। सभी को सजा के तौर पर पुलिस लाइन भेजा है। एक साथ 27 हमराहों के लाइन हाजिर होने से विभाग में खलबली मच गई है। यह वह 27

■ **इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर से अब कांस्टेबल तक पहुंची कार्यवाही**

पुलिसकर्मी हैं जो थानों पर तैनाती पाने वाले थाना इंचार्ज के लिए रिश्वत खोरी का जुगाड़ सेट करते थे। नए आये इंचार्ज को समझने में कुछ समय लगता है लेकिन यह पहले दिन से ही मामला सैट कर देते थे। इस कार्यवाही की चर्चा जनता में है वहीं पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। लाइन हाजिर होने वाले अधिकांश पुलिसकर्मी थाना प्रभारी निरीक्षकों के हमराह हैं। आरोप है कि ये हमराह थाने में आने वाले लोगों से थाना प्रभारी निरीक्षक की सेटिंग कराते थे। जांच के बाद एसएसपी ने कार्रवाई की। पेशकार विकास बघेल ने बताया कि एसएसपी श्लोक कुमार ने हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों को लाइन हाजिर करने से पहले सभी के खिलाफ एलआईयू से जांच कराई।

# पार्षद से जानमाल की सुरक्षा कराने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में विगत 09 जुलाई को पार्षद मनमोहन चौबे व कार्यवाहक स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया के बीच हुये विवाद के मामले में प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को पत्र देकर स्वास्थ्य नायक द्वारा पार्षद से सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है। आरोप है कि पार्षद द्वारा विगत कई महीनोंसे मानसिक, आर्थिक, शारीरिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे भयभीत होकर पीड़ित स्वास्थ्य नायक आत्महत्या तक करने का प्रयास कर चुका है। आरोप है कि पार्षद द्वारा अपनी लाइसेंसी बंदूक से पीड़ित पर जानलेवा हमला कर चुका है और बीती 9 जुलाई को पार्षद द्वारा नगर पालिका कार्यालय में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुये मुंह पर थूक दिया गया और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी थी। प्रकरण को लेकर पीड़ित के पक्ष में सफाई कर्मियों ने कामबंद हड़ताल कर दी थी, जिसके परिणाम स्वरूप पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पार्षद मनमोहन चौबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(घ), 3(2)(1ए) के तहत एफआईआर भी दर्ज की थी। पीड़ित ने बताया कि अब उसे पार्षद से जानमाल का लगातार खतरा बना हुआ है, जिस कारण उसके साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

■ **कार्यवाहक स्वास्थ्य नायक ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र**

### पार्षद ने भी प्रभारी मंत्री को दिया पत्र

9 जुलाई को नगर पालिका परिषद कार्यालय में मारपीट के मामले में पार्षद मनमोहन चौबे ने भी प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को शिकायती पत्र देकर उन पर हुये प्राणघातक हमले में कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि आलाधिकारियों के इशारे पर ठेकेदार प्रमोद चौबे व स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया, जितेंद्र करौसिया ने उनके साथ मारपीट की थी, जिससे वह घायल हो गये थे। मामले की शिकायत उन्होंने कोतवाली में भी दर्ज करायी थी, जहां से अभी तक कोई समुचित कार्यवाही नहीं की गयी है।

# हड्डी विभाग की ओपीडी को ग्राउण्ड फ्लोर से संचालन की मांग

**ललितपुर।** जिला अस्पताल में हड्डी रोग विभाग की ओपीडी को प्रथम तल से ग्राउण्ड फ्लोर पर संचालित कराये जाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 26 से पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपा है। बताया कि स्वशाषी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में मर्ज हो चुके जिला अस्पताल में संचालित हो रहे हड्डी रोग विभाग की ओपीडी को प्रथम तल से ग्राउण्ड फ्लोर पर संचालित किया जाये। बताया कि मेडीकल कॉलेज में इस समय अच्छे चिकित्सक कार्य कर रहे हैं, लेकिन हड्डी रोग की ओपीडी प्रथम तल पर स्थित है, जिससे पैर और कमर की हड्डी से ग्रसित मरीजों को अत्याधिक परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीजों को ऊपर लाने और वापस आने में बेहद कष्ट का सामना करना पड़ रहा है।

# खाली प्लाटों में कूड़ा-कचरा न डालें : ईओ दिनेश कुमार



सफाई करतीं महिला सफाई कर्मी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान में वार्ड सं. 14 व 22 में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कार्य कराया गया व बारिश के चलते सड़कों पर हुए जल भराव का निस्तारण किया गया। अभियान में एसआई ने स्वास्थ्य नायकों को कहा कि वार्डो में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करें, वार्डों में खाली पड़े प्लाटों जिनमें जल भराव हो रहा है व मोहल्लेवासियों द्वारा उनमें कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को चिन्हित कर उन्हें सूचित करें व वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, यदि इसके बाद भी यदि खाली प्लाटों में कूड़ा व जल भराव पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए जुर्माना वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि संचारी अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर विभागीय सहयोग द्वारा वेक्टर जनित एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जैसे साफ सफाई, झाड़ी की कटाई, एंटी लार्वा छिड़काव व जनता को जागरूक किया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### 23 जुलाई से 05 सितम्बर तक चलेगा अभियान



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान के छठवां चरण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त अभियान जनपद में 23 जुलाई से 05 सितम्बर तक (कुल 45 दिवस) संचालित होगा। अभियान के अन्तर्गत गठित टीमों द्वारा जनपद में 8,50,000 (गोवंशीय एवं महिषवंशीय) पशुओं में खुरपका मुँहपका रोग की रोकथाम हेतु टीकाकरण पशुपालक के द्वार पर जाकर निःशुल्क किया जायेगा।

### मृतक शिक्षा मित्रों को देंगे श्रद्धांजलि

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जनपद के शिक्षा मित्र 25 जुलाई को हर वर्ष की भांति काला दिवस के रूप में मनाएँगे , विदित रहे कि 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी के कारण शिक्षा मित्रों का सहायक अध्यापक के पद का समायोजन रद्द हो गया था तब से लेकर अब तक पूरे प्रदेश से लभगव 12 हजार शिक्षा मित्र आर्थिक तंगी , अवसाद , बीमारी एवं आत्महत्या से अपनी जान गवा चुके हैं। संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी का कहना है कि 2017 से शिक्षा मित्र 10 हजार रुपये के अल्प मानदेय पर काम कर रहे हैं।

# जुआरी फार्म हब लिमिटेड ने बच्चों में बांटे बैग, बैग पाकर चहंके बच्चे



अवधनामा संवाददाता

**तिलोई/अमेठी।** बुधवार को सामुदायिक सहभागिता की मिशाल पेश करते हुए एडवेंट्स ग्रुप की कम्पनी जुआरी फार्म हब लिमिटेड ,जय किसान जंक्शन मोहनगंज के सौजन्य से बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला,तिलोई-अमेठी में बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार मौर्य, एरिया मैनेजर,जे एफएचएल, विशिष्ट अतिथि-विजय तिवारी, स्टोर मैनेजर एवं अध्यक्षता धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से शुरू हुआ। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं शिक्षिकाओं ने आये हुए अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। अनिल कुमार मौर्य, विजय तिवारी एवं पिण्टू कुमार ने 150 बच्चों को बैग वितरित किये गये।बैग के साथ ही बच्चों को चिप्स व बिस्कुट भी बच्चों को भेंट की गयी, जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए, बैग वितरण हेतु विद्यालय का चयन करने पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# मनमर्जी कर रहे प्रापर्टी डीलर, डाल डाल डोल रहा एमवीडीए

**मथुरा।** प्रॉपर्टी डीलर मनमर्जी कर रहे हैं। मुख्य मार्गो पर कुकुरमुत्तों की तरह प्लाटिंग की जा रही है। आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही हैं। शिकायत होने पर एमवीडीए की ओर से इक्का दुक्का कार्यवाही जरूर की जा रही है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को वृंदावन के रामताल रोड, कीकी नगला, देवी आटस बांगर क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित हो रही तीन कॉलोनी में जोरदार तरीके से ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। रामताल रोड पर 1.23 एकड़ में वेंकटेश कुमार द्वारा वृंदावन प्रॉपर्टी तथा शरद गुप्ता (रामा ग्रुप) कीकी नगला में 7.41 एकड़ में जबकि इनके ही द्वारा एलिगेंस रिसॉर्ट के पास देवी आटस बांगर में 0.74 एकड़ में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। रामताल रोड पर वृंदावन प्रॉपर्टी में तो सड़क प्लॉटों की चहारदीवारी और 100 के करीब बिजली के खंभे, सीवर लाइन जेसीबी से तोड़ दिए गए।

# प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था का राज काम करने में विफल : नौशाद अली



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु. मायावती जी के दिशा निर्देश पर मथुरा जनपद की बल्देव विधानसभा क्षेत्र के आर के गार्डन महावन में सैक्टर व बूथ कमेटी की एकदिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व एमएलसी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी जनाब बाबू नौशाद अली जी ने कहा सभी सेक्टर व बूथ के पदाधिकरियों को अपने-अपने बूथ को मजबूत करना होगा जिले के पदाधिकारीओ को हिदायत देते हुए कहा है जिम्मेदारी के साथ काम समय पर पूरा करना होगा और कहा उत्तर प्रदेश में हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं आम बात हो गई है अपराधियों को कानून का बिल्कुल भी खौफ नहीं है बताया जब बहन जी की सरकार थी बहन बेटियां स्कूल तक निडर होकर जाती थी किसी की हिम्मत नहीं थी बहन बेटियों की तरफ आंख उठाकर भी कोई देख ले बहन जी की सरकार में कानून का राज कानून के द्वारा स्थापित था सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी समय से अपने-अपने कार्यालय पहुंच करके अपने-अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ करते थे बैठक सभी मे आने वाले 2027 के

■ **बसपाः संगठन को मजबूत करने में जुटे नेता और कार्यकर्ता**

विधानसभा चुनाव में सामाजिक भाईचारा बनाकर के बहन कु. मायावती जी को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया बैठक में उपस्थित रहे बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह एवं हेमेंद्र कुमार देवीसिंह कुंतल जिला कोषाध्यक्ष जिला प्रभारी योगेंद्र सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य मुनेंद्र निगम जिला कार्यालय प्रभारी मनोज रावत विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ सागर मोहम्मद विधानसभा कोषाध्यक्ष मनीराम डीलर विधानसभा संयोजक बामसेफ रघुवीर सिंह विधानसभा संयोजक खेमचंद मास्टर साहब जिला संयोजक बामसेफ मुकेश कुमार विधानसभा संयोजक तेज सिंह मेंबर सोमवीर बैठक का संचालन बलदेव विधानसभा अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार ने किया।

# वृक्षारोपण से सम्बंधित फोटो व सेल्फी हरीतिमा ऐप पर अपलोड की जाएं



अवधनामा संवाददाता

■ **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई वन विभाग की समितियों की बैठक**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण से सम्बंधित फोटो व सेल्फी हरीतिमा ऐप पर अधिक से अधिक अपलोड की जाएं। ऐप पर जाने के लिए क्यूआर कोड का भी प्रयोग किया जा सकता है। ग्राम चौपाल में पर्यावरण व वन संरक्षण से सम्बंधित विषय शामिल किये जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन के दो पौधे उपलब्ध कराये जाएं। जल जनित रोगों की रोकथाम के उपाय किये जाएं। बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए सम्बंधित को जागरूक किया जाये। नगर निकायों में कचरा पृथक्करण के व्यवस्था को सुचारु रखा जाये। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाये। राजघाट में कटरी छिबरामऊ के पास भगीरथ द्वार बनवाया जाये। गंगा ग्रामों में कराये जा रहे विकास कार्यों की सूची वन विभाग को सम्बंधित विभागों की ओर से उपलब्ध करायी जाये।

# विद्यायिका ने तूफानी डाक कावड़ यात्रा को रवाना किया

■ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने कांवड यात्रियों का सम्मान किया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला जब सैकड़ों शिवभक्त युवाओं द्वारा आयोजित तृतीय विशाल तूफ़ानी डाक कांवड़ यात्रियों को पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय ने पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर के साथ अंगवस्त्र एवं फूल मालायें पहनाकर सम्मान करनें के उपरान्त रवाना किया। बीतीशाम नगर के तिर्वारोड स्थित कमलाशरन इण्टर कॉलेज में सैकड़ों शिवभक्त युवाओं द्वारा आयोजित तृतीय विशाल तूफ़ानी डाक कांवड़ यात्रियों ने रवाना होने से पूर्व विधिवत पूजन-अर्चन कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया गया। उत्साह, भक्ति और अनुशासन से भरे शिव भक्तों ने बोल बम के जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुये डीजे की भक्तिमय धुनों एवं जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक कावड़ यात्रा प्रारंभ की। यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर के मोहल्ला रामगंज में पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने इण्टरलाकिंग सड़क का किया लोकार्पण

■ क्षेत्रवासियो को स्वच्छ भारत मिशन के तहत बांटे गये झोले व डस्टबीन

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा ने वार्ड संख्या 26 कब्बाखेड़ा में मनोज द्विवेदी के मकान से संदीप पुत्र मुन्नू सिंह के मकान मकान तक निर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण कर सम्मानित क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस दौरान क्षेत्रिय नागरिकों मे बलराम कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा, अप्पू गुप्ता, मोंटी, संजय मिश्रा, अनुराग सिंह व मोहल्ले की महिलाओं ने वर्षों से खराब पडी सडक का निर्माण होने से मोहल्लावासियों की रास्ता सुगम होने से नगरपालिका अध्यक्षा को फूल माला पहनाकर सम्मानित कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसी क्रम मे नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू के नेतृत्व मे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कब्बाखेड़ा में क्षेत्रवासियों को कपड़े के झोले एवं डस्टबिन वितरित किए गए। नगरपालिका अध्यक्षा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक के प्रयोग से दूर कर पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका अध्यक्षा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना की साथ ही क्षेत्रिय नागरिकों ने स्वच्छता बनाए रखने हेतु सहयोग किये जाने का आश्वासन भी दिया।

## सियाप्यारी प्लाजा में प्रसिद्ध रेस्टोरेन्ट वन बाइट की शाखा का विधायक ने किया उद्घाटन

**उन्नाव।** शहर के सियाप्यारी प्लाजा में देश की सबसे प्रसिद्ध रेस्टोरेंट की श्रृंखला में वन बाइट का अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भागवत कथा मर्मग्य आचार्य शिवाकांत शास्त्री ने जिले के सदर विधायक पंकज गुप्ता बीजेपी जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ फीता काटकर उदघाट्न किया। इस मौके पर उन्होंने रेस्टोरेंट में बनने वाले उच्च गुणवत्ता वाले खाने के व्यंजन की जानकारी ली। कार्यक्रम में बीजेपी नेता सुशील तिवारी, हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, बीजेपी नेता अमित मिश्रा, पूर्व प्रदेश मंत्री मंजुलता अवस्थी, जिला सहकारी संघ की उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, अधिवक्ता अजेंद्र अवस्थी, अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी गोपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, पत्रकार प्राचीन्द्र मिश्रा, पत्रकार प्रदीप तिवारी विनोद कुमार गौतम हिमांशु अवस्थी, चेतन मिश्रा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे। रेस्टोरेंट के प्रबंधक शिवम बाजपेई ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एआइपीएमएम की राष्ट्रीय संगोष्ठी 26 जुलाई को जामिया में

**अवधनामा संवाददाता**

■ जातीय जनगणना पर होगा गंभीर विमर्श

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी दिनांक 26 जुलाई 2025 (शनिवार) को सीआईटी हॉल, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में आयोजित होगी। संगोष्ठी का विषय जातीय जनगणनाः पसमांदा मुस्लिम समुदायों के लिए सामाजिक न्याय का मार्ग यह संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित होगी, जिसमें पसमांदा राजनीति, सामाजिक न्याय, और जातीय आंकड़ों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता, और संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि होंगे दानिश आज़ाद अंसारी, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार। वहीं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता करेंगे शारिक अदीब अंसारी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, AIPMM तथा मुख्य अतिथि होंगे प्रो. मजहर आसिफ, कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया। 22 जुलाई 2025 की रात्रि 9:30 बजे संगोष्ठी की रूपरेखा को अंतिम रूप देने हेतु एक ज़ूम मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें मुहम्मद युनुस मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ एवम् सेमिनार कॉर्डिनेटर ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी, राष्ट्रीय महासचिव कमरुद्दीन अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली डॉ. शारिद अंसारी, प्रदेश महासचिव दिल्ली रेहान असरारी, पसमांदा एक्टिविस्ट समीन अंसारी, राष्ट्रीय सलाहकार अख्तर हुसैन सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए। संगठन ने पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी साथियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक संगोष्ठी में समय से पहुँचकर इसे सफल बनाएं। संगठन समाज की आवाज़ बनकर, उसके अधिकारों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में कंपोजिट विद्यालय ने बनाई जगह

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** कंपोजिट विद्यालय चंदौरा में कक्षा-8 का छात्र अंश इंस्पायर अवार्ड हेतु यंत्र का नाम ह्यूमन पैडल पावर हैक्शा जिसका उपयोग टिकाऊ कटाई के लिए यंत्र ह्यूमन पैडल पावर हेक्सा एक अभिनव और पर्यावरण अनुकूल काटने का उपकरण है कुशल और टिकाऊ कटाई कार्यों के लिए मानव शक्ति का उपयोग करने हेतु डिजाइन किया गया है इस परियोजना का उद्देश्य एक वैकल्पिक कटाई समाधान की आवश्यकता को पूरा करना जो कि बिजली की निर्भरता को कम करता है और कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है जिससे यह ग्रामीण और दूर दराज के क्षेत्रो में विशेष रूप से लाभकारी हो जाता है जहां बिजली की आपूर्ति अनियमित होती है! विज्ञान शिक्षिका् प्रशस्ति शुक्ला विद्यालय कंपोजिट विद्यालय चंदौरा ने विज्ञान प्रदर्शनी जीजीआईसी कैम्प्स मे औरास से कुल तीन विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था आदमपुर फैजुल्लानगर उच्च प्राथमिक लहरु एवं कंपोजिट चंदौरा आदि ने प्रतिभाग किया था। औरास की तरफ से कंपोजिट विद्यालय चंदौरा ने जीजीआईसी उन्नाव में लगी इंस्पायर्ड अवार्ड्स प्रदर्शनी मे टॉप टेन मे जगह बनाकर अपने औरास ब्लॉक का नाम रोशन किया। कक्षा 8 मे अध्ययन अध्यनरत छात्र अंश व विज्ञान शिक्षिका प्रशस्ति शुक्ला सहित समस्त स्टाफबधाई के पात्र है। हमारी शुभकामनाएं विद्यालय परिवार के साथ है। उन्नाव जनपद से मंडल में स्थान प्राप्त करने हेतु समस्त विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक जूनियर शिक्षक संघ उन्नाव द्वारा कंपोजिट विद्यालय चंदौरा के बच्चों एवं समस्त विद्यालय परिवार अथवा जनपद में समस्त प्रतिभागी एवं चयनित विद्यालय परिवार एवं बच्चों को राकेश बघेल, आदि ने शुभकामनाएं बधाई दी।

## संदिग्ध परिस्थिति एक मजदूर की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**महोबा।** एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक मजदूर पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के उमरिया जिले का रहने वाला था। वह दिदवारा गांव में पत्थर तोड़ने का काम करता था। बुधवार को मजदूर के पेट में तेज दर्द होने और उल्टियां होने लगीं। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां डेढ़ घंटे के इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बाहर से 1600 रुपये की दवाएं मंगवाईं। इसके बावजूद मजदूर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत से नाराज मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा।

जनपद उमरिया निवासी अशोक सिंह 25 पुत्र भगवतदीन सिंह जिला मुख्यालय के नजदीक दिदवारा गांव में मजदूरी करता था। मृतक के भाई सुनील सिंह ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# पार्वती जी की विदाई की कथा सुन नम हुई श्रद्धालुओं की आंखें

■ लखनऊ से जनप्रतिनिधियों ने पधार कर प्राप्त किया आशीर्वाद

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** श्री आदिगुरु वैदिक सेवा संस्थान और श्री गोकुलबाबा मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता शैवाचार्य प्रशांत प्रभु जी महाराज ने पार्वती जी की विदाई की मार्मिक कथा सुनायी। विवाह की रस्में पूरी हुई और बारात विदा होने के लिए तैयार हुई। राजा हिमालय और रानी मैना अपनी पुत्री पार्वती को विदा करने के लिए बहुत दुखी थे। वे जानते थे कि पार्वती अब उनके साथ नहीं रहेंगी और उन्हें अपने ससुराल जाना होगा।

विदाई के समय पार्वती जी एक-एक करके अपने सभी परिजनों से गले मिलीं। माता-पिता के गले लगकर वे फूट-फूटकर रोईं। राजा हिमालय और रानी मैना भी अपनी पुत्री को विदा करते समय बहुत दुखी थे, लेकिन उन्होंने पार्वती को आशीर्वाद देकर विदा किया। विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, रमाशंकर त्रिपाठी, सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह, नम्रता शुक्ला सहित व्यापारी नेता अमित मिश्रा आदि ने महाराजश्री का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन और आरती में सत्येंद्र सिंह, वंदना सिंह, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, निशीथ निगम, राधा निगम, विक्रम सिंह, प्रिया सिंह, धीरज सिंह, सोनम सिंह, चंद्रप्रकाश बाजपेई, रंजना मिश्रा, संजय त्रिपाठी, नीलम त्रिपाठी, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, कमल वर्मा ज्वेलर्स, मनोज सिंह, राहुल कश्यप, संजीव पांडेय, वीरेंद्र सिंह, विवेक साहू, जीतेन्द्र सिंह अन्नू, कल्लू सोनी, श्याम जी गुप्ता आदि ने भाग लिया। यजमान परिवारों ने सामूहिक रुद्राभिषेक में शामिल होने की अपील जनपदवासियों से की।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवार परामर्श केन्द्र ने बिखरनें से बचाया एक परिवार



**कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना कन्नौज में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में निम्न अधिष्ठान /कर्मचारियों निरीक्षक रंजना पांडेय, महिला आरक्षी अनामिका यादव व सीमा यादव की उपस्थिति में दोनों पक्षों की सुनवाई कर समझौता कराने का प्रयास किया गया। बुधवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना कन्नौज में निरीक्षक रंजना पांडेय, महिला आरक्षी अनामिका यादव व सीमा यादव के कमेटी की मध्यस्थता के चलते परिवार एवं नौनिहाल हित की बातों से अवगत कराकर एक परिवार को बिखरने से बचाया गया। जिसके परिणामस्वरूप पति-पत्नी दोनों आपसी मनमुटाव भुलाकर साथ-साथ रहने को तैयार हो गये हैं और खुशी-खुशी अपने घर चले गये। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र (नई किरण) बिखरे परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

### किशोरी को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 15 जुलाई की दोपहर 02 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को जनपद गाजीपुर के थाना रायपुर के ग्राम राजापुर निवासी सोनू पुत्र रामकरन कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### पत्नी ने पति पर लगाया बेटी से छेड़छाड़ करनें का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 22 जुलाई की रात्रि 11 बजे घर के कमरे में सो रही उसकी पुत्री के साथ उसके ही पति ने छेड़खानी की बेटी द्वारा शोर मचाने पर उसकी बेटी व उसके साथ गालीगलौज करते हुये लात घूसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### तलाकशुदा महिला ने मायके में फांसी लगा जान दी

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के उधवाखेड़ा गांव निवासी रूमा (28) पुत्री मुनेश्वर की शादी दही थाना क्षेत्र के जमनुआ निवासी गिरजाशंकर से हुई थी। शादी के बाद से दोनों में अक्सर कहासुनी होती थी। करीब तीन साल पहले दोनों में आपसी रजामंदी से तलाक हो गया। इसके बाद से रूमा अपने मायके में रहती थी। सोमवार को सभी लोग खेत पर गए थे तभी रूमा ने आंगन में पड़े जाल में फंदे से लटक गई। देरराट लौटे परिजन उसका शव देखकर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह के मुताबिक पिता ने अवसाद में फांसी लगाने की बात बताई है। वहीं बेटी की मौत मां मंशादेवी, भाई अनिल, अभय सहित दो बड़ी बहने बेहाल रही।

### सैदापुर में बिजली नहीं, स्कूली बच्चे और ग्रामीण परेशान

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में स्थित ग्राम पंचायत परियर के सैदापुर गांव में पिछले 5 दिनों से बिजली नहीं है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर के बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित जेई को फोन पर दी है किंतु अभीतक समस्या का हल नहीं हुआ है। विद्युत उपखंड सफीपुर के जेई दिलीप कुमार गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि कल सुबह तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** बिहार थाना क्षेत्र के ककहरा गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 22 वर्षीय सोमिया के रूप में हुई है। घटना के समय परिवार के सदस्य खेतों में काम कर रहे थे। पति रिशु जब घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। मोहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया। अंदर सोमिया साड़ी के फंदे से लटकी मिली। सोमिया की शादी रिशु से दो साल पहले हुई थी। दोनों की एक 9 महीने की बेटी महिमा है। पड़ोसियों के मुताबिक, सोमिया शांत स्वभाव की थी। परिवार में किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अजगैन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अनिल कश्यप पुत्र सुंदरलाल निवासी मलांव थाना अजगैन के रूप में हुई है। यह घटना अजगैन कोतवाली के ठीक सामने उस समय हुई जब अनिल कश्यप सड़क पार कर रहे थे। उसी वक्त एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक अनिल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मृतक अनिल कश्यप पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। वे मेहनतकश मजदूर थे और खेती-किसानी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का प्रचार प्रसार कर जरुरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा लाभ

■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं के साथ संपन्न हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तेन्द्र पाल की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय में पीएलवी, पेनल लायर व मध्यस्थता अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्यस्थता अभियान आशा साथी तथा महिलाओं के कानून से संबन्धित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त आगन्तुको से इस अभियान में बढ़चढ़ कर प्रचार प्रसार करने तथा जरूरतमन्द व्यक्तियों तक इस अभियान के बारे में जानकारी पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडिएशन एवं कंसीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान मे विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामलेण् ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता के लिए सन्दर्भित कर निस्तारण कराया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि देश में बाल विवाह प्रथा पूर्णतयः समाप्त नहीं हुयी है, जिसके सम्बन्ध में आशा प्रोग्राम के माध्यम से ऐसे परिवारों को जागरूक करते हुए उन्हे इस प्रकार कार्यों में लिप्त होने से बचाए जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा जो लोग बाल विवाह करा रहे हैं उन्हें कानूनी रूप से दण्डित भी किया जायेगा, ताकि समाज में बाल विवाह को पुर्णतयः खत्म किया जा सके। बैठक में बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, कन्या भूण हत्या, महिलाओं के अधिकार व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कानूनी, सामाजिक प्रभावों एवं लाभों के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी साथ ही उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बच्चां का लैंगिक अपराधां से संरक्षण अधिनियम ;पॉक्सोद्ध 2012 व महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 तथा पूर्वगर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीकि पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1.994 तथा नालसा हेल्प लाइन नं0 15100 के बारे में विस्तार से बताया गया।

## लड़की की हत्या का आरोपी व 25 हजार रुपये का ईनामिया पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार

**उन्नाव।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-605/25 धारा 333/103(1) बीएनएस के फरार एवं 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त दिलीप पुत्र सुरेश निवासी बंधुखेड़ा थाना अचलगंज की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत नादाखेड़ा के पास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी बाइक सवार अभियुक्त दिलीप उपरोक्त आता हुआ दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तभी दिलीप बाइक से भागने के दौरान गिर गया तथा पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में दिलीप उपरोक्त के बांए पैर में गोली लगी है। पुलिस द्वारा दलीप उपरोक्त को हिरासत मे लेकर जिला अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद बाइक व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि उक्त युवक ने विगत दिवस अपनी ही प्रेमिका की उसके घर में धुस चाकुओ से गोदकर नृशंस हत्या कर दी थी।

# बीईओ की कार्यवाही में 8 अमान्य विद्यालयों को नोटिस

**अवधनामा संवाददाता**

■ मान्यता से ऊपर कक्षाएं संचालित करते मिले

**उन्नाव।** खंड शिक्षा अधिकारी मियागंज मनींद्र कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र में किए गए अपने औचक निरीक्षण में 8 विद्यालयों में मान्यता से ऊपर कक्षाएं संचालित मिलने पर इन सभी विद्यालयों को नोटिस देते हुए अमान्य कक्षाएं तत्काल बंद करवाई तथा इन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को निकट के परिषदीय, माध्यमिक तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन कराये जाने के निर्देश प्रदान किये। यह कार्यवाही शिक्षा विभाग की सतर्कता और नियमों के पालन को लेकर किये जा रहे अभियान का हिस्सा रही। सुबह बीईओ सबसे पहले रसूलाबाद नगर पंचायत के वेदांत इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे जहां कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई बिना किसी मान्यता के चल रही थी। बीईओ द्वारा अभिलेख मांगे जाने पर ना ही अभिलेख उपलब्ध कराए जा सके और ना ही इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया, विद्यालय को इस संबंध में पूर्व में भी नोटिस दिया जा चुका है। शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी की टीम रसूलाबाद नगर पंचायत के मां वैष्णो शिशु मंदिर तथा मालती देवी जगदीश प्रसाद जूनियर स्कूल पहुंची, जहां टीम को नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होती हुई मिली जबकि संचालित कक्षाओं के मान्यता संबंधी अभिलेख मांगे जाने पर प्रबंधक उचित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके और न ही इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर दे सके। इसी प्रकार मदरसा एसकेटी के जिम्मेदार भी कक्षा 12 तक की कक्षाओं के संचालन के संबंध में कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके, गौतमबुद्ध पब्लिक स्कूल, माखी के रामसनेही बाल विद्या मंदिर तथा आसीवन के राजा रिंकी पब्लिक स्कूल, आरडीएमडी पब्लिक स्कूल, कल्लू प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भी मान्यता से ऊपर कक्षाओं का संचालन होता पाया गया, जिन्हें तत्काल बंद करते हुए बी ई ओ ने प्रबंध तंत्र को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में बिना मान्यता के कक्षाओं का संचालन पाया गया तो प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर एफआईआर दर्ज कर जुर्माना वसूला जाएगा।

# रिक्रूट आरक्षियों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

■ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ किया सैनिक सम्मेलन

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन में जेटीसी प्रशिक्षण ;आधारभूत प्रशिक्षणद्ध प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रभावी पुलिसिंग, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण भाव तथा सैन्य जीवन के मूल्यों के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया पॉलिसी से अवगत कराते हुए इसकी महत्वपूर्ण सावधानियों व दिशा.निर्देशों के अनुपालन पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर जेटीसी प्रशिक्षण के लिए नियुक्त आईटी पीटीआई स्टाफ को निर्देश दिए कि प्रशिक्षणार्थियों को अंतः एवं बाह्य पाठ्यक्रम के अनुरूप श्रेष्ठ प्रशिक्षण प्रदान करें, साथ ही उनके रहन.सहन, भोजन.पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित ध्यान रखा जाए। सैनिक सम्मेलन के माध्यम से रिक्रूट आरक्षियों को सशक्त, सजग एवं संवेदनशील पुलिसकर्मी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से प्रेरित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण लाइन दीपक दुबे, आरआई शिवकुमार, पीआरओ विषय देव बुन्देला, जेटीसी प्रभारी तेज सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समूह की महिलाओं को दुग्ध समिति से जोड़कर बढ़ाई जाए उनकी आय : डीएम गजल भारद्वाज

**अवधनामा संवाददाता**



■ डीसी की बैठक में सहकारिता, मत्स्य और दुग्ध विभाग की संचालित योजनाओं की दी जानकारी

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डेवलपमेंट कमेटी (डीसी) की बैठक हुई, जिसमें डीएम ने सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग और दुग्ध विभाग में संचालित योजनाओं के अलावा नई समितियों के गठन के संबन्ध में समीक्षा की। बैठक में समय से लक्ष्य के सापेक्ष समितियां गठित करने के निर्देश दिए साथ ही डीएम ने दुग्ध विकास अधिकारी को निर्देर्शित किया कि समूह की महिलाओं को दुग्ध समिति से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आय बढ़ सके। सहकारिता विभाग में गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक में बताया कि सहकारिता विभाग में मार्च 2026 तक 10 समितियों के गठन के सापेक्ष 01 समिति का गठन किया गया, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए ससमय लक्ष्य के सापेक्ष समितियां गठित करने के लिए निर्देशित किया। वहीं मत्स्य विभाग में 02 समितियों का गठन एवं दुग्ध विभाग में भी 02 नई समितियों का गठन कराया गया है। बैठक में जिलाधिकारी नें अच्छा कार्य कर रही समितियों की सफलता की कहानी का प्रकाशन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों के व्यवसाय में वृद्धि करने पर भी जोर दिया। बैठक में डीएम ने दुग्ध विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समूह की महिलाओं को दुग्ध समिति से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आय बढ़ सके। उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को अन्य जनपद भेजकर ट्रेनिंग कराई जाए, जिससे मत्स्य पालक मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें तथा पान की खेती कर रहे किसानों को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित करते हुए कहा कि बड़ी ग्राम पंचायतों का चयन करके एफपीओ बनवाए जाएं और एफपीओ के माध्यम से किसानों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता संयोजक, जिलाकृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी उपस्थित रहें।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्त्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

## आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्ङ्घद्बड्डुह्लद्बह्य भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण

# प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और आपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

# खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है। यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं में आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप



हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर स्टें करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाईकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# राज्यों के भेजे विधेयकों को मंजूरी देने की डेडलाइन केस

## राष्ट्रपति के 14 सवालों पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान बेंच इसकी जांच के लिए तैयार हुई। कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

बेंच की अध्यक्षता सीजेआई बीआर गवई कर रहे हैं। उनके साथ जस्टिस विक्रम नाथ, सूर्यकांत, पीएस नरसिंह और अतुल चंदुरकर शामिल हैं।

यह बहस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से 13 मई को सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई सलाह के बाद शुरू हुई, जिसमें उन्होंने 14 संवैधानिक सवाल उठाए।

इससे पहले 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने आर्टिकल 142 का उपयोग करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति को 3 माह के भीतर निर्णय देना चाहिए।

मामला सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल के फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आर्टिकल 142 का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए विधेयक पारित करने की समयसीमा तय की थी।

दरअसल, तमिलनाडु विधानसभा में 2020 से 2023 के बीच 12 विधेयक पारित किए गए। इन्हें मंजूरी के लिए राज्यपाल आरएन रवि के पास भेजा गया। उन्होंने विधेयकों पर कोई कार्रवाई नहीं की, दबाकर रख लिया।

अक्टूबर 2023 में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई। इसके बाद राज्यपाल ने 10 विधेयक बिना साइन किए लौटा दिए और 2 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया। सरकार ने 10 विधेयक दोबारा पारित कर राज्यपाल के पास भेजे। राज्यपाल ने इस बार इन्हें राष्ट्रपति के पास भेज दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल 2025 को एक अहम फैसले में राज्यपाल के इस तरह विधेयक अटकाने को अवैध बता दिया। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने राज्यपाल से कहा- आप संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं।

राज्यपाल ने ईमानदारी से काम नहीं किया। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि इन 10 विधेयकों को पारित माना जाए। यह पहली बार था जब राज्यपाल की मंजूरी के बिना विधेयक पारित हो गए।

संविधान में निर्धारित नहीं विधेयक की मंजूरी-नामंजूरी का समय संविधान में यह निर्धारित नहीं किया गया है कि विधानसभा से पारित विधेयक को राज्यपाल या राष्ट्रपति को कितने दिनों के भीतर मंजूरी या नामंजूरी देनी होगी। संविधान में सिर्फ इतना लिखा है कि उन्हें जितनी जल्दी हो सके फैसला लेना होगा।

अगर राज्य सरकार कोई विधेयक मंजूरी के लिए भेजती है तो राज्यपाल को एक महीने के भीतर कार्रवाई करनी होगी।

अगर राज्यपाल विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं तो राष्ट्रपति के पास भी इस पर फैसला लेने के लिए 3 महीने का ही समय होगा। इससे ज्यादा दिन होने पर उन्हें उचित कारण बताना होगा।

अगर राज्यपाल या राष्ट्रपति समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं, तो राज्य सरकार अदालत जा सकती है।

भारत के संविधान में आर्टिकल 143 के तहत राष्ट्रपति को यह अधिकार मिलता है कि वो सुप्रीम कोर्ट से राय मांग सकते हैं।

## बिहार के मतदाता सूची पुनरीक्षण का पहला चरण पूरा होने की ओर, रिपोर्ट में दावा- एक लाख वोटर लापता

एजेंसी




**पटना/नई दिल्ली।** बिहार में 24 जून 2025 से शुरू हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण के पहले चरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। 23 जुलाई 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 98.01त्न मतदाताओं को कवर किया जा चुका है। चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट है कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो।

इस अभियान के तहत अब तक कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 20 लाख मृत मतदाताओं की सूचना प्राप्त हुई है, जबकि 28 लाख मतदाता ऐसे पाए गए हैं जो स्थायी रूप से राज्य से बाहर जा चुके हैं। इसके अलावा सात लाख मतदाता दो या अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए, वहीं एक लाख मतदाता ऐसे हैं जिनका कोई पता नहीं चल पाया।

इसके अतिरिक्त लगभग 15 लाख मतदाताओं द्वारा फॉर्म अब तक वापस नहीं किए गए हैं, जबकि 7.17 करोड़ मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त होकर डिजिटल रूप में दर्ज किए जा चुके हैं, जो कुल का 90.89 प्रतिशत है।

20 जुलाई को आयोग ने सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नामित किए गए 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स के साथ दो महत्वपूर्ण सूचियां साझा की हैं। इनमें पहली सूची ऐसे मतदाताओं की है जिनकी प्रविष्टि प्राथमिक रूप से गलत पाई गई है और दूसरी सूची में वे मतदाता हैं जिन्होंने अब तक अपना एनुमरेशन फॉर्म वापस नहीं किया है।

जो बिहारवासी फिलहाल राज्य से बाहर अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं और जिन्होंने अन्यत्र मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया है, वे अब भी अपना एनुमरेशन फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए आयोग ने उन्हें तीन विकल्प दिए हैं।

जिन मतदाताओं ने अपना एनुमरेशन फॉर्म जमा किया है, उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

### क्विक न्यूज

#### घर से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** मारूति लाइफ स्टाईल स्थित घर से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रिषि प्रधान 45 वर्ष मारूति लाईफ स्टाइल का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के आलमारी में रखे सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

#### ट्रेलर ने सायकिल सवार अधेड़ को रौंदा

**रायपुर।** झाबक पेट्रोल पंप के पास सरोरा में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सायकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सालिकराम 53 वर्ष सरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी सायकिल से घर जा रहा था, तभी झाबक पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेए 3095 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सालिकराम को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने समवेत शिखर बिल्डिंग के पास नशीली टेबलेट को खपाने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 110 नग नाइट्रोजेन टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक नशीली टेबलेट खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सैयद सलीम 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## ब्रिटिश पीड़ितों के परिजन बोले- गलत शव सौंपे गए

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के दुखद विमान हादसे में मारे गए ब्रिटिश नागरिकों के परिजनों को कथित तौर पर उनके प्रियजनों के गलत शव भेज दिए गए हैं। डेली मेल के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। सरकार की ओर से इन रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा गया है कि हम ब्रिटेन की सरकार के साथ मिलकर पीड़ितों की चिंताओं का समाधान करने में जुटे हैं। एअर इंडिया के दुखद विमान हादसे में मारे गए ब्रिटिश नागरिकों के परिजनों को कथित तौर पर उनके प्रियजनों के गलत शव भेज दिए गए हैं। डेली मेल के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। खबर के अनुसार, अब तक ऐसे दो मामले सामने आए हैं जहां शोकाकुल परिवारों को पता चला कि उनके प्रियजनों के शवों की ब्रिटेन लौटने से पहले गलत पहचान की गई है।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी मामले में नई अर्जी सुप्रीम कोर्ट से विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की मुश्किलें और बढ़ती दिखाई दक रही हैं। मंत्री को हटाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की ओर से यह याचिका लगाई गई है। याचिका में कहा गया है कि विजय शाह के बयान से अलगाववादी भावनाएं भड़की हैं। इससे देश की एकता को खतरा पैदा हो गया है।

याचिका में कहा गया, मंत्री की विवादित टिप्पणी समाज को बांटने वाली हैं। ऐसे टिप्पणी उकसाने वाली है, जिससे भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा है। यह भाषण भारतीय संविधान की अनुसूची 3 के तहत निर्धारित शपथ का सीधा उल्लंघन है।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 28 मई को विजय शाह की टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद करने का आदेश देते हुए कहा कि वह खुद इस मामले को देखेगा। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से स्थिति रिपोर्ट मांगी। दरअसल, 19 मई को शीर्ष अदालत ने शाह को फटकार लगाई थी और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन करने का आदेश दिया था।

विजय शाह उस समय विवादों में घिर गए थे, जब एक वीडियो में उन्हें कर्नल कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था। कर्नल कुरैशी को ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एक अन्य महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ पूरे देश ने देखा था।

# राहुल बोले- ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन, उन्होंने 25 बार दावा किया मोदी एक जवाब नहीं दे पाए

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने बुधवार को कहा, ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया। वह कौन हैं? यह उनका काम नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया। प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे। कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है?

संसद में मानसून सत्र में भाग लेने के बाद राहुल ने कहा, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की थी। मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

ट्रम्प फिर बोले- दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया राहुल गांधी का यह बयान मंगलवार सुबह ट्रम्प के नए दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने फिर से कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोक दिया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। वे शायद परमाणु जंग में उलझने वाले थे।

ट्रम्प ने कहा, उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। मैंने उन्हें फोन किया और व्यापार रोकने की धमकी दी।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। भारत ने पाकिस्तान प्रशासित आजाद कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ जगहों पर मिसाइल और हवाई हमले शुरू किए थे। दोनों देशों के बीच 3 दिनों तक संघर्ष चला। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

जयराम बोले- ट्रम्प ने 73 दिनों में 25 बार सीजफायर का दावा दोहराया कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के दावों पर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने ङ्ग पर पोस्ट में कहा, ट्रम्प सीजफायर के अपने दावे की सिल्वर जुबली पर पहुंच गए हैं।

## चुनाव आयोग को व्यावहारिक ज्ञान नहीं, जदयू सांसद गिरधारी यादव का मतदाता सूची पुनरीक्षण पर कड़ा हमला

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। जदयू सांसद गिरधारी यादव ने इस प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए चुनाव आयोग की मंशा और तैयारी पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग को न तो बिहार का इतिहास पता है और न ही भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी।

दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान गिरधारी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को कोई व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। यह लोग बिहार का इतिहास और भूगोल नहीं जानते। मुझे खुद जरूरी दस्तावेज जुटाने में 10 दिन लग गए। मेरा बेटा अमेरिका में रहता है, वह दस्तखत कैसे भेजेगा? एक महीने में सब कैसे होगा? सांसद गिरधारी यादव ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया आम लोगों की जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर थोप दी गई है। उनका कहना है कि ऐसे गंभीर कार्य के लिए कम से कम छह महीने का समय दिया जाना चाहिए था। गिरधारी यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है, चाहे उनकी पार्टी कुछ भी कहे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मैं सच नहीं बोल सकता, तो फिर मैं सांसद क्यों बना? यह सच्चाई है और इसे छिपाया नहीं जा सकता। चुनाव आयोग की यह जल्दबाजी लोकतंत्र के लिए घातक है।

जदयू सांसद की बात को सही बताते हुए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भी SIR प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा कौन-सा तरीका या फॉर्मूला है जिससे आयोग इतनी बड़ी प्रक्रिया को सिर्फ एक महीने में पूरा कर पा रहा है। उन्होंने इसे संदेहास्पद करार देते हुए कहा कि लगता है कि यह सब आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग और मुस्लिमों के मतदाता सूची से नाम हटाने की सोची-समझी साजिश है।

## बांग्लादेश विमान हादसे में 32 लोगों की मौत, गुस्साए लोग बोले- मृतकों के परिजनों को मिले मुआवजा

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेश में हुए विमान हादसे में अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में अधिकांशतः बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद बांग्लादेश में शोक का माहौल है। वहीं लोगों में आक्रोश भी है। लोगों ने मृतकों का सही आंकड़ा जारी करने और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया था। इसके बाद विमान में आग लग गई थी। बुधवार को घटनास्थल माइलस्टोन स्कूल के अधिकारियों ने मृतकों की सही संख्या, घायल छात्रों और शिक्षकों की संख्या का पता लगाने के लिए अपनी समिति गठित की। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि नौ वर्षीय बालक नफी ने रात में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी (एनआईबीपीएस) में दम तोड़ दिया। इसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई।

एनआईबीपीएस के सर्जन शॉन बिन रहमान ने बताया कि नफी 95 प्रतिशत जलने के बावजूद दो दिन तक जीवित रहे और आधी रात के कुछ समय बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। कई अन्य लोग गंभीर रूप से जल गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक 69 लोगों का ढाका के संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) सहित विभिन्न सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में इलाज चल रहा है।

माइलस्टोन स्कूल के अधिकारियों ने बुधवार को मृतकों की सही संख्या और घायल छात्रों और शिक्षकों की संख्या का पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया। स्कूल ने कहा कि घटना से कई छात्र, शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावक प्रभावित हुए हैं। कई घायल हुए और कुछ की जान चली गई।

## भारत-पाकिस्तान पर ट्रंप के दावे जारी, राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर एक बार भी जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन यह सच्चाई है। ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, पूरी दुनिया जानती है। यह वास्तविकता है।

संसद भवन परिसर में राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ संघर्ष विराम का मामला नहीं है। कई बड़ी समस्याएं हैं जिन पर हम चर्चा करना चाहते हैं। रक्षा, रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी समस्याएं हैं। स्थिति अच्छी नहीं है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे भाग गए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान भी नहीं दे पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि मैंने संघर्ष विराम करवाया। संघर्ष विराम करवाने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार भी जवाब नहीं दिया। यह सच्चाई है, वह इसे छिपा नहीं सकते। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के विदेश से लौटने पर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली है।

राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और दूसरी तरफ कहा जाता है कि जीत हासिल हो गई है। या तो जीत हासिल हो गई है या ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

## इंडोनेशिया के जंगलों में आग लगाने के आरोप में 44 लोग गिरफ्तार, सरकार का सख्त एक्शन

एजेंसी



**जकार्ता।** इंडोनेशियाई पुलिस ने जंगलों और पीटलैंड (नमी वाली भूमि) में आग लगाने के आरोप में 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आगजनी की घटनाओं के कारण वातावरण में जहरीला धुआं फैल रहा है, जिससे देश और पड़ोसी देशों में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रमुख सुहरयांतो ने बुधवार को बताया कि ये आग केवल सूखे की वजह से नहीं, बल्कि लोगों की तरफ से जानबूझकर लगाई गई है। उन्होंने कहा, आशा है कि इन गिरफ्तारियों से लोगों को सबक मिलेगा और वे जमीन साफ करने के लिए आग लगाना बंद करेंगे।

इन 44 आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सभी को मंगलवार को रियाउ प्रांत की राजधानी पेकनबारू में मीडिया के सामने पेश किया गया। सभी को हथकड़ी पहनाई गई थी और वे नारंगी जेल की वर्दी में थे। सुहरयांतो ने कहा कि इन आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण कानून के तहत मुकदमा चलेगा, जिसमें अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है। यह पहली बार नहीं है जब आगजनी के मामलों में लोगों को पकड़ा गया है। 2019 में भी पुलिस ने जंगल की आग से जुड़े 230 लोगों को गिरफ्तार किया था।

रियाउ प्रांत के रोकन हिलिर और रोकन हुलु जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यहां करीब 500 हेक्टेयर (1,235 एकड़) जंगल जल चुके हैं। घना धुआं इतना फैल गया है कि दृश्यता एक किलोमीटर से भी कम रह गई है। वहीं, सरकार ने आग बुझाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। मंगलवार से रियाउ प्रांत में बादलों पर नमक डालकर कृत्रिम बारिश कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जो 25 जुलाई तक जारी रहेगी। सुहरयांतो ने आम लोगों से अपील की है कि वे आग लगाने वालों की जानकारी सरकार को दें और इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# एक कानून को दी मंजूरी और खतरे में पड़ गई जेलेंस्की की कुर्सी

## लोग बोले- ये लोकतंत्र से विश्वासघात है.........

एजेंसी



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की एक नए भ्रष्टाचार विरोधी कानून को मंजूरी देने के बाद जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तीखी आलोचना का सामना कर रहे हैं। इस कानून के खिलाफ राजधानी कीव सहित कई शहरों में हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। यह यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध के दौरान सरकार के खिलाफ पहला बड़ा जनविरोध माना जा रहा है।

जेलेंस्की का कहना है कि नया कानून भ्रष्टाचार के मामलों में तेजी से सजा सुनिश्चित करेगा और जांच में देरी को रोकेगा। लेकिन प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस कानून के जरिए राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एनबीएयू) और विशेष भ्रष्टाचार अभियोजक कार्यालय (एसएपीओ) जैसी स्वतंत्र एजेंसियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है।

यूरोपीय संघ के नेताओं और मानवाधिकार संगठनों ने भी इस कानून की आलोचना की है। जर्मनी और यूरोपीय रक्षा आयोग ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों की स्वतंत्रता सीमित करना, यूक्रेन की ईयू सदस्यता की राह में बड़ी रुकावट बन सकता है। ईयू अधिकारियों ने यह भी कहा कि युद्ध के दौरान जनता और सरकार के बीच विश्वास बेहद जरूरी है, जिसे खोना आसान लेकिन बनाना बेहद कठिन होता है।

पारदर्शिता इंटरनेशनल की यूक्रेन शाखा ने संसद के फैसले को यूक्रेन की लोकतांत्रिक सुधारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने इसे देश की भ्रष्टाचार विरोधी प्रणाली को तोड़ने की साजिश कहा है। संगठन ने यह भी कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के विश्वास को नुकसान पहुंचाता है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने जेलेंस्की के उस बयान का मज़ाक उड़ाया जिसमें उन्होंने कहा था कि नए कानून से 'रूसी प्रभाव' को हटाया जाएगा। रूसी प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि जेलेंस्की चाहें तो कान से दो भालू भी खींच कर निकाल सकते हैं। मंगलवार की शाम को राजधानी कीव में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और कानून को रद्द करने की मांग की। बुधवार रात फिर से सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया। एक युद्ध में घायल पूर्व सैनिक ओलेग सिमोरोज ने कहा कि जिन्होंने संविधान की रक्षा की शपथ ली थी, वे अब अपने खास लोगों को बचाने में लगे हैं।

## अवैध प्रवास पर ब्रिटेन में सख्ती, विदेश मंत्री लैमी बोले- मानव तस्करों को पूरी दुनिया में ढूंढकर देंगे सजा

**लंदन।** ब्रिटेन ने अवैध प्रवास पर रोक लगाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मानव तस्करी से जुड़े गिरोहों और उनसे जुड़े लोगों व कंपनियों पर दुनिया की पहली वैश्विक प्रतिबंध व्यवस्था लागू की है। ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने बताया कि ये प्रतिबंध उन लोगों पर लगाए गए हैं जो अवैध रूप से प्रवासियों को एक देश से दूसरे देश में भेजने में शामिल हैं। इसमें गिरोह के सरगना, मुख्य बिचौलिये, नाव बनाने वाली चीनी कंपनी, हवाला के जरिए पैसे भेजने वाले और बाल्कन व उत्तरी अफ्रीका में स्थित अपराधी शामिल हैं। मामले में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, हम इन तस्करी करने वाले लोगों को पूरी दुनिया में ढूंढकर सजा देंगे। उन्होंने तस्करों को चेताते हुए कहा- मेरा साफ संदेश है, हम जानते हैं कि आप कौन हैं, और हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे। इस नई प्रतिबंध नीति के तहत, सरकार इन अपराधियों की यूके में मौजूद संपत्ति, बैंक खाते और अन्य वित्तीय संसाधनों को फ्रीज कर सकती है। इसके साथ ही उन्हें यूके यात्रा करने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। सबसे पहले ब्लेदार लाला- ये बेल्जियम से यूके तक प्रवासियों को गैरकानूनी रूप से ले जाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना है।

# 30 साल से बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज खोलने की मांग हुई तेज



नवाबगंज में 30 साल से बंद है सरकारी कोल्ड स्टोरेज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सरकार किसानों की आय दुगुनी करने का वायदा चुनावों के समय करती है ,लेकिन किसानों के उत्पाद को सुरक्षित करने का कोई उपाय नहीं ,जिसकी वजह से किसान अपने उत्पाद औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर होते हैं। अगर सरकार प्रदेश में फ़ूड पार्क बनाये और कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था करे तो शायद किसानों की स्थित में कुछ सुधार हो सके। लेकिन नए कोल्ड स्टोरेज बनाने की बात तो छोड़िये सरकारी कोल्ड स्टोरेज पिछले 30 साल से बंद पड़ा है। कहानी जनपद प्रयागराज फूलपुर लोकसभा के फाफामऊ विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर नवाबगंज की है जहाँ सरकारी कोल्ड स्टोरेज बना हुआ था और 1992 तक यूपी स्टेट एग्रो का कार्यालय था। बाद में पीसीएफ का कार्यालय बना और मंडी परिषद का भवन बना हुआ। जहां किसानों की सामान्य गतिविधियां संचालित हुआ करती थी। किसान यहां आलू रखते थे एग्रो के ऑफिस से किसानों को खाद मिलती थी बीज मिलता था और गल्ला मंडी में किसान अपना गल्ला बेचते थे लगभग 10 बीघा से अधिक भूमि है। अरबों रुपए की संपत्ति है जो 1995 से बंद और निष्प्रयोज्य पड़ी हुई है। युवा विकास पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने किसानों के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया कि इस पूरे परिसर को प्रयोग में लाया जाए सभी ऑफिस दोबारा खोले जाए कोल्ड स्टोरेज का मरम्मतीकरण ह। युवा विकास पार्टी के अध्यक्ष के अनुसार किसान अपने ुआड़ सस्ते दाम पर बेचने को मजबूर होते हैं , टमाटर दो रुपये किलो बेचने को मजबूर होते हैं , आलू सस्ते में बेचने को मजबूर होते हैं , अगर बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज को खोला जाय तो किसानों को कम किराये पर आलू रखने की व्यवस्था हो सके , जमीन इतनी ज्यादा है फल और सब्जियों को संरक्षित करने का स्टोरेज बने तो किसान फल और सब्जियां सुरक्षित रख सकें।

युवा विकास पार्टी के अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग किया कि बंद पड़े स्टोरेज को चालू किया जाय साथ में फ़ूड पार्क का निर्माण हो और बंद पड़े ऑफिस को शुरू किया जाय ताकि किसानों को सस्ते खाद और बीज मिल सके। और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए ,नहीं तो किसान बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# हजारों प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के निर्णय के विरोध में प्रदर्शन



भाजपा सरकार के प्राथमिक विद्यालय बंद करने के फैसले पर उठाए सवाल

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा हजारों प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के निर्णय के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने आज आजमगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह फैसला गरीब, पिछड़े और दलित समाज के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की सोची-समझी साजिश है। महिला सभा की ओर से कहा गया कि यह निर्णय संविधान की मूल भावना के खिलाफ है और इससे देश के भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल से इस निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप करने और इसे वापस लेने की मांग की। सभा का कहना है कि आम जनमानस में सरकार के इस कदम को लेकर गहरा आक्रोश है। इससे पहले भी कुशीनगर और बलिया जैसे जिलों में समाजवादी छात्र सभा इस निर्णय के विरुद्ध प्रदर्शन कर चुकी है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी है। पार्टी की सरकारों में महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन को लेकर कई योजनाएं चलाई गई, जिनका व्यापक प्रभाव पड़ा। ज्ञापन देने वालों मे अनीता चौधरी.द्रोपती पांडेय, अनीता चौहान.मीरा देवी, सुनीता उपाध्याय, पुनम यादव आदि लोग मौजूद रही

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक जलालपुर का निर्वाचन संपन्न



चुनाव में शोभनाथ यादव को अध्यक्ष और अरूणेश चन्द मिश्र मंत्री चुनें गए

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जलालपुर)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक जलालपुर इकाई का गठन बुधवार को बीआरसी परिसर जलालपुर में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया जिला संयोजक संजय सिंह के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी सिनिध्द कुमार सिंह, सह संयोजक सत्य प्रकाश मिश्र और पर्यवेक्षक साजेश सिंह की देखरेख में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में पूरी की गई।चुनाव में शोभनाथ यादव को अध्यक्ष और अरूणेश चन्द मिश्र को मंत्री पद पर निर्वाचित किया गया। इसके अलावा,वरिष्ठ उपाध्यक्षः सुरेश कुमार सोनकर, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक कमलेश कुमार सिंह एवं रवि राय की जिम्मेदारियाँ तय की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों शिक्षकों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष शोभनाथ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन जिला संयोजक संजय सिंह व प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों के खिलाफ कोई अनर्गल कार्रवाई की जाती है तो उसका जोरदार विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर रूद्रसेन सिंह, बृजेश सिंह, संजीव मिश्र, शम्भू प्रसाद सिंह, राकेश पाठक, धर्मेन्द्र सिंह, गया दीन वर्मा, शारदा प्रसाद यादव, अखिलेश सिंह, राम उजागिर यादव, पूजा राना, श्वेता सिंह, जूली सिंह, नीलेश केसरवानी, भानु गौतम, रीतू प्रिया, शैलेन्द्र, शशिकला देवी, मीना कुमारी, निर्मला देवी, नवीन सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। संगठन ने यह संकल्प लिया कि शिक्षक हितों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी और शिक्षक समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

## आभूषण व्यवसायी से गहने और रुपए लूटे

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक आभूषण व्यवसायी से लूट की वारदात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसई सिपाह चौराहे पर दुकान चलाने वाले सुनील सोनी पुत्र शंभू सोनी शाम 6 बजे अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। कुबेर चौराहे के मोड़ पर स्पलेंडर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोका। बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर सुनील की मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखे 24 हजार रुपए नकद और 4 लाख रुपए के गहने लूट लिए। बदमाशों के फरार होने के बाद सुनील ने शोर मचाया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश जा चुके थे। सूचना मिलते ही एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया और प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा पंकज अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसीपी फूलपुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच की टीम भी लगी हुई है।

# केन्द्रीय विद्यालय का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उ0 प्र0 गिरीश चन्द्र यादव के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, पयागपुर, जी.जी.आइ.सी परिसर शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय ने राज्यमंत्रीजी और जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण प्राचार्य डा.सी.बी वर्मा के द्वारा किया गया।

बच्चो के द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि जनपद के लिए यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज केन्द्रीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ हुआ है, जिसके लिए उन्होने छात्रों और अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि निश्चित रूप से जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में रहा है, जनपद में शिक्षा प्राप्त किये अनेको प्रतिभावान बच्चे वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक पदों, राजनैतिक क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र आदि में प्रतिष्ठित पदो को सुशोभित कर रहे है तथा जनपद का नाम रोशन कर रहे है। उन्होने कहा कि उनके अनवरत प्रयास से विद्यालय के सत्र शुरू हो जाने से छात्रों को पठन पाठन में सुविधा होगी और उन्हे बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। राज्यमंत्री ने इतनी बडी सौगात देने पर प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री , और शिक्षा मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। राज्य मंत्री के द्वारा नवीन छात्रों को शिक्षण किट का वितरण किया गया और कक्षों में व्यवस्थाओं को देखा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हे प्रसन्नता है जनपद में केन्द्रीय विद्यालय का सत्र प्रारम्भ हुआ। राज्यमंत्री के अथक प्रयास से यह सम्भव हुआ। आत्मविश्वास के साथ कोई कार्य किया जाए तो, निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री के प्रेरणा और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनपद के विकास को एक नई उचाई पर ले जाया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य ए0 के0 सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सैकड़ों समर्थकों संग प्रधान संघ अध्यक्ष ने थामा बसपा का दामन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** मायावती के सुशासन को याद कर सैकड़ों समर्थकों संग प्रधान संघ अध्यक्ष नैय्यर ने थामा बसपा का दामन, कहा 2027 में बनायेंगे सरकार तभी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय नारे के साथ सर्व समाज का होगा कल्याण, पीडीए के नारे के साथ घूम रहे बहुरूपियों की मनसा को नहीं होने देंगे सफल। सोमवार को शहर के नरौली स्थित बसपा मंडल कार्यालय पर पूर्व सांसद डॉ बलिराम की मौजूदगी में प्रधान संग अध्यक्ष नैय्यर आजम, समाजसेवी डॉक्टर अमित पांडेय, रणजीत पाठक, देवधर पाठक ने अपने सैकड़ों समर्थकों संग बसपा का दामन थाम लिया हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2007 से 2012 तक बहन मायावती के नेतृत्व में प्रदेश में जो सरकार बनी थी उसके सुशासन को आज भी लोग याद करते है। फिर चाहे कानून व्यवस्था हो या फिर गुंडे माफियाओं पर कार्यवाही। कहा कि जनता पीडीए के घूम रहे बहरूपियों के बहकावे में आ गई है। वही समाज सेवा के साथ साथ अब अपना दायरा बढ़ाते हुए बसपा में शामिल हुए डॉक्टर अमित कुमार पांडेय ने कहा सपा भाजपा ने बस समाज को बांटा है, ऐसे में बसपा ही एकमात्र विकल्प है। इसे हम और हमारे लोग जन जन तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करेंगे और मिलजुल कर 2027 में बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बना इतिहास दोहराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीबों के 'मसीहा' डॉ वलिउल्लाह उर्फ डॉ बाबू साहब का इंतकाल, सेवा की मिसाल हमेशा रहेगी याद

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** खेतासराय कस्बे में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए 'मसीहा' माने जाने वाले प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वलिउल्लाह उर्फ डॉ बाबू साहब का इंतकाल हो गया। उनकी नमाज़-ए-जनाज़ा असर की नमाज के बाद अदा की जाएगी। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में गम की लहर दौड़ गई। डॉ बाबू साहब ने अपनी पूरी जिंदगी इंसानियत और सेवा को समर्पित कर दी थी। वे महज़ 20 रुपये में इलाज कर गरीब और असहाय मरीजों का सहारा बने। इलाज के प्रति उनकी सोच यह थी कि ÷बीमारी का इलाज पैसों से नहीं, इंसानियत से होना चाहिए।÷ यही कारण था कि वे सिर्फ डॉक्टर ही नहीं, बल्कि गरीबों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं माने जाते थे। क्षेत्र के लोग उन्हें याद कर भावुक हो रहे हैं। उनका कहना है कि डॉ बाबू साहब की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। उनकी सादगी, सेवा भाव और मानवता के लिए समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

### रास्ते में घेरकर युवक को पीटा

**खुटहन (जौनपुर) अवधनामा संवाददाता।** लवायन गांव के अहीर खेतार मजरे के पास मंगलवार की शाम बाजार से पैदल घर जा रहे युवक को रोक तीन आरोपितों ने लात घूंसो से जमकर पिटाई कर दिया। घायल ने एक नामजद सहित तीन के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। दरना गांव निवासी प्रेम कुमार बिंद पुत्र राम लवट ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह भागमलपुर बाजार से घर वापस लौट रहा था। उक्त गांव में लवायन गांव निवासी चंद्रेश बिंद दो अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया।वह कुछ समझ पाता कि वे लात घूंसो से उसकी पिटाई करने लगे। शोरगुल सुन लोगों को जुटते देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

### दो छात्र यूजीसी-नेट परीक्षा में उत्तीर्ण

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग के दो विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट जून 2025 परीक्षा का परिणाम 21 जुलाई को जारी हुआ, जिसमें विभाग की छात्रा उजमा खान, पुत्री श्री मोहम्मद मारूफ खान, तथा छात्र रजनीश कुमार मौर्य, पुत्र श्री विश्वनाथ मौर्य ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस उपलब्धि पर विभाग में हर्ष और गर्व का वातावरण है। फैकल्टी ऑफ एप्लाइड सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज के डीन प्रो. मनोज मिश्रा, एप्लाइड साइकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्राध्यापक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पांडेय एवं डॉ. अन्नू त्यागी ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रयागराज जंक्शन सिटी साईड भारतीय मजदूर संघ के 70 वे स्थापना दिवस का कार्यक्रम दिल्ली के इन्दिरा गाँधी स्टेडियम से सीधा प्रसारण एवंईडी स्क्रीन पर किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, मुख्य अतिथि मोहन भागवत और दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता रही। प्रयागराज में कार्यक्रम संघ के महामंत्री रूपम पाण्डेय के नेतृत्व मे सम्पन्न हूआ। कार्यक्रम मे विभाग प्रमुख राधेश्याम पाण्डेय, संरक्षक जे पी दुबे, जिला अध्यक्ष महेन्द्र नाथ तिवारी, जिला मंत्री रविकांत, संगठन मंत्री रघुनंदन सिंह ,मण्डल मंत्री आशीष मिश्रा, बलदाऊ सिंह, के.एम. झा, श्याम जी शुक्ला, नागेन्द्र पाण्डेय, रूकमनंद पाण्डेय, पवन मालवीय, ज्ञानेन्द्र यादव, संदीप यादव आदि रहे।

### भाजपा महानगर दिव्यांग प्रकोष्ठ ने किया महापौर का अभिनन्दन



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर सह संयोजक राजा मेहरोत्रा के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 मे प्रयागराज के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए महापौर गणेश केसरवानी को मिठाई खिला कर व अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान महापौर का कार्य अतुलनीय रहा। जिसके कारण राष्ट्रपति पुरस्कार से प्रयागराज को गौरव प्राप्त हुआ है जो हर प्रयागराजवासी के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्चना वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी, आदि दिव्यांग प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित पर छात्राओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** उ0प्र0 शासन/ निदेशक भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 के आदेशानुसार भूजल सप्ताह, दिनांक 16 से 22 जुलाई,-2025 के आयोजन के अर्न्तगत भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-आजमगढ द्वारा आज समापन समारोह का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, रैदोपुर, जनपद-आजमगढ़ में किया गया। जिसमें इस वर्ष के कार्यक्रम के मुख्य विचार बिन्दु जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित पर विद्यालय के छात्राओं को भूजल संचयन/संवर्धन के क्षेत्र में और प्रभावी ढंग से जागरूक किये जाने हेतु एक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय सभागार में किया गया। गोष्ठी में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूबी खातून एवं अन्य शिक्षकगण की सराहनीय सहभागिता रही। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता राजेश कुमार गुप्ता एवं भू0ज0वि0, खण्ड-आजमगढ़ की ओर से आनन्द प्रकाश हाइड्रोलॉजिस्ट, राशिद अली, अवर अभियन्ता, धर्मेन्द्र कुमार, वरि0सहा0 एवं विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। भूजल सप्ताह-2025 के इस आयोजन को शासन स्तर पर जारी निर्देशों के क्रम में मण्डल स्तर पर भूगर्भ जल विभाग द्वारा एवं जनपद स्तर पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा भूजल सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया गया।

भूजल सप्ताह का मुख्य उद्देश भूजल के संचयन, संवर्धन एवं इसके विवेकपूर्ण उपयोग व वर्तमान में उत्पन्न भूजल संकट को रोकने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को वैज्ञानिक रिचार्जिग विधा को अपनाने के प्रयासों पर आधारित रहा। भूगर्भ जल के क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने हेतु लघु सिंचाई के विभाग के सहायक अभियन्ता राजेश कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को भूजल की महत्ता समझाते हुए बताया कि पृथ्वी पर जल की उपलब्धता वर्षा जल पर निर्भर है एवं सतही जल नदी, तालाब के रूप में उपलब्ध है तथा पेय जल के रूप में भू-गर्भ जल ही मुख्य केन्द्र बिन्दु है। इसके अतिदोहन से भूजल स्तर गिरता जा रहा है, जल की हर एक बूंद को बचाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। आनन्द प्रकाश, हाइड्रोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग द्वारा भूगर्भ जल के विवेकपूर्ण उपयोग एवं व्यापक प्रबन्धन किये जाने हेतु छात्राओं को किस प्रकार भूजल संचयन/संवर्धन किया जाये, विषयवस्तु पर अपने विचार साझा करने के साथ ही विद्यालय परिसर में विभाग द्वारा स्थापित वर्षा जल संचयन प्रणाली को भौतिक रूप दिखाते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उसके बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गयी।

# 2027 में तीनों विधानसभा जीतेंगे : संजय गुप्ता




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** 2027 की तैयारियों में लगी भाजपा ने मतदाता सूची को लेकर विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है। बुधवार को महानगर पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों मंडल प्रभारियों की आहूत बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मतदाता सूची को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि महानगर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों (शहर उत्तरी, दक्षिणी एवं पश्चिमी) में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। ये एक महत्वपूर्ण अभियान है और कार्यकर्ताओं को पूरी सजगता से इस अभियान में लगना होगा।उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण अभियान में फर्जी मतदाताओं की पहचान को लेकर मेहनत करनी होगी क्योंकि विपक्ष की साजिश के तहत भाजपा के वोटरों के नाम कटवाए भी जा सकते हैं इसलिए अभियान में लगने वाले कार्यकर्ताओं को पूरी होशियारी व मेहनत से काम करना होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी मतदाता सूची पर फोकस करना है। बूथ स्तर पर विशेष ध्यान देना है। 22 हजार नए बूथ बढ़ाए गए हैं पूरे प्रदेश में। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत चुनाव फार्म 2, 3 एवं 4 भरना होगा जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को गांवों में जाकर इस पर काम करना है। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा जिसके तहत प्रातः 7 बजे चौक स्थित नीम के पेड़ के नीचे शहीद स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा उसके बाद सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में शाम 4 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें कारगिल युद्ध में शामिल सैनिकों एवं उनके परिजनों को भी आमंत्रित करना है। 27 जुलाई को महानगर के सभी 1216 बूथों पर मन की बात सुना जाएगा और एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाएगा।

## राम कुमार बनाए गए नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया जिला अध्यक्ष

**प्रयागराज।** नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रेश दुबे ने कहा है कि जनपद सुल्तानपुर निवासी राम कुमार के नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए ज़िला सुल्तानपुर नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया जिला अध्यक्ष एवं प्रेम कुमार को नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया जिला अध्यक्ष जनपद प्रतापगढ के पद पर नियुक्त किया गया है। नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रेश दुबे ने यह भी कहा कि हम समाज में क्षेत्र में हो रहे अपराध एवं भ्रष्टाचार और घूसखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम जल्द ही पुलिस अधिकारियों के साथ मुलाकात कर पुलिस प्रशासन की टीम के साथ और नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया की टीम गठित कर क्षेत्र से अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और घुसखोरों पर कार्यवाही करते हुए जनता का सहयोग करेंगे। अन्त में नेशनल एंटी करप्शन एजेंसी इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रेश दुबे ने जिला सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष राम कुमार एवं जिला अध्यक्ष जनपद प्रतापगढ़ प्रेम कुमार को नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# देश के नौनिहालों को योग्य नागरिक बनाती है स्काउट गाइड

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जनपद के समस्त प्रधानाचार्यो की स्काउट एवं गाइड की एक कार्यशाला का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य आयुक्त पी.एन.सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज रहे। उन्होंने बताया कि सेवाधर्मी यह संगठन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश के नौनिहालों को योग्य नागरिक बनाती है,तथा राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी करती है। जनपद के सभी विद्यालयों को दलों के नवीनीकरण व पंजीकरण कराने व विभिन्न गतिविधियों को व्यापक रूप से चलाने का आदेश दिया।जिला सचिव डॉ. पी.पी. सिंह, प्रधानाचार्य कुलभाष्कर आश्रम इंटर कॉलेज ने कार्यशाला के एजेन्डे के विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक रूप से चर्चा करते हुए जनपद के समस्त प्रधानाचार्य के सामने आने वाली स्काउटिंग एवं गाइडिंग की व्यवहारिक समस्याओं पर मार्ग निर्देशन किया। उन्होंने नवंबर में होने वाली जंबूरी के पूर्व प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान के शिविरों व तहसील तथा जनपदीय स्काउट एवं गाइड रैली को संपन्न कराने के लिए सबकी सहमति ली। कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक अजय कुमार गिरी, विजय यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह तथा 176 विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में स्काउट्स के संगठन आयुक्त फिरोज आलम व सहायक लीडर ट्रेलर पीयूष कुमार सिंह व स्काउट/गाइड के विभिन्न पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की दोनों याचिकाएं खारिज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सपा नेता के पूर्व विधायक आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट बुधवार को अब्दुल्ला आजम की याचिका पर फैसला सुना दिया। हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला आज़म के फ़र्जी पासपोर्ट और दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट दाखिल दोनों याचकाओं को खारिज कर दिया। इस अहम मामले में अब्दुल्ला आजम की याचिकाएं खारिज होने के बाद अब एमपी एमएलए कोर्ट में ट्रायल जारी रहेगा। इससे पहले हाईकोर्ट ने केस की सुनवाई पूरी कर फैसला रिजर्व कर लिया था। सपा नेता के पूर्व विधायक आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अब्दुल्ला आज़म से जुड़े दो मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा लिया। अब्दुल्ला आज़म ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो अलग-अलग मामलों में दो याचिकाएं दाखिल की हैं। पहला मामला अब्दुल्ला आज़म खान के फ़र्जी पासपोर्ट से जुड़ा हुआ है। दूसरा मामला अब्दुल्ला आज़म खान के दो पैन कार्ड बनवाने से जुड़ा है।दोनों ही मामलों में अब्दुल्ला आज़म खान ने याचिकाएं दाखिल कर रामपुर एमपी- एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल में सम्पूर्ण कार्यवाई को रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गलत जन्म तिथि पर फ़र्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में बीजेपी एमएलए आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को अब्दुल्ला आज़म खान के खिलाफ रामपुर के सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी और पासपोर्ट एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। अब्दुल्ला पर गलत दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगा है। आरोप है कि अब्दुल्ला आजम के शैक्षिक प्रमाण पत्र और पासपोर्ट विभाग को दी गई जानकारी अलग अलग है। शिकायत के अनुसार अब्दुल्ला को 10 जनवरी 2018 को पासपोर्ट संख्या जेड-4307442 जारी हुआ था। पासपोर्ट में अब्दुल्ला आज़म की जन्म की तारीख 30 सितंबर 1990 बताई गई है जबकि शैक्षिक प्रमाण पत्रों में एक जनवरी 1993 है। दूसरे मामले में बीजेपी नेता आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आज़म खान और सपा नेता आज़म खान के खिलाफ 6 दिसंबर 2019 को रामपुर के सिविल लाइन थाने में दो पैन कार्ड रखने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। अब्दुल्ला के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 471, 468, 467 और 420 में मामला दर्ज हुआ था। आकाश सक्सेना का कहना था कि अब्दुल्ला आजम ने 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी शपथ पत्र में गलत पैन नंबर दर्ज किया था। आकाश सक्सेना ने आरोप लगाते हुए आजम खान को जालसाज और झूठा बताते हुए कहा था कि धोखाधड़ी कर आज़म खान ने चुनाव लड़ाने के लिए बेटे अब्दुल्ला आजम का दो पैन कार्ड बनवाया।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र नोटिस–3

लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के आवेदन के संबंध में दिनांक 28.06.2025, 04.07.2025 और 17.07.2025 को प्रकाशित सूचना संख्या C/123-1-ATVM/25/SV के संदर्भ में इस नोटिस में अन्य नियमों और शर्तों के खंड में निम्नलिखित बिंदु जोड़े गए है।

**सभी आवेदको के लिए**

1. निहालगढ़ स्टेशन पर एक एटीवीएम मशीन के लिए 2 सुविधाकर्ताओं की आवश्यकता है। 2. आम जनता के लिए आवेदक को एनएसजी 1 और 2 के लिए 50,000/– रुपये तथा अन्य श्रेणियों के स्टेशनों के लिए 25,000/– रुपये, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से वरिष्ठ मंडल वित प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, 226001 के पक्ष में आहरित मनी रसीद/सावधि जमा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रेलवे को वापसी योग्य सुरक्षा जमा के रूप में जमा करे। 3. सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों और आम जनता के लिए सभी प्रासंगिक नियमो और शर्तो सहित आवेदन पत्र संबंधित स्टेशन पर उपलब्ध है सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेगी जो पहले प्रकाशित की गई थी।

2236/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारतीय बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा सेंसेक्स 539 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

**नई दिल्ली।** पिछले दिन की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक की बढ़त के साथ 25,219.90 पर बंद हुआ।

जपान-अमेरिका के व्यापार समझौता होने बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में करीब 540 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 599.62 अंक या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 82,786.43 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक या 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,219.90 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 86.43

**बीएसई**

**30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ।**

(अनंतिम) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल?**

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटीसी पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त**




एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए।

**जापान-अमेरिका टैरिफ समझौते ने बाजार पर डाला असर**

जापान और अमेरिका के टैरिफ समझौते के बाद टोक्यो के बेंचमार्क निक्केई 225 सूचकांक में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वैश्विक बाजारों के शेयरों में भी तेजी देखी गई। शुरुआती कारोबार में फ्रांस का सीएसी 40 1.4 प्रतिशत बढ़कर 7,854.75 पर पहुँच गया, जबकि जर्मनी का डीएएक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 24,260.62 पर पहुँच गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 100 0.6 प्रतिशत बढ़कर 9,075.46 पर पहुँच गया। एसएंडपी 500 का फ्यूचर इंडेक्स 0.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.5 प्रतिशत बढ़ा।

**व्यापार समझौते की उम्मीदें बढ़ी**

आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुसार वैश्विक स्तर पर, अमेरिका-जापान व्यापार समझौते से संबंधित आशावादी घटनाक्रमों के बाद निवेशकों की धारणा में तेजी आई। इससे निकट भविष्य में और अधिक अंतर्राष्ट्रीय समझौतों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.45 प्रतिशत गिरकर 68.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,548.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 5,239.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## स्टैंडअप इंडिया योजना से उद्यमियों को मिल रहा बढ़ावा एससी-एसटी व महिलाओं को 29000 करोड़ के ऋण मंजूर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं।

केंद्र सरकार की स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति (स्ष्ट), अनुसूचित जनजाति (स्ञ्) और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को संसद में यह जानकारी दी।

सरकार की ओर से चलाई जा रही स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और महिलाओं को नए व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक ऋण प्रदान करके, विशेष रूप से विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्रों में, उद्यमिता को बढ़ावा देना है। यह



योजना इन विशिष्ट जनसांख्यिकी पर केंद्रित होने के साथ-साथ एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन के व्यापक लक्ष्य को पूरा करने में मदद पहुंचाती है।

सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा, यह योजना हाशिए पर पड़े वर्गों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण औरर विशिष्ट विशेषज्ञता प्रदान करती है। इसमें कौशल केंद्र, मेंटरशिप सहायता, उद्यमिता विकास कार्यक्रम केंद्र, जिला उद्योग केंद्र शामिल है।

**इस अवधि में कुल 1,26,508 ऋण खातों की हुई स्वीकृति**

वित्त मंत्री ने बताया कि इस अवधि में कुल 1,26,508 ऋण खातों को स्वीकृति दी गई। इनमें से 86,738 खाते महिला उद्यमियों के थे, जिन्हें ?20,521.41 करोड़ के ऋण मिले। एससी वर्ग के 30,145 खातों को ?6,437.59 करोड़ और एसटी वर्ग के 9,625 खातों को ?2,037.15 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए।

**स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य**

स्टैंड-अप इंडिया योजना 5 अप्रैल, 2016 को शुरू की गई थी। स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच मूल्य के ऋण प्रदान करना है। यह विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र में ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के लिए प्रत्येक बैंक शाखा में कम से कम एक अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) उधारकर्ता और एक महिला उधारकर्ता को प्रदान किया जाएगा।

## इंफोसिस का पहली तिमाही में मुनाफा 8.6% बढ़कर 6921 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने बुधवार को बताया कि जून तिमाही में उसका समेकित शुद्ध मुनाफा 8.7 प्रतिशत बढ़कर 6,921 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने अनुमानित राजस्व के बारे में भी बताया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

इंफोसिस ने बुधवार को बताया कि जून तिमाही में उसका समेकित शुद्ध मुनाफा 8.7 प्रतिशत बढ़कर 6,921 करोड़ रुपये हो गया। भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2026 के लिए 1-3 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का अनुमान भी जताया है।

नियामकीय फाइलिंग के अनुसार, बेंगलुरू मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 6,368 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (कंपनी के मालिकों को देय) अर्जित किया था। समीक्षाधीन तिमाही में इन्फोसिस का परिचालन राजस्व 7.53 प्रतिशत बढ़कर 42,279 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में यह 39,315 करोड़ रुपये था।

क्रमिक रूप से देखा जाए तो लाभ में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि राजस्व में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इंफोसिस के सीईओ और एमडी सलिल पारेख ने कहा, पहली तिमाही में हमारा प्रदर्शन हमारी एंटरप्राइज़ एआई क्षमताओं की मज़बूती, क्लाइंट समेकन निर्णयों में सफलता और हमारे 3,00,000 से ज़्यादा कर्मचारियों के समर्पण को दर्शाता है। 3.8 अरब डॉलर के बड़े सौदे हमारी विशिष्ट प्रतिस्पर्धी स्थिति और ग्राहकों के साथ गहरे संबंधों को दर्शाते हैं।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए राजस्व वृद्धि के निचले स्तर के मार्गदर्शन को बढ़ा दिया है - अब यह स्थिर मुद्रा में 1-3 प्रतिशत है।

## कैंब्रिज ने शिक्षा में इनोवेशन और उत्कृष्टता लाते हुए दक्षिण एशिया के 1,000 स्कूलों में अपना विस्तार किया

**नई दिल्ली।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट (कैंब्रिज) में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने आज दक्षिण एशिया में 1,000 से अधिक कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल का आँकड़ा पार करने की घोषणा की। इनमें से 800 स्कूल भारत में कैंब्रिज प्रोग्राम पेश कर रहे हैं। क्षेत्र में कैंब्रिज स्कूलों की संख्या पिछले एक साल में 16 प्रतिशत बढ़ी है। 2023-24 में जहाँ इस क्षेत्र में 894 कैंब्रिज स्कूल थे, वहीं 2024-25 में कैंब्रिज स्कूल बढ़कर 1034 हो गए हैं। नए स्कूलों में भारत का योगदान 81 प्रतिशत से अधिक है। दक्षिण एशिया में 75 प्रतिशत से अधिक कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल भारत में स्थित हैं, तथा इसके बाद 12 प्रतिशत बांग्लादेश में स्थित हैं। पुणे का ब्रह्मप्रिया वर्ल्ड स्कूल 1000 वाँ कैंब्रिज स्कूल बना। 53 प्रतिशत कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल टियर 1 शहरों में हैं, जो दर्शाता है कि अधिकांश स्कूल शहरों में स्थित हैं।

CAMBRIDGE

दक्षिण भारत में छोटे शहरों में कैंब्रिज स्कूलों की संख्या सबसे अधिक बढ़ी है। 47 प्रतिशत कैंब्रिज स्कूल टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। इससे प्रदर्शित होता है कि नॉन-मेट्रो शहरों में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा का विस्तार हुआ है। दक्षिण एशिया में कैंब्रिज का विस्तार अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की ओर होता वैश्विक परिवर्तन प्रदर्शित करता है। 2024 में पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा विद्यार्थियों ने कैंब्रिज परीक्षाएं दीं। क्षेत्र में अपने स्कूलों के आग्रह पर कैंब्रिज द्वारा मार्च, 2026 से तीसरी कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट सीरीज़ शुरू की जा रही है, जिससे स्कूलों को अपने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप मूल्यांकन करने का अधिक लचीलापन मिलेगा। कैंब्रिज के विद्यार्थी एएस एंड ए लेवल के लिए 50 से अधिक विषय और कैंब्रिज आईजीसीएसई के लिए 70 से अधिक विषय चुन सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार विषय चुनने का विकल्प और लचीलापन मिलता है। 3 से 19 साल के विद्यार्थियों के लिए कैंब्रिज का कोर्स इस तरह से डिज़ाईन किया गया है, जिससे उनमें एनालिटिकल थिंकिंग और स्वतंत्र शोध कौशलों का विकास होता है, वो कम्युनिकेशन और लीडरशिप के कौशल का विकास करते हैं। कैंब्रिज ने पिछले साल भारत में कैंब्रिज क्लाईमेट क्वेस्ट का लॉन्च किया था। यह अपनी तरह का पहला क्लाईमेट लिटरेसी प्रोग्राम है, जो विद्यार्थियों को क्लाईमेट और सस्टेनेबिलिटी के बारे में शिक्षित करता है। विषय के गहरे ज्ञान के साथ ये कौशल विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। दक्षिण एशिया में इंटरनेशनल एजुकेशन के लिए सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, विनय शर्मा ने कहा, ''दक्षिण एशिया में 1,000 स्कूलों का आँकड़ा पार करना विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह शिक्षा लर्नर्स और एजुकेटर्स, दोनों को सशक्त बनाती है। भारत में 800 से अधिक कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूलों के साथ हमें इस क्षेत्र में इनोवेशन, समावेशन और उत्कृष्टता लाने में अग्रणी भूमिका निभाने पर गर्व है। हमारे प्रोग्राम केवल शैक्षणिक उपलब्धि तक सीमित नहीं, वो लर्नर्स को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने का कौशल, मानसिकता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं, ताकि वो जलवायु परिवर्तन से लेकर एआई तक, हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। हम अपने स्कूलों के साथ शिक्षा के भविष्य को आकार दे रहे हैं।''

## वैशाली सिन्हा बनीं यूएनजीसीएनआई की अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। पहली बार निजी क्षेत्र से आने वाली विशेषज्ञ को यह पद मिला है। यह संगठन के नेतृत्व के चरित्र में एक एतिहासिक बदलाव का प्रतिक है। रिन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली निजी क्षेत्र की पहली विशेषज्ञ बन गई हैं। NGCNI की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ग्लोबल कॉम्पैक्ट के भारतीय नेटवर्क ने 2025-27 कार्यकाल के लिए अपनी नई गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है। इसमें कहा गया कि अपने चुनाव के साथ, सिन्हा दो दशकों में NGCNI की अध्यक्षता संभालने वाली भारत के निजी क्षेत्र की पहली नेता बन गई हैं। यह संगठन के नेतृत्व के चरित्र में एक एतिहासिक बदलाव का प्रतिक है। नव-निर्वाचित 12 सदस्यीय परिषद में कॉरपोरेट सेक्टर, गैर-लाभकारी संगठनों, परामर्श संस्थानों और देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। यह विविध प्रतिनिधित्व भारत में सतत व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण प्रदान करेगा। सिन्हा की अध्यक्षता में परिषद सभी सदस्यों द्वारा वैश्विक पहल फॉरवर्ड फास्टर को अपनाने और इसके लक्ष्यों के अनुपालन करने की दिशा में काम करेगी। सिन्हा ने कहा कि मेरा ध्यान स्थिरता में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने पर भी होगा। हम महिलाओं के बिना एक न्यायसंगत और सुदृढ़ भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से इस मंच से बाहर रखा गया है। अगले दो वर्षों में, मेरा लक्ष्य ऐसे मंचों का निर्माण करना है, जो संवाद से आगे बढ़कर नीतियां बनाएं, साझेदारियां स्थापित करें और महत्वाकांक्षाओं को सामूहिक प्रभाव में बदलें।

## फिज़िक्सवाला ने किया पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 की घोषणा

एजुकेशन कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यूएनएसएटी



(फिज़िक्सवाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई के अभ्यर्थियों के लिए एक प्रयास है ताकि शिक्षा और मार्गदर्शन को सभी छात्रों तक पहुँचाया जा सके, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 एग्ज़ाम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा, ताकि देश के विभिन्न क्षेत्रों के छात्र इसे आसानी से दे सकें। ऑनलाइन मोड के लिए छात्र 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच परीक्षा दे सकते हैं। वहीं, ऑफलाइन मोड में परीक्षा 5 अक्टूबर और 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी, जो पीडब्ल्यू के सभी विद्यापीठ और पाठशाला सेंटर्स पर होगी। यह रजिस्ट्रेशन मुफ्त है और कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्र, साथ ही 12वीं पास कर चुके छात्र, चाहे वे पीसीएम स्ट्रीम के हों या पीसीबी के, सभी के लिए खुला है। परीक्षा का परिणाम 25 अक्टूबर 2025 को घोषित किया जाएगा।अलख पांडे, फिज़िक्सवाला के फाउंडर, सीईओ और एजुकेटर ने कहा, ÷कई छात्र अपनी क्षमता के बावजूद सिर्फ आर्थिक कारणों से अपने सपनों को छोड़ देते हैं।पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 के ज़रिए हम इसे बदलना चाहते हैं। हर बच्चे को समान अवसर मिलना चाहिए। इस इनिशिएटिव के माध्यम से हम हर छात्र तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें यह बताने कि उनके सपनों की अहमियत है और हम उनके साथ हैं।÷पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 में टॉप करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार और 100त्न स्कॉलरशिप दी जाएगी, जो उनकी पूरी फीस को कवर करेगी। साथ ही, इन छात्रों को एक एक्सक्लूसिव रैंकर्स ग्रुप में शामिल किया जाएगा, जहां उन्हें स्पेशल मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस दी जाएगी, जिससे वे नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च की नई एचएफ डीलक्स प्रो, एचएफ डीलक्स पोर्टफोलियो को मिला नया आयाम

दोपहिया वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने देश की सबसे भरोसेमंद बाइकों में से एक HF डीलक्स का नया और दमदार संस्करण HF डीलक्स प्रो लॉन्च किया है। स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन संयोजन पेश करती यह बाइक कई आधुनिक खूबियों से लैस है। HF डीलक्स ब्रांड नए दौर के उस भारतीय उपभोक्ता की सोच का प्रतीक है, जो आत्मविश्वासी, समझदारी से खर्च करने वाला और प्रगतिशील है। HF डीलक्स प्रो हीरो मोटोकॉर्प की विश्वसनीय और किफायती मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

नई HF डीलक्स प्रो शानदार डिजाइन, सेगमेंट में सबसे बेहतर फीचर्स और बेहतरीन माइलेज के साथ एंट्री-लेवल मोटरसाइकिल सेगमेंट में नई ऊर्जा लेकर आई है। इसमें i3S (आइडल स्टॉप-स्टार्ट सिस्टम), लो-फ्रिक्शन इंजन और खासतौर पर डिजाइन किए गए टायर जैसे अत्याधुनिक फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ माइलेज देने में सक्षम बनाते हैं। यह बाइक रोज़ाना की सवारी को और आसान व किफायती बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। HF डीलक्स प्रो की कीमत 73,550/- (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है और यह देशभर के हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। इस लॉन्च के मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर इंडिया बिजनेस यूनिट, अशुतोष वर्मा ने कहा, HF डीलक्स लाखों ग्राहकों की पहली पसंद रही है, जिसे इसकी विश्वसनीयता और माइलेज के लिए पसंद किया जाता है। अब नई ॥स्न डीलक्स प्रो के ज़रिए हमने इस भरोसे को नए डिजाइन, एडवांस्ड फीचर्स और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के साथ एक नया रूप दिया है। इसे आज के भारतीय राइडर की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। हमारी ब्रांड फिलॉसफी 'नए इंडियन की डीलक्स बाइक' इस बात को दोहराती है कि हम हर रोज़ की सवारी के लिए भरोसेमंद और किफायती समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**नई बोल्ड डिज़ाइन**

HF डीलक्स प्रो अब एक नए और दमदार अवतार में सामने आई है, जिसमें रिफ्रेश्ड बॉडी ग्राफिक्स इसके लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं। अपने सेगमेंट में पहली बार इसमें क्राउन-शेप हाई-इंटेंसिटी पोजिशन लैंप के साथ एलईडी हेडलैम्प दिया गया है, जो न सिर्फ विजिबिलिटी को बेहतर करता है, बल्कि सड़क पर इसकी मौजूदगी को भी शानदार बनाता है। शार्प और एज्ड ग्राफिक्स इसे मॉडर्न लुक देते हैं, जबकि क्रोम एक्सेंट्स इसकी प्रीमियम अपील को और निखारते हैं जिससे HF डीलक्स प्रो बनती है एक कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश बाइक जो हर नजर को अपनी ओर खींचती है।

**होराइजन डिजिटल कंसोल**

HF डीलक्स प्रो में दिया गया एडवांस्ड डिजिटल स्पीडोमीटर इसे एक मॉडर्न टच देता है। यह जरूरी जानकारी साफ और सटीक रूप से दिखाता है। इसमें दिया गया लो फ्यूल इंडिकेटर (LFI) रोज़मर्रा की सवारी को और भी आसान बनाता है, जिससे राइडर समय रहते फ्यूल की योजना बना सकता है और हर सफर रहता है बेफिक्र।

**बेहतर सुरक्षा, ज़्यादा आराम**

HF डीलक्स प्रो को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि यह राइडिंग को न सिर्फ सुरक्षित, बल्कि आरामदायक भी बनाती है। इसमें आगे और पीछे बड़े 18-इंच डायमीटर के ट्यूबलेस टायर्स दिए गए हैं, जो बेहतर स्टेबिलिटी और स्मूद राइड का अनुभव कराते हैं। 130mm का रियर ब्रेक ड्रम दमदार ब्रेकिंग और बेहतर कंट्रोल देता है, जबकि 2-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेंशन इसे हर रास्ते के लिए तैयार बनाता है जिससे हर सफर बनता है मज़बूत, सहज और भरोसेमंद।

**शानदार माइलेज और दमदार परफॉर्मेंस**

HF डीलक्स प्रो में 97.2ष्ष का भरोसेमंद इंजन दिया गया है, जो 8000 RPM पर 7.9 bhp की पावर और 6000 RPM पर 8.05 Nm का टॉर्क देता है। इसमें i3S (आइडल स्टॉप-स्टार्ट सिस्टम), लो-फ्रिक्शन इंजन और कम रोलिंग रेजिस्टेंस वाले टायर्स जैसे आधुनिक फीचर्स हैं, जो न सिर्फ स्मूद एक्सीलेरेशन सुनिश्चित करते हैं, बल्कि सेगमेंट में बेहतरीन माइलेज भी देते हैं।

## विरासत की संपूर्ण सुरक्षा के लिए कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च किया

**नोएडा।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (÷कोटक लाइफ÷) ने कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक शुद्ध सुरक्षा वाला टर्म इंश्योरेंस प्लान है, जिसे खासतौर पर उभरते हुए नौकरीपेशा प्रोफेशनल्स और बिजनेस करने वालों उद्यमियों के लिए तैयार किया गया है। इयह प्लान प्रतिस्पर्धी प्रीमियम पर व्यापक कवरेज प्रदान करता है, जिससे परिवारों को मजबूत वित्तीय सुरक्षा मिलती है और वे अपनी जीवनशैली बनाए रखते हुए अपनी विरासत लीगेसी को आगे बढ़ा सकते हैं।

कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सी ई ओ महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि कोटक लाइफ में हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम ऐसे समाधान प्रदान करें जो प्रासंगिक होने के साथ-साथ भविष्य की दृष्टि से भी उपयुक्त हों। कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान भारत के बढ़ते समृद्ध प्रोफेशनल्स और उद्यमियों के लिए एक सोच-समझकर तैयार किया गया समाधान है। यह उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप विशेष लाभ प्रदान करता है और यह हमारे उस संकल्प को दर्शाता है जिसमें हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को समझते हैं, नवाचार को बढ़ावा देते हैं और लोगों को अपने भविष्य को आत्मविश्वास के साथ सुरक्षित करने का सशक्त माध्यम प्रदान करते हैं।

भारत एक नई पीढ़ी के महत्वाकांक्षी और आत्मनिर्भर लोगों को उभरते हुए देख रहा है, जो न केवल कमा रहे हैं, बल्कि सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं, बचत कर रहे हैं और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए एक लेगसी (विरासत) बना रहे हैं। ये लोग विभिन्न वित्तीय साधनों के माध्यम से अपने आर्थिक भविष्य को आकार दे रहे हैं। हालांकि, अक्सर आर्थिक प्रगति के साथ पर्याप्त सुरक्षा योजना नहीं होती है।

## कम्फर्ट से केयर तक: हिमालया बेबीकेयर का भारत में 500 से अधिक ब्रेस्टफीडिंग सेंटर का सफर

**नई दिल्ली।** माताओं और बच्चों के लिए स्वस्थ शुरुआत को पोषित करने की अपनी सतत प्रतिबद्धता के तौर पर हिमालया बेबीकेयर ने पूरे भारत में 500 से अधिक ब्रेस्टफीडिंग रूम्स की सफलतापूर्व स्थापना की घोषणा की है, जो माताओं को अपने शिशुओं को गरिमा व सुविधा के साथ दूध पिलाने के लिए स्वच्छ और निजी स्थान प्रदान करते हैं।

यह उपलब्धि मातृ कल्याण के बारे में बढ़ती सार्वजनिक जागरूकता के दौर में ब्रांड के स्वच्छ और विचारशील बुनियादी ढांचे के साथ माताओं को समर्थन देने की की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ये ब्रेस्टफीडिंग रूम देशभर के 27 हवाई अड्डों में स्थित हैं, जिनमें मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और गोवा जैसे प्रमुख ट्रांजिट हब शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में यह सुविधाएं लखनऊ और वाराणसी हवाई अड्डों पर उपलब्ध हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित प्रमुख राज्यों के




33 रेलवे स्टेशनों पर भी ये सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा 141 अस्पतालों और विभिन्न मेट्रो शहरों व क्षेत्रीय केंद्रों में अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में 268 फीडिंग रूम स्थापित किए गए हैं।

जून 2025 तक देशभर में संचालित फीडिंग रूम्स की कुल संख्या 502 है। ब्रांड द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार प्रत्येक फीडिंग रूम का प्रतिदिन औसतन 30 माताएं उपयोग करती है, जो दर्शाता है कि ऐसी सुविधाओं की निरंतर मांग बनी हुई है।

इस तरह हर वर्ष 55 लाख से अधिक माताएं हिमालया बेबीकेयर द्वारा संवेदनशीलता के साथ डिजाइन किए गए इन माताओं के अनुकुल मातृ-हितैषी फीडिंग स्पेस से लाभान्वित हो रही हैं, जिससे उन्हें देशभर में स्वच्छ और निजी स्तनपान सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो रही हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डिवीजन के निदेशक, श्री चक्रवर्ती एन. वी. ने कहा, हिमालया बेबीकेयर में, शिशुओं और माताओं की देखभाल ही हमारे सभी प्रयासों की प्रेरणा और उद्देश्य है। हमारी ब्रेस्टफीडिंग फैसिलिटी पहल माताओं को, चाहे वे कहीं भी हों, वहां हम उन्हें पूरी संवेदनशीलता और ध्यान के साथ सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये फीडिंग रूम बिना उनकी गतिशीलता या सुविधा से समझौता किए माताओं को वह गोपनीयता प्रदान करते हैं जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है। यह पहल हिमालया के उस मिशन को दर्शाती है जिसका उद्देश्य प्रत्येक मां और शिशु के लिए सुखद शुरुआत सुनिश्चित करना है। साथ ही, यह शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में माता-पिता के रोजमर्रा के अनुभवों को समझते हुए एक सकारात्मक और सार्थक सामाजिक बदलाव को भी बढ़ावा देती है।

## चांदी 4000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की भारी खरीदारी के बीच बुधवार को चांदी ने नया शिखर छुआ। राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 4,000 रुपये की तेजी के साथ 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। वहीं सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये बढ़कर 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में चांदी में 7,500 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सर्राफा व्यापारियों ने कहा कि चांदी बाजार में जारी तेजी का रुख मुख्य रूप से औद्योगिक मांग से प्रेरित है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सोने की मांग बनी हुई है। इसका मुख्य कारण 1 अगस्त की समय सीमा से पहले अमेरिका-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते की घटती उम्मीदें हैं। इस अनिश्चितता ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इससे निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ रहा है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी से भी कीमती धातु को समर्थन मिला है।

वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 0.26 प्रतिशत गिरकर 3,422.87 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.26 प्रतिशत बढ़कर 39.39 डॉलर प्रति औंस हो गई। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सितंबर डिलीवरी के लिए चांदी वायदा भाव 896 रुपये या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 1,16,551 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी के लिए सोना वायदा भाव 24 रुपए गिरकर 1,00,305 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष अनुसंधान विश्लेषक जतीन त्रिवेदी के अनुसार, निवेशक अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोजोन सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों की प्रतीक्षा करेंगे।

# बिना कार्य किए अध्यापकों ने उठा लिया है दो वर्ष का एरियर

- विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के मिली भगत से शिक्षको ने सरकार को लगाया लाखो रुपए का चूना
- मूल उपस्थिति पंजिका पर नही है शिक्षको का हस्ताक्षर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नो वर्क, नो पे कार्य नही तो वेतन नही, के आदेश के बावजूद जुलाई 2012 से मार्च 2014 तक बिना कार्य किए तथ्य गोपन कर कुछ शिक्षको द्वारा लाखो-लाख रुपए एरियर के रूप मे भुगतान प्राप्त कर सरकारी खजाने से गोलमाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते है कि इन शिक्षको का विद्यालय के मूल उपस्थिति रजिस्टर पर कही भी हस्ताक्षर नही है। विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के आख्या के बाद तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक उदय नारायण मिश्र ने निदेशालय को अपनी रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद इन शिक्षको ने तथ्य गोपन और तीन-पांच कर लाखो रुपए एरियर लेकर सरकार का चूना लगाया है जिसकी सत्यता विद्यालय की मूल उपस्थित पंजिका की जांच करने के बाद स्पष्ट हो जायेगा। ऐसा विभागीय सूत्रो का दावा है। यह सनसनीखेज मामला जनपद के कप्तानगंज स्थित एक इण्टर कालेज का है।

वर्ष 1999 में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर ने जनपद में बिना पद के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के नियुक्ति की शिकायत प्राप्त होने पर वेतन भुगतान अवरुद्ध कर दिया था। इससे क्षुब्ध होकर कप्तानगंज इंटर कॉलेज के शिक्षको द्वारा उच्च न्यायालय में विभिन्न याचिकाएं योजित की गई जो कालांतर में एक याचिका 39088/2007 के साथ सम्बद्ध होकर आदेश पारित हुआ। आदेश में कहा गया कि जो शासनादेश के अन्तर्गत आने वाले शिक्षक नियमित रूप से कार्य कर रहे है उनसे कार्य कराते हुए शासनादेश में शामिल शिक्षकों को बकाया वेतन का भुगतान इस सत्यापन के अधीन किया जाएगा कि वह विद्यालय में नियमित अध्यापन कर रहे हैं। ऐसा सत्यापन के बाद उन्हें वेतन भुगतान के लिए लागू नियमों के अनुसार अपना वेतन प्राप्त करने की अनुमति दी जाती है। जानकार बताते है कि न्यायालय के आदेश के बाद जुलाई - 2012 से मार्च 2014 तक वह शिक्षक भी वेतन भुगतान की मांग करने लगे जिनका इस समयान्तराल विद्यालय से न कोई सरोकार था और न ही विद्यालय मे इन लोगो द्वारा पठन-पाठन का कार्य संपादित किया गया।

सूत्रो की माने तो शिक्षा निदेशक द्वारा इन शिक्षको के नो वर्क नो पे के आधार पर भुगतान नही किए जाने के आदेश के बाद इन शिक्षको ने विद्यालय के उसी प्रबंधक और प्रधानाचार्य को मोटी कमीशन देकर नियमित उपस्थिति का रिपोर्ट अपने पक्ष मे लगवा लिया जो पहले इन शिक्षको के नियमित उपस्थिति के विरुद्ध अपनी आख्या तत्कालीन डीआईओएस उदय नारायण मिश्र को दिए थे। सूत्रो का दावा है कि इन शिक्षको का आज भी मूल उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नही है। निष्पक्ष जांच हो जाए तो इन शिक्षको की नियमित उपस्थिति की पोल खुल जायेगी।

### निदेशक ने नो वर्क नो पे के आधार पर किया खारिज

न्यायालय के आदेश के बाद शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक उदय नारायण मिश्र से इन सभी शिक्षकों के नियमित उपस्थिति का सत्यापन करने का आदेश दिया जिसके अनुपालन मे तत्कालीन डीआईओएस ने शिक्षा निदेशक को अपनी रिपोर्ट भेजी। शिक्षा निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उपलब्ध कराए गये आख्या/अभिलेखों के अनुसार संस्था के उपस्थिति पंजिका में जुलाई 2012 से मार्च 2014 तक इन शिक्षको का हस्ताक्षर अंकित नही पाया गया जिसके कारण नियमित उपस्थिति की पुष्टि नही हो रही है इस लिए शिक्षको के प्रमाणित उपस्थिति न होने के कारण नो वर्क नो पे काम नही तो वेतन नही के सिद्धांत पर अवशेष भुगतान किया जाना नियम संगत नही है।

### इसी विद्यालय के एक शिक्षक की है फर्जी डिग्री

बीते दिनो मीडिया ने बीएड की फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहे शिक्षक की सेवा समाप्ति के बाद तथ्य गोपन नौकरी कर रहे शिक्षक का मामला उठाया था, वह शिक्षक इसी विद्यालय के है। डीआईओएस ने खबर को संज्ञान में लेकर शिक्षक को दो बार साक्ष्य के साथ अपना पक्ष रखने का नोटिस भेजा था। किन्तु पहली बार शिक्षक द्वारा डीआईओएस के समक्ष संतुष्ट पूर्ण पक्ष नही रखा जा सका। दुसरी बार पक्ष रखने का मौका नही मिल पाया जिसके वजह तीसरी बार पुनः डीआईओएस ने शिक्षक को साक्ष्य के साथ अपना रखने के लिए नोटिस भेजा है। बताना जरूरी है कि शिक्षक का बीएड का डिग्री उस विश्व विद्यालय का जो फर्जी घोषित है, इस विश्व विद्यालय की न तो यूजीसी मे रजिस्ट्रेशन है और न ही शासन से मान्यता प्राप्त है।

# लव जिहाद के संगठित गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

- हिन्दू लड़कियों के लालच देकर धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म करने का मामला

**अवधनामा ब्यूरो**


मीडिया के समक्ष अभियुक्तों को पेश करते एसपी

**कुशीनगर।** हिन्दू नाबालिग लड़कियों को सक्रिय संगठित गिरोह द्वारा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि रामकोला थाना पर पीड़िता के पिता प्रेम पुत्र छठ्ठु मद्धेशिया निवासी टेकुआटार टोला खैरटवा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि बीते 11 जुलाई को उनकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 15 वर्ष को गांव के ही अरमान पुत्र अमरूदीन अपने साथी हमदम पुत्र जैनुदीन निवासी रामबर की मदद से शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया है, पूर्व में भी थाना रामकोला पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसमें वादी रामचरित प्रसाद द्वारा इनकी 02 नाबालिक लड़की व उसकी 01 नाबालिक सहेली तीनों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें तीनों नाबालिक लड़कियों को मुम्बई से बरामद कर लिया गया था। इन्ही तीनों नाबालिक लड़कियों में से पुनः 11 जुलाई 2025 को वादी प्रेम मद्धेशिया की नाबालिक पुत्री को अभियुक्त अरमान अली पुत्र अरबुद्दीन अली निवासी टेकुआटार पकड़ी पुरवा, हमदम अंसारी पुत्र जैनुद्दीन अंसारी निवासी रामबर बुजुर्ग द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। इकरामुल हक पुत्र मैनुद्दीन पता बेलवा रामजश थाना कसया उम्र 28 वर्ष व एक महिला अभियुक्ता जैरुननिशा पत्नी जैनुद्दीन अंसारी पता रामबर बुजुर्ग भी इस घटना में शामिल थे। पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को गठन कर दिशा-निर्देश दिए गए थे। विवेचना में पता लगा कि टेकुआटार थाना रामकोला क्षेत्र के एक संगठित गिरोह के मुस्लिम व्यक्तियों द्वारा हिन्दू समुदाय की नाबालिक लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फसाकर तथा धर्म परिवर्तन कराकर इनके नकली डाक्यूमेन्ट तैयार करके घर से भगा ले जाकर अनैतिक कृत्य कराते थे।

# तीसरे दिन मिला विवाहिता का शव

- जेठानी से विवाद के बाद नहर में कूद गई थी विवाहिता

**अवधनामा ब्यूरो**


रोते बिलखते विवाहिता के परिजन

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव के खपरैला टोला निवासी गुड्डु कुशवाहा की 19 वर्षीय पत्नी ज्योति की शव कसया थाना क्षेत्र के कुरमौटा मंझरिया गांव के पास खजुरिया नहर शाखा पर निर्माणाधीन पुल में अटका मिला। बुधवार को नहर के तरफ आए ग्रामीणों ने देख पुलिस को सूचना दी। घंटो बाद कसया थाने के एसआई उपेन्द्र सिंह व रामकोला एस आई मार्कण्डेय सिंह मयफोर्स पहुंचे और शव को बाहर निकलवा कर परिजनो से शिनाख्त कर पीएम के लिए भेजवा दिया।

जानकारी के अनुसार तीन दिन पुर्व रामकोला थाना क्षेत्र के गांव पुरैनी के खपरैला टोला के गुड्डु कुशवाहा की पत्नी ज्योति व उसकी जेठानी के बीच दो बोरी बालू व पाच सौ रूपये के लिए विवाद हुआ और विवाद इतना आगे बढ गया कि मात्र 250 रूपये के हिस्से के लिए ज्योति की जान चली गई। देवरानी व जेठानी ने इसके पूर्व भी झगडा किए थे जिसमे डायल 112 ने मौके पर आकर समझाकर बुझा कर मौके पर खत्म कर दिया लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था जेठानी व देवरानी ने सोमवार सुबह झगड़ा किया और उसके बाद से ही ज्योति अपने मोबाईल को बगल के किसी लडकी को देकर नहर में कूद गई पुलिस व एनडीआरएफ ने दो दिन तक नहर मे तलाश की लेकिन शव नही मिलने से एनडीआरएफ टीम कल शाम को वापस चली गई तीसरे दिन बुधवार को ज्योति का शव कसया थाना क्षेत्र के कुरमौटा गांव के छेरियहवा टोला के पास खजुरिया नहर में मिली जिसके बद पुलिस की मौजूदगी मे उसके पति व मायके वालो ने शिनाख्त किया उधर मृतिका की माता अशर्फी देवी का रो रोकर यही कह रहीं थी कि मेरी बेटी को उसकी जेठानी ने नहर में धक्का देकर मार दिया है। मेरी बेटी कूदी नही है।

# अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत गिदहा चक बैरिया में स्थित 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र से हो रही अघोषित विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी दी। इस विद्युत उपकेंद्र से 65 से 70 गांवों में विद्युत आपूर्ति होती है। लेकिन बदहाल व्यवस्था एवं जिम्मेदारों की अनियमितता के कारण आमजन को त्रासदी का दंश झेलना पड़ रहा है।

अघोषित बिजली कटौती को लेकर अवरही कृतपुरा गांव के ग्रामीणों ने रामाज्ञा निषाद पूर्व ग्राम प्रधान के नेतृत्व में विद्युत सब स्टेशन बरौली पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान रामाज्ञा निषाद ने विद्युत की लाचार व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों को दोषी ठहराते हुए कहा कि गिदहा चक बैरिया में 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र से हर 10 मिनट पर बिजली की कटौती हो रही है। अगर इसका सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर हम सभी क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान चंद्रभान, सोनेलाल, विश्वनाथ, गणपति, विजय शर्मा, सुरेंद्र, भीम, रोहित, पुष्पा, ममता, बलवती आदि लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में गिदहा चक बैरिया के जे ई राजेश कुमार ने कहा कि मैं चार्ज पे हूं कर ही क्या सकता हूं, जो आयेगा वो खराबी देखेगा।

# अहिरौली क्षेत्र में दबंगों ने दूसरी बार एक महिला के घर लगाई आग

- 12 दिन में दूसरी बार आग लगी घटना, पीड़ित के तहरीर पर पुलिस नहीं की कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**


आग से जला महिला का घर

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भलुही निवासिनि एक महिला के घर दूसरी बार आगजनी की घटना सामने आई है। जिसमें महिला ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना अहिरौली बाजार के भलुही निवासिनि महिला ममता देवी पत्नी संजय सिंह ने बताया कि बीते 10 जुलाई 2025 को पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों द्वारा मेरे घर के सामने खड़ी बाइक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया गया जिससे बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जिसकी सूचना 112 व 198 पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। फिर स्थानीय थाने पर भी तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी उस दौरान भी मेरे दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर बीते 22 जुलाई 2025 की रात 11 बजे एक बाइक पर सवार तीन लोग आएं तथा मेरे घर पर लगे कैमरे और दिवाल पर पेट्रोल छिड़ककर दूसरी बार आग लगा दिए। फिर महिला ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि पुलिस इस मामले में गंभीरता नहीं ले रही और इस मामले में कारवाई करने से कतरा रही है। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो रहें। जिससे वह बार-बार वही पुनरावृत्ति दोहरा रहे हैं। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाए उनको संरक्षण दे रही है। मेरे द्वारा थाने पर दूसरी बार तहरीर देने के बाद कोई कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस किसी बड़ी अनहोनी के होने का इंतजार कर रही है।

# प्रतिभा उम्र और परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सनबीम स्कूल देवरिया के छात्र कुनाल गिरी ने ।चकरामचंद्र अहीर परसिया, देवरिया के निवासी श्रीमती रीता देवी एवं लाल बाबू गिरी के पुत्र कुणाल गिरी सनबीम स्कूल देवरिया के कक्षा बारहवीं के छात्र हैं। इन्होंने इक्कीस कविताओं से सुसज्जित काव्य संकलन आरंभ की रचना की है, जिसका विमोचन 22 जुलाई को नागरी प्रचारिणी सभा में अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामई उपस्थिति में हुआ।

सामाजिक सरोकारों से युक्त उनकी सभी कविताएं बहुत ही प्रभावी और हृदय स्पर्शी हैं। पहली कविता का शीर्षक है मंज़िल पाते ही लोग सीढ़ियां भूल जाते हैंजो अत्यंत ही मार्मिक और हृदय स्पर्शी है। अंतिम कविता है राम मंदिर जो राम मंदिर के लिए बरसों के संघर्ष से जुड़े लोगों की धार्मिक आस्था को उजागर करती है। कुणाल में बचपन से ही लेखन के प्रति रुचि थी जिसका परिणाम है कि आज उन्होंने आरंभ जैसी बहुत ही महत्वपूर्ण कृति जो भाषा, शिल्प और भावों के स्तर पर बहुत ही उत्तम कृति है। अभी तक जिन पाठकों ने उनकी कविताओं का रसपान किया है उन्होंने उन कविताओं की प्रशंसा की है। विमोचन के अवसर पर नागरी प्रचारिणी सभा में प्रयाग विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अवनीश यादव, सनबीम स्कूल देवरिया के प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ला एवं सनबीम स्कूल के अनेक अध्यापकगण जिनमें त्रिपुरेश पांडेय, तारीक अली, मनीष गुप्ता आदि एवं नागरी प्रचारिणी सभा के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# गोष्ठी में पशुपालकों को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** पशुओं में बढ़ती बिमारियां, बाझपन, दूध की घटती मात्रा को नियंत्रित करने सहित तमाम बिंदुओं पर विधिवत प्रकाश डालते हुए डा अविनाश नागर ने पशु पालकों को जागरूक किया।

बुधवार को बोदरवार बाजार में सेन्ट्रल बैंक के बगल में पशुपालक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम पशुपालकों ने भाग लिया. इस गोष्ठी का आयोजन समाजसेवी अवधेश गिरी ने ज्ञानधारा पशु आहार वालों के सौजन्य से आयोजित किया था।

पशुपालक गोष्ठी में उपस्थित पशु पालकों को डॉ अविनाश नागर ने दुधारु पशुओं की देखभाल पर प्रकाश डालते हुए आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। नागर ने बताया कि संतुलित आहार के बिना पशु कमजोर होने के साथ साथ बाझपन का शिकार हो जाता है. अगर हम पशुओं को दूध की मात्रा के अनुसार पोशाक तत्व दें तो काफी हद तक आने वाली बिमारियों और बाझपन से बचा सकते है।

# मरीजों की दी जाएं बेहतर स्वास्थ्य सेवा : सीएमओ



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सरौरा व आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोहनीपार, बरियारपुर, लाहिलपार का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी की व्यवस्थाओं एवं वहां मौजूद दवाओं की जमीनी हकीकत को देखी और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सीएम ओ डॉ अनिल गुप्ता ने पहले पीएचसी पहुंचे और परिसर की साफ सफाई को देखा। उन्होंने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का निर्देश दिए। पीएचसी परिसर की साफ-सफाई देखने के साथ ओपीडी, इमरजेंसी, पैथोलॉजी, वैक्सीन रूम, बीपीएम यूनिट, लेबर रूम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद ओपीडी, स्टोर रूम और प्रसूता भवन की व्यवस्थाओं को जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं का मुआयना करते हुए सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इसके बाद सीएमओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोहनीपार, बरियारपुर और लाहिलपार पहुंचे जहाँ सभी सीएचओ ओपीडी करते मिले। इस दौरान उनके साथ मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल मौजूद रहे।

# कब्ज़ा को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से शिकायत

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छितौनी के रहने वाले दो सगे भाइयों ने जमीनी विवाद को लेकर मुख्यमंत्री से लगायत जिले के जिम्मेदार अधिकारीयों के पास पत्रक सौंपकर कब्जा से रोक लगाने की मांग की हैं।

बताते चले कि नगर पंचायत छितौनी के बुलहवा टोला के रहने वाले सगे भाइयों ने आपस में ही जमीनी विवाद को लेकर टकरा गए हैं। मुख्यमंत्री के आलावा मंडलायुक्त गोरखपुर, पुलिस महानिदेशक आदि के नाम भेजे रजिस्टर्ड पत्रक में केशव गुप्ता ने अपने ही भाई पारस गुप्ता पर आरोप लगाए हैं कि गाटा संख्या 2291 ख को रजिस्ट्री किया और गाटा संख्या 2294 रकबा 0.040 हेक्टेयर पर कब्जा करवा रहा हैं। जो गलत हैं। भाई भी मानने को तैयार नही इसी को लेकर दोनों भाई आमने सामने हैं। बड़ा भाई न्यायलय में विचाराधीन मामले को निर्णय आने तक रोक लगाने कि मांग कि हैं। अन्यथा कि स्थिति में यदि कोई घटना होती हैं तो जिम्मेदारी प्रशासन को बता रहा हैं।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं रूचि पांडेय



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने संगठन विस्तार के क्रम में बुधवार को जिला कार्यालय पर एक बैठक आयोजित कर महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का मनोनयन किया। रूचि पांडेय को महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष और दीपिका साहू को महामंत्री मनोनीत किया गया है।

उर्मिला गुप्ता को जिला संरक्षक बनाया गया। नगर अमेठी से नगर उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रूचि पांडे ने आये हुए सभी व्यापारियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमेठी जनपद में महिला व्यवसायियों के हितों की रक्षा के लिए हरदम तत्पर रहूंगी और संगठन की मजबूती के लिए जो भी कार्य होगा करती रहूंगी।

इस मौके पर जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील जायसवाल, टीकरमाफी बाजार अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव, महामंत्री अभयराज मौर्या, युवा जिला महामंत्री पवन वैश्य, कमल अग्रहरि, विकास पासवान, प्रद्युम्न मोदनवाल, हिमांशु कसौधन, विष्णु सोनी, दुर्गेश कुमार, गीता सोनी रीता सोनी आदि उपस्थित रहे।

# 45 दिन तक चलेगा पशुओं में खुरपका मुंहपका का टीकाकरण अभियान

- डीएम ने किया सचल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** पशु रोग नियंत्रण योजना के अन्तर्गत जनपद में खुरपका, मुंहपका बीमारी से बचाव को 45दिन का विशेष टीकाकरण अभियान बुधवार को शुरू हुआ। टीकाकरण अभियान के छठवें चरण का शुभारंभ डी एम संजय चौहान ने सचल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया।

टीकाकरण अभियान में 58टीमें लगाई गई हैं। अभियान के दौरान जिले के तेरह विकास खंडों में 495182पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

टीकाकरण अभियान जनपद के समस्त विकास खण्डों में बाहर से गांवों को कवर करते हुए अन्दर तक चलाया जायेगा। खुरपका मुहपका एक विषाणुजनित संक्रामक बीमारी है जिसने पशुओं की उत्पादकता घट जाती है हालांकि इसमें मृत्यु दर कम है।

सी वी ओ डा गोपाल कृष्ण शुक्ल ने पशुपालकों से विनम्र अपील की है कि सभी पशुपालक अपने पशुओं के कान में टैग लगधाते हुए अपने पशुओं का टीकाकरण करायें। जनमद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवसों का टीकाकरण शत-प्रतिशत करते हुए गो आश्रय पोर्टल/भारत पशुधन एप पर अपलोड किये जाने का लक्ष्य है। टीकाकरण अभियान के पूर्व भारत सरकार के द्वारा चिन्हित गांवों से चिन्हित पशुओं से प्री वैक्सीनेशन ब्लड सैम्पल (रक्त के नमूने) एकत्रित किये गये हैं और टीकाकरण अभियान के बाद जिन पशुओं से रक्त के नमूने एकत्रित किये गये है उन्ही पशुओं के रक्त के नमूने एकत्र कर उनका विश्लेषण किया जायेगा। टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के अवसर पर पशु चिकित्साधिकारी डा वी के पांडेय,डा शिव ओम गंगवार, डॉ रोशन लाल आदि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर एक अगस्त को अटेवा का रोष मार्च

- संयुक्त संघर्ष संचालन समिति 28 जुलाई को देगी ज्ञापन
- अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और संविदा रोडवेज कर्मियों के मानदेय में वृद्धि और नियमितीकरण की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एन एम ओ पी एस के राष्टीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में अटेवा की ओर से एक अगस्त से चरण बद्ध आंदोलन फिर शुरू होगा। एक अगस्त को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में रोष मार्च का आयोजन किया गया है।

अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव और महासचिव अजय कुमार मौर्य ने मंगलवार को कोर कमेटी के साथ बैठक कर तैयारी पर बातचीत की। उधर उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद और महामंत्री रमाकांत मौर्य ने सभी ब्लाक इकाईयों को रोष मार्च में शामिल होने के लिए अभी से निर्देश जारी कर दिए हैं।

### पुरानी पेंशन बहाली अभियान

**अमेठी।** पुरानी पेंशन बहाली अभियान के अन्तर्गत संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की ओर से 28जुलाई को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सभा का आयोजन करके मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम क सौंपा जाएगा।संयुक्त संघर्ष संचालन समिति में शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह और संयुक्त संयोजक अरुणेंद्र कुमार वर्मा की ओर से ज्ञापन देने के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। जुलाई महीने में ही मंडलीय सम्मेलन भी आयोजित किए गए हैं।

# खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण अभियान की डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

- टीकाकरण अभियान 23 जुलाई से 05 सितंबर तक रहेगा संचालित

**अवधनामा ब्यूरो**


वाहन को हरि झंडी दिखाते डीएम

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम अन्तर्गत बुधवार 23 जुलाई से खुरपकाङ्कमुहंपका टीकाकरण अभियान का छठवां चरण जनपद में प्रारम्भ किया जा रहा है जो दिनांक 05 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में समस्त गोवंशीय पशु (165224) एवं महिषवंशीय पशु (170194) का टीकाकरण किया जाना है (04 माह से छोटे एवं 08 माह से ऊपर गाभिन पशुओं को छोड़कर)। उक्त कार्यक्रम हेतु कुल 301900 वैक्सीन प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा आज प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के समस्त बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा सचल वाहनों को टीकाकरण टीम सहित हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पशु पालकों से टीकाकरण कराए जाने की अपील किया। उक्त कार्यक्रम के संघन अनुश्रवण हेतु डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर/जनपदीय नोडल अधिकारी (द्बष्ठष्क) नामित किया गया है, जिनका मो0नं0-9450556594 है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि खुरपका-मुहंपका एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है जिसके संक्रमण में आ जाने के उपरान्त पशु को तेज बुखार आता है, मुंह से लार गिरती है, मुंह एवं पैरो में छाले पड़ जाते हैं, पशु चारा खाना छोड़ देता है, दुग्ध उत्पादन घटते-घटते शून्य हो जाता है। गाभिन पशु बच्चा गिरा देती है और अगर सही समय पर उपयुक्त इलाज नही दिया गया तो पशु की मौत भी हो जाती है। इस रोग से विदेशी नस्ल की गाय ज्यादा प्रभावित होती हैं। इस रोग से बचाव के संबंध में उन्होंने बताया कि टीकाकरण मात्र एक रास्ता है।

# चेयरमैन ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा, कराया भंडारा

- सभी सभासद और पालिका के सभी कर्मचारियों की सहयोग से हुआ कांवड़ियों का भंडारा



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर पालिका अध्यक्ष शकील अहमद खान ने महाराणा प्रताप चौक/याकूबपुर चौराहे समीप नगर पालिका परिषद के कांवड़ियां कैंप पर पांचालघाट/घटियाघाट से गंगाजल भरके गोलागोकर्णनाथ/ छोटी काशी को अपने गंतव्य को जाने वाले सभी कांवड़ियों पर पालिका के सभी सभासदो एवं समस्त नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के साथ मिलकर पुष्पवर्षा की,साथ ही सभी ने मिलकर कांवड़ियों का विशाल भंडारा कराया। जिस दौरान सभी सभासदगढ़ एवं नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से कांवड़ियों का भंडारा कराया एवं जलपान कराया गया...जिसमें सभी ने विन्रम प्रेम समर्पण से इस पुण्य के इस कार्य में उपस्थित होकर प्रसाद भी ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम में पालिका बोर्ड के सभासद नीरज भारद्वाज, सोनू भारद्वाज, करतार सिंह, परवेज, फैसल, विनोद गुप्ता, एवं कर्मचारियों में नितिन शर्मा, सत्यम सिंह, राममोहन, मानवेंद्र सिंह, सुधीर राठौर, अजीत श्रीवास्तव, प्रतीक, अनवार, नीतेश कटियार, मोबिन शाह, रामशरण, सुधीर प्रताप सिंह, अभिषेक, तारणपाल, राहुल राठौर, श्यामू, अमित सक्सेना, प्रवेश पाण्डेय, धनपाल, इस्लाम, सुनील, पवन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया अटल सहजन वन का निरीक्षण

- अटल सहजन वन के पास ही विकसित किया जाएगा बंबू गार्डन

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से जनपद शाहजहांपुर में हरियाली को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विकास खंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत तुर्की खेड़ा में 18 जुलाई को ÷अटल सहजन वन÷ की स्थापना की थी। आज जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ÷अटल सहजन वन÷ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहजन वन में चल रही गतिविधियों का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने देखा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष उत्साहपूर्वक लगाए गए सहजन के पेड़ों में पानी दे रहे हैं तथा पेड़ों के आसपास की मिट्टी को संभालकर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जो पतले सहजन के वृक्ष हैं, उन्हें मजबूती देने हेतु बांस की डंडियों से सहारा देकर बांधा जा रहा था, जिससे उनकी वृद्धि में सहायता मिल सके।

जिलाधिकारी ने 18 जुलाई को रोपे गए सहजन के पेड़ों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेड़ों की समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी लगाए गए पेड़ों की गिनती की जाए और जिन स्थानों पर पेड़ नहीं पनप पाए हैं, वहाँ पुनः नए पौधे रोपे जाएं ताकि वन की सतत हरियाली बनी रहे।

सहजन वन की समुचित देखरेख के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य द्वार पर ही केयरटेकर हेतु एक कक्ष के निर्माण के निर्देश दिए, जिससे देखभाल कार्यों में नियमितता और पारदर्शिता लाई जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल से उपलब्ध भूमि की जानकारी ली, जिस पर लेखपाल ने बताया कि पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित भूमि को खाली कराना प्रारंभ किया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक को निर्देशित किया कि उपलब्ध भूमि में 10 एकड़ भूमि पर एक बाम्बू गार्डन विकसित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य को चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए–प्रथम चरण में तारबाड़ कराई जाए, तत्पश्चात योजनाबद्ध रूप से बांस की रोपाई की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि बाम्बू गार्डन को इस प्रकार से विकसित किया जाएगा कि वह न केवल जिले के लिए एक पर्यावरणीय प्रतीक बने, बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभरे। उन्होंने बाम्बू गार्डन के स्वरूप की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इसमें प्राकृतिक अनुभूति देने वाली झोपड़ियां बनेंगी, साथ ही खान-पान एवं अन्य सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी ताकि यह स्थान पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वह प्रत्येक बुधवार को अटल सहजन वन का निरीक्षण करेंगे और प्रगति की नियमित समीक्षा भी करेंगे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया वृक्षारोपण



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरिशंकरी पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हरिशंकर पौधे (पीपल, बरगद एवं पकड़) का वृक्षारोपण किया। उन्होने कहा कि पौधे हमें शुद्ध हवा पानी देते है तथा पर्यावरण, जल संरक्षण के लिये भी महत्वपूर्ण है इसलिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये व पौधो का संरक्षण भी करना चाहिये। उन्होंने समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि इस वर्षा काल में एक व्यक्ति-एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी से हम सभी को सचेत व सीख लेना चाहिए कि मानव जीवन के अनुकूल वातावरण विकास हेतु धरती की हरियाली बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे व हरियाली ही धरती का श्रृंगार है। उन्होंने कहा कि जीवन का एक ही सहारा, पर्यावरण हम सबको प्यारा तथा पर्यावरण है। पेड़ हम सबकी जान-इसलिए रखों इसका ध्यान रखें।

# ग्रीनलैण्ड जमीन विवाद में सच्चाई आई सामने

**अवधनामा संवाददाता**




- शिवकृष्ण हॉस्पिटल संचालक अरुणेश ने तोड़ी चुप्पी
- अगर मेरी वजह से मेरे दोस्तो को समस्या खड़ी होती है तो मै शिवकृष्ण हास्पिटल बंद करना पसंद करूंगा: अरूणेश कुमार

**बांदा।** शिवकृष्ण हॉस्पिटल नरैनी रोड बांदा को लेकर बीते दिनों उठे विवाद में अब स्थिति स्पष्ट होती नजर आ रही है। ग्रीनलैण्ड की जमीन पर अस्पताल निर्माण को लेकर उठे सवालों पर संचालक अरुणेश ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में खुलकर अपनी बात रखी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरुणेश ने बताया कि जिस भूमि पर अस्पताल निर्मित है, वह महामाया योजना के अंतर्गत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु अधिकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमने जमीन के रूपांतरण के लिए नियमानुसार आवेदन किया है और लगभग 35 लाख रुपये की धनराशि जमा करने की प्रक्रिया में हैं। मीडिया के एक वर्ग द्वारा एडीएम एफ/आर को इस पूरे प्रकरण में घसीटे जाने पर उन्होंने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि, शिवकृष्ण हॉस्पिटल का संचालन पूर्णतः मैं स्वयं कर रहा हूँ। एडीएम एफ/आर मेरे पारिवारिक मित्र हैं, लेकिन अस्पताल के संचालन या किसी प्रकार के प्रशासनिक निर्णय में उनकी कोई भूमिका नहीं है। इस बीच यह चर्चा भी जोर पकड़ रही थी कि एडीएम की पत्नी इस हॉस्पिटल में साझेदार हैं। इस संबंध में पूछे गए प्रश्न पर अरुणेश ने कहा कि साझेदारी व्यावसायिक समझ के तहत है, लेकिन किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अथवा सरकारी लाभ उठाने की बात सरासर गलत और भ्रामक है। पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने और उनके आधार पर आरोप लगाए जाने पर अरुणेश ने नाराजगी जताई और कहा कि पारिवारिक मित्रों के साथ निजी समय बिताना कोई अपराध नहीं है, लेकिन उन तस्वीरों को इस तरह से पेश करना कि कोई अनुचित लाभ उठाया गया हो, न केवल गलत है बल्कि चरित्र हनन जैसा कृत्य है। भावुक होते हुए अरुणेश ने अंत में कहा, हमारी दोस्ती सर्वोपरि है। अगर मेरी वजह से मेरे मित्र पर कोई आंच आती है, तो मैं हॉस्पिटल का संचालन बंद करने को तैयार हूं लेकिन दोस्ती पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि निजी संबंधों को सार्वजनिक मंच पर घसीटना, तथ्यात्मक जानकारी के अभाव में गलत धारणा बना सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासनिक स्तर पर इस स्पष्टीकरण के बाद विवाद विराम की ओर बढ़ता है या नई दिशा लेता है।

# शहीद चंद्र शेखर आजाद की जयंती पर नगर में रैली निकालकर किया रक्तदान

**अवधनामा संवाददाता**





**सुल्तानपुर।** शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती के अवसर पर आजाद समाज सेवा समित द्वारा संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व मे नगर मे प्रभात फेरी निकाल कर शहीद चन्द्रशेखर आजाद सहित नगर मे स्थिति समस्त शहीदो की प्रतिमाओं पर देश भक्ति के जोर दार नारो के साथ माल्यार्पण किया गया। मेडिकल कालेज स्थित ब्लडवेंक में संस्था के 35 पदाधिकारियो ने रक्त दान महादान कर देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉं एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉं आर के मिश्र , पैथालाजी विभागाध्यक्ष डॉ सुपर्णा दूबे, ब्लड बैक प्रभारी डां संजय सिंह व वरिष्ठ समाज सेवी करतारकेशव यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शुभारम्भ करते हुऐ डॉं एके सिंह व डॉं आरके मिश्रा ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुनीत कार्य है। जहॉं एक ओर रक्तदान करके हम दूसरो की जिन्दगी बचाने का प्रयास कर सकते है वही दूसरी तरफ रक्तदान करने वाले व्यक्ति मे भी रक्त बनाने की क्षमता बढ़ जाती है। और एक स्वस्थ मनुष्य हर तीन माह बाद रक्तदान कर ऐसा पुनीत कार्य कर सकता है। आजाद समाज सेवा समिति द्वारा शहीदो की जयन्ती और पुण्य तिथियो पर ऐसा आयोजन निरन्तर करती रहती है जो अत्यन्त ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर रक्त दान करने वालो में प्रमुख रूप से सुनील तिवारी, राधवेन्द्र सिंह मंयक पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, रजत सिंह, रजा अब्वास जैदी शराफत खान दिलीप सिंह, ई हरिकेश यादव, अमित तिवारी, आदर्श सिंह, अदनान खान, प्रणव श्रीवास्तव सिकन्दर सिंह प्रवीण दीक्षित, स्वालेखान, दीपक सिंह, रियासत अली, ई आसुतोष कुमार सिंह, राजकरन विनोद रावत, शादाब खान रुजदान खान, केतन श्रीवास्तव, सर्वेशसिंह, रजनीसिंह, अर्पित श्रीवास्तव। राजदीप कश्यप, अभिजीत भारती, प्रमोद तिवारी, अमित शर्मा, माहे आलम, हंसराज यादव , राजेन्द्रपटवा, कुल 35 पदाधिकारियो ने रक्तदान किया। इसके पूर्व प्रातः संस्था द्वारा नगर मे प्रभातफेरी निकाल कर नगर में स्थित समस्त शहीदो की प्रतिमाओं पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर माशूक अली ,मु0 अहमद ओमप्रकाश गौड़ , गिरीश तिवारी, बबलू सिंह प्रधान, रबि दूबे, धर्मेन्द्र जायसवाल, मसूद अहमद वीडीसी, अब्दुल मन्नान, महफूज अली बब्बन, रवीन्द्र बहादुरसिंह, आलोक निषाद, अनिलसिंह एडवोकेट, अशोक तिवारी, किशन, सरदार सतपालसिंह, रोहित सिंह, आशीषमिश्रा महाकाल, शिवनायक वर्मा, अरविन्द यादव, मरमात्मा अवस्थी के के सिंह वीरेन्द्र मौर्या, अजय नरायन सिंह, पिंकू सिंह, राजेन्द्र , दुर्गाप्रसाद, आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बहराइच ने मनाया अजीत पवार का जन्मदिन

- जिला अध्यक्ष ने केक काटकर की लंबी उम्र की प्रार्थना



**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का जन्मदिन जिला अध्यक्ष कालिका प्रसाद दूबे के निजी निवास रनियाँपुर गोबरही जनपद बहराइच में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कालिका प्रसाद दुबे जिला अध्यक्ष मौजूद सभी नेताओं कार्यकर्ताओं और आम जन को अजीत पवार के जन्मदिवस की बधाई देते हुए केक को काटा गया।इस खुशी के अवसर पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में लोगों ने ईश्वर से अजीत पवार को लंबी उम्र दिए जाने की भी प्रार्थना की गई।इस अवसर पर अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस जन्म दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामभोग तिवारी महेश तिवारी को केक खिलाकर शुभ कामनाएँ दी।इसके अलावा इस कार्यक्रम में बाबु दुबे सूर्यकांत तिवारी संजय तिवारी राहुल मिश्रा प्रमोद तिवारी सोमिल मिश्रा विशाल दुबे राजन तिवारी राम बुझारत गौतम सहित नेता कार्यकर्ता के साथ आमजन मौजूद रहे।

# लाल बहादुर तिवारी की निधन पर कांग्रेस भवन सभागार में हुई शोक सभा




**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में आज कांग्रेस भवन सभागार में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल बहादुर तिवारी की निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।दिनांक 19 जुलाई 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया था। इस अवसर पर महसी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ राजेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की लाल बहादुर तिवारी ने पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा की है। उनके योगदान को कांग्रेस पार्टी कभी नहीं भूलेगी।इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रशांत सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल, शहर उपाध्यक्ष राघवेन्द्र द्विवेदी, मुकुंद जी शुक्ल, इंद्र कुमार यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरीफ बाबू खान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नदीम अहमद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मो फरीद हुसैन, मो सईद, हाजी रईस, सैफी आदि मौजूद रहे।

# नॉन स्टॉप ट्रेन में बिगड़ी बच्ची की तबीयत, उपचार के लिए ट्रेन को रोका

**टूंडला।** कानपुर से आनंद विहार जा रही नॉन स्टॉप ट्रेन में पांच वर्षीय बच्ची की तबियत अचानक खराब हो गई। ट्रेन के कोच अटेंडेंट ने बच्ची के उपचार के लिए टूंडला कंट्रोल को सूचना दी। सूचना पर पहुंची रेलवे चिकित्सक टीम ने उपचार देकर बीमार बच्ची को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी भेज दिया। असम से के बदरपुर निवासी हाफिजुद्दीन अपने परिवार के साथ तेजस राजधानी एक्सप्रेस से आनंद विहार जा रहे थे। उनका परिवार ट्रेन के कोच नंबर बी-1 में बैठा था। नॉन स्टाप ट्रेन ने इटावा जंक्शन निकलते ही उनकी पांच वर्षीय बेटी आसिया की तबियत अचानक बिगड़ गई। बच्ची की तबियत बिगड़ते ही उनकी पत्नी नदीना बेगम ने ट्रेन में टीटीई सुमन को जानकारी दी। जानकारी पर कोच अटेंडेंट ने टूंडला कंट्रोल को सूचना दी। सूचना पर ट्रेन को रोका गया। साथ ही पहले से मौजूद रेलवे चिकित्सक रोहित चक ने बीमार बच्ची को प्राथमिक उपचार दिया। उपचार के बाद एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

# 27 जुलाई को होगी 27 परीक्षा केन्द्रों पर समीक्षा अधिकारी परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** 27 जुलाई को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में समस्त जोनल, स्टैटिक, सेक्टर एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस परीक्षा को संपन्न का हेतु 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, यह परीक्षा एक सत्र में 9.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के एक दिन पूर्व तथा परीक्षा दिवस हेतु दो दिनों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि आप आयोग की गाइडलाइन को भली प्रकार से पढ़लें, जिससे परीक्षा को सुचारू रूप से संचालन में कोई परेशानी न हो, उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु अबकी बार ए0आई0 पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है और अबकी बार इस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु 09 प्राइवेट स्कूलों को भी शामिल किया गया है। इस परीक्षा में जनपद के कुल 11920 परिक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिए 27 स्टैटिक, 27 सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, परीक्षा को नकलविहीन कराने हेतु सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है, साथ ही साथ आंतरिक सचल दल भी सक्रिय रहेंगे, कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, कैमरा, स्मार्ट वॉच, डिजिटल पेन जैसी सामग्री लेकर परीक्षा केंद्र में कदापि प्रवेश नहीं करेगा, इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# ब्लू वैल कॉनवेंट स्कूल में शपथ ग्रहण का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** ब्लू वेल कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठ के छात्रों को विभिन्न विभिन्न पदों पर नियुक्त करके शपथ ग्रहण कराई गई।

इस दौरान हेड बॉय कक्षा 8 के छात्रा नितिन यादव एवं हेड गर्ल कक्षा 8 की छात्रा मानवी पुंडीर रहीं। बोस हाउस के कप्तान काव्या सिंह और वाइस कप्तान तन्वी चौहान रहीं। कलाम हाउस के कप्तान आदर्श तथा वाइस कप्तान शुभांशु गौतम रहे। भाभा हाउस कि कप्तान अमृता तथा वाइस कप्तान रिया रहीं। रमन हाउस की कप्तान दिव्यांशी यादव तथा वाइस कप्तान सार्थक रावत रहे। साथ में इंचार्ज और सब इंचार्ज के द्वारा भी शपथ ग्रहण की गई।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27 अप्रैल 2025 को मेरा मूल्यवान दस्तावेज व मेरी भूमि प्लॉट नंबर 1005 मीन का मूल बैनामा जिसका क्रमांक संख्या 7608 जिल्द संख्या 7592 पेज नंबर 269- 296 वही नंबर 1 दिनांक 12/09/ 2018 एरिया 3125 स्क्वायर फीट जो कहीं गिर गया है जिसको भी मिले इस नंबर पर सूचित करें।
अरविंद कुमार पाठक पुत्र गिरधारी लाल पाठक श्रीरामपुरम कॉलोनी नियर शशी गैस गोदाम रानोपाली फैजाबाद जिला अयोध्या
मोबाइल नंबर 94 15056308

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27 अप्रैल 2025 को मेरा मूल्यवान दस्तावेज व मेरी भूमि प्लॉट नंबर 1005 मीन का मूल बैनामा जिसका क्रमांक संख्या 3103 जिल्द संख्या 5466 पेज नंबर 103- 122 वही नंबर 2 दिनांक 26/09/ 2014 एरिया 2722 स्क्वायर फीट जो कहीं गिर गया है जिसको भी मिले इस नंबर पर सूचित करें।
अरविंद कुमार पाठक पुत्र गिरधारी लाल पाठक श्रीरामपुरम कॉलोनी नियर शशी गैस गोदाम रानोपाली फैजाबाद जिला अयोध्या
मोबाइल नंबर 94 15056308

## सूचना

मैं सैयद हैदर अब्बास (Syed Haider Abbas) पुत्र स्व सैयद जाफर हुसैन निवासी ट्यूबवेल के पास जाफरिया कॉलोनी झाकड़बाग़ मुफ्तीगंज ठाकुर गंज लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मेरे नाम की अंग्रेजी में सही स्पेलिंग Syed Haider Abbas है जो की पासपोर्ट में Sayed Haider Abbas लिख गयी है जो की गलत है सही स्पेलिंग Syed Haider Abbas ही लिखी जाए।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27 अप्रैल 2025 को मेरा मूल्यवान दस्तावेज व मेरी भूमि प्लॉट नंबर 1005 मीन का मूल बैनामा जिसका क्रमांक संख्या 1342 जिल्द संख्या 8356 पेज नंबर 259- 282 वही नंबर 2 दिनांक 07/02/ 2020 एरिया 1614 स्क्वायर फीट जो कहीं गिर गया है जिसको भी मिले इस नंबर पर सूचित करें।
अरविंद कुमार पाठक पुत्र गिरधारी लाल पाठक श्रीरामपुरम कॉलोनी नियर शशी गैस गोदाम रानोपाली फैजाबाद जिला अयोध्या
मोबाइल नंबर 94 15056308

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या N 2365572 मे त्रुटिवश मेरे पति का नाम MOHD RAIES दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र में मेरे पति का सही नाम MOHD RAIS दर्ज है। अतः मेरे पति का नाम MOHD RAIS माना जाए।
SAIRA BANO
W/O MOHD RAIS
H No- 2/6/73A
MOHALLA,NIYAWAN
FAIZABAD

# खुरपका-मुहपका टीकाकरण अभियान शुरू

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यभर में खुरपका-मुहपका नियंत्रण कार्यक्रम के छटवें चरण के तहत व्यापक टीकाकरण अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में की जा रही है, जिसके क्रम में जनपद फिरोजाबाद में भी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 23.07. 2025 को मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा विकास भवन ड़बरई से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिसका उददेश्य पशुओं के खुरपका-मुंहपका रोग (थ्डक) पर नियंत्रण करना है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में गोवंशींय एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है। जिनकी मुख्य विशेषताएँ यह हैं, यह अभियान आगामी 45 दिनों तक 23.07. 2025 से 05.09.2025 तक चलाया जाएगा। लगभग 6 लाख से अधिक पशुओं को टीकाकरण किया जायेगा। पशुपालकों को टीकाकरण के लाभ और पशु रोगों की रोकथाम के बारे में जागरुक किया जाएगा।

जनपद के मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा, एफएमडी एक अत्यंत संक्रामक रोग है जो पशुओं की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करता है। सरकार का यह प्रयास है कि हर पशु स्वस्थ रहें, जिससे किसानों की आमदनी में भी बढोत्तरी हो सकें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद ने इस अवसर पर बताया कि इस अभियान के कार्य उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी-पशु अन्तर्गत ब्लॉकवार टीकाकरण का चिकित्साधिकारियों की निगरानी में पशुधन प्रसार अधिकारियों एवं पैरावेट-वैक्सीनेटरों के माध्यम से पशुपालकों के द्वार पर निःशुल्क किया जाएगा तथा टीकाकरण उन्हीं पशुओं का किया जायगा। जिन पशुओं के कान में छल्ला लगा हुआ है अतः जिन पशओं के कान में छल्ला-टैग नहीं लगा है वह अपने पशुओं के कान में छल्ला अवश्य लगवाना सुनिश्चित करें। अतः पशुपालको से अनुरोध है कि वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या टीकाकरण केन्द्र पर सम्पर्क कर अपने पशुओं के कान में छल्ला लगवाकर टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें।

उत्तर रेलवे

## खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.08.2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नही करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | | 08702025 दिनांक 22.07.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/पी0वे0/वाराणसी–पश्चिम के अधीन विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। |
| | 2. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/पी0वे0/वाराणसी–पूर्व के अधीन विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। |
| | 3. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/पी0वे0/शाहगंज के अधीन विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। |
| | 4. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/पी0वे0/जौनपुर के अधीन विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। |
| | 5. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/कार्य/जौनपुर के खण्ड में स्टेशन भवन तथा अन्य कार्य भवन की वार्षिक मरम्मत, सफेदी तथा रंगाई पुताई का कार्य। |
| | 6. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/कार्य/जौनपुर के खण्ड में बाबतपुर–जफराबाद–अकबरपुर–टांडा खण्ड में समपार फाटक तथा कालोनियों की सड़क कर मरम्मत तथा रखरखाव एवं कालोनियों की पाइप लाइन एवं अन्य भवनों की वार्षिक मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। |
| | 7. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के वरि0 खण्ड अभियंता/कार्य/जौनपुर के खण्ड में बाबतपुर–जफराबाद–अकबरपुर–टांडा खण्ड में वार्षिक मरम्मत सफेदी तथा रंगाई पुताई का कार्य। |
| | 8. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/जौनपुर के वरि0 खण्ड अभियंता/कार्य/जौनपुर के खण्ड में पुलों की वार्षिक मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। |
| अनुमानित लागत | | **1.** रु.1,99,99,723.01 **2.** रु.1,99,99,862.79 **3.** रु.1,24,99,880.15 **4.** रु.1,24,99,880.15 **5.** रु. 99,99,991.13 **6.** रु.99,99,545.46 **7.** रु.1,49,99,753.29 **8.** रु.49,99,657.02 |
| धरोहर राशि | | **1.** रु.2,50,000.00 **2.** रु.2,50,000.00 **3.** रु.2,12,500.00 **4.** रु.2,12,500.00 **5.** रु. 2,00,000.00 **6.** रु.2,00,000.00 **7.** रु.2,25,000.00 **8.** रु.1,00,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 01 से 08 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 से 08 के लिए | 04.08.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 से 08 के लिए | 18.08.2025 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोट :
1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose Dated : 07.04.2015**

2219/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पंचर बनाने वाले की बेटी आरती वर्मा ने बालों से बनाई पेंटिंग्स

- फोर्ब्स ने दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट
- राठ की बेटी को विधायक और प्रशासनिक अफसरों ने किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)।** संघर्ष और हुनर जब साथ हों, तो सफलता की नई मिसालें बनती हैं। यही कर दिखाया है राठ कस्बे की आरती वर्मा ने, जिन्होंने सिर के बालों से पेंटिंग बनाकर विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अद्भुत उपलब्धि के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था 'फोर्ब्स' ने उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जिससे हमीरपुर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित एक सम्मान समारोह में विधायक मनीषा अनुरागी, चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया, एसडीएम अभिमन्यु कुमार एवं सीओ राजीव प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से आरती वर्मा को फोर्ब्स संस्था द्वारा भेजा गया प्रमाणपत्र सौंपकर सम्मानित किया।

**लॉकडाउन से शुरू हुई कला यात्रा-** चरखारी रोड स्थित सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी आरती वर्मा एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता साइकिल पंचर बनाने का कार्य करते हैं। आरती ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान घर में खाली समय में उनके मन में बालों से पेंटिंग बनाने का विचार आया। उन्होंने अपने सिर के बालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कर्नल सोफिया कुरैशी, व्योमिका सिंह और पर्यावरण विषय पर आधारित कई प्रभावशाली पेंटिंग्स बनाई। उनकी यह कला पहली बार मां शारदा बालिका विद्यालय की एग्जीबिशन में प्रदर्शित हुई, जहां उनकी प्रतिभा को सराहा गया। इसके बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर कई बार सम्मानित भी किया गया।

**फोर्ब्स ने दी वैश्विक पहचान-** आरती वर्मा की मेहनत और कल्पनाशक्ति को अमेरिकी मैगजीन 'फोर्ब्स' ने न सिर्फ मान्यता दी, बल्कि उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट भेजकर सम्मानित किया। आरती ने बताया कि उन्होंने 10 किलो बालों से 29 दिनों तक लगातार मेहनत कर ये पेंटिंग्स तैयार कीं। वर्तमान में वह लखनऊ के एक संस्थान से फाइन आर्ट की पढ़ाई कर रही हैं।

**गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बनी आरती-** आरती वर्मा को सम्मानित करते हुए विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि आरती जैसे हुनरमंद और लगनशील युवा हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। वहीं चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया ने इसे हमीरपुर जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया और छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गौशालाएं कागज़ पर, खेतों में तबाही

- अन्ना जानवरों से त्रस्त किसान, न्यूरिया में फूटा आक्रोश
- रात-रात भर मचान में पहरा दे रहे किसान, कई की फसलें उजड़ीं, दो की जान भी जा चुकी

**अवधनामा संवाददाता**

**मुस्करा (हमीरपुर)।** सरकारी योजनाओं और करोड़ों की बजट व्यवस्था के बावजूद अन्ना जानवरों की समस्या से किसानों को राहत नहीं मिल रही है। विकासखंड मुस्करा की ग्राम पंचायत न्यूरिया में हालात इतने भयावह हैं कि किसान अब खेतों को छोड़ घर में चैन से नहीं बैठ पा रहे। गांव की महिलाएं और पुरुषों का एक बड़ा समूह बुधवार को ग्राम प्रधान और अधिकारियों के खिलाफ खुलकर आक्रोशित नजर आया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 700 से 800 के करीब अन्ना गायें खुलेआम खेतों में घूम रही हैं, जो खरीफ और रबी की फसलों को चट कर जाती हैं।

सुशील द्विवेदी, जयनारायण सहित कई किसानों ने बताया कि बीते वर्ष दो ग्रामीणों की जान भी इन जानवरों के हमले में जा चुकी है। इस बार वैसे ही वर्षा कम होने से फसलें कम बोई गई हैं, और जो बोई गई थीं, उन्हें अन्ना जानवरों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया।

मचान बनाकर कर रहे खेतों की रखवाली किसानों ने बताया कि वे रात-रात भर खेतों में मचान बनाकर, टॉर्च और लाठी लेकर पहरा दे रहे हैं, फिर भी गायों का झुंड खेत में घुसकर फसलें नष्ट कर देता है। परिवार के सभी सदस्य बारी-बारी से खेतों की रखवाली कर रहे हैं। अन्ना पशु ही नहीं, बल्कि जंगली सुअर भी सरसों, गेहूं और अरहर जैसी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**गौशालाएं सिर्फ कागज़ पर, जिम्मेदार मौन-** किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली गौशाला की योजनाएं सिर्फ कागज़ तक सीमित हैं। ग्राम पंचायत में गौशाला सिर्फ नाम मात्र की है। अधिकारियों और ग्राम प्रधान पर आरोप है कि वे बजट का बंदरबांट कर रहे हैं, लेकिन अन्ना जानवरों को गोशाला तक नहीं भेजा गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन द्वारा गांव में घूम रहे छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में नहीं डाला गया, तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# कमिश्नर अजीत कुमार का निरीक्षण, गड़बड़ी पर चेतावनी, सुधार पर सराहना

- खाद आपूर्ति से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक गहराई से परखा ज़मीनी सच

**हिफजुर्रहमान**

**हमीरपुर।** जनहित के मुद्दों पर बेखौफ और तत्पर कार्रवाई के लिए पहचाने जाने वाले चित्रकूटधाम मण्डल के मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने बुधवार को जनपद हमीरपुर में अपनी सख्त कार्यशैली का परिचय देते हुए दो प्रमुख संस्थानों–बी.पैक्स हेलापुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरारा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

**खाद वितरण केंद्र पर पूरी तैयारी, किसानों से की सीधी बात-** मण्डलायुक्त सर्वप्रथम बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी.पैक्स हेलापुर पहुंचे, जहां उन्होंने खाद भंडारण और वितरण की स्थिति परखते हुए किसानों से सीधी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर 300 बैग डीएपी व 400 बैग यूरिया उपलब्ध पाए गए। किसानों ने संतोष जाहिर किया कि खाद की आपूर्ति और वितरण नियमित व पारदर्शी है। इस पर आयुक्त ने उप



निबंधक सहकारिता व उपायुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि मण्डल के सभी समितियों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, और किसी भी केंद्र पर कमी या लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ओवररेटिंग, नकली खाद या गैरजिम्मेदाराना वितरण जैसी शिकायतों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। किसानों के हितों की रक्षा और पारदर्शी वितरण प्रणाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**अजीत कुमार, मण्डलायुक्त**

## सीएचसी कुरारा में व्यवस्थाओं की गहराई से जांच, मरीजों से भी की बात

इसके बाद आयुक्त महोदय सीएचसी कुरारा पहुंचे, जहां उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी, ओपीडी, शौचालयों, एक्सरे, पैथोलॉजी, जनरेटर, वाटर कूलर और सीसीटीवी सिस्टम की सघन जांच की।उन्होंने डॉ. एस. के. जायसवाल से दवाओं की उपलब्धता, जननी सुरक्षा योजना के भुगतान, और पैथोलॉजी जांच व्यवस्था की जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि उपलब्ध सभी दवाओं का डिस्प्ले बोर्ड अस्पताल में अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि मरीजों को जानकारी मिले कि कौन सी दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उपेक्षा सहन नहीं की जाएगी। हर नागरिक को गरिमापूर्ण और समय पर चिकित्सा सुविधा देना शासन की प्रतिबद्धता है।÷ – अजीत कुमार जनहित को लेकर प्रतिबद्धता का परिचय इस निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, एसडीएम सदर के.डी. शर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर अजीत कुमार का यह दौरा ज़मीनी हकीकत से जुड़ाव, प्रशासनिक सजगता और नागरिकों के हित में तत्परता का प्रमाण बनकर सामने आया है।

## आंचलिक काव्य गोष्ठी में बही कविताओं की बयार

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के सीवी रमन सभागार में आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। परियोजना के राजभाषा अनुभाग द्वारा वर्ष भर इस प्रकार की अनेक काव्य गोष्ठियों का आयोजन राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार एवं परियोजना में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जाती हैं। इन काव्य गोष्ठियों के माध्यम से परियोजना के कर्मचारी, कवियों एवं शिक्षकों की काव्य प्रतिभा को सिंचित करने एवं उन्हें एक उचित मंच प्रदान करने की कोशिश की जाती है।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एजे राजकुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी (विंध्य चिकित्सालय) विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (स्टोर) दीपु ए, महाप्रबंधक (प्रचालन व एफ एम) सत्येंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक विन्ध्याचाल) राकेश अरोड़ा ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया।

# इस्लामियां में जनपदीय कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इस्लामिया इंटर कालेज के हाल में आयोजित जनपदीय कराटे चेम्पियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा सचिव हिमांशु यादव ने किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस्लामिया इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने मुख्य अतिथि हिमांशु यादव का स्वागत किया। कराटे प्रतियोगिता में इस्लामिया इंटर कालेज, अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज, प्रियांशी संस्कार वैली इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मोतीझील, राजकीय इंटर कालेज सिन्डौस के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग 35 किग्रा भार में अक्षय प्रथम, मो.अयाज द्वितीय, 40 किग्रा भार में नवाज अजीज प्रथम, मो.शहनवाज द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 19 में बालिका वर्ग में आराध्या, अंशी जैन, गौरी, दीया मिश्रा, सना खान ने अपने वर्गो में विजेता रहीं। विजेता खिलाड़ी मंडल में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कराटे प्रतियोगिता के सफल खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि हिमांशु यादव, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक आरविन्द कटियार, रैफरी अनीस मंसूरी, ऐश्वर्य कटियार, जावेद ने किया।

# यूपीयूएमएस में आर्थोस्कोपी कोर्स-2025 का आयोजन 26-27 जुलाई को

- कार्यशाला में घुटनों की चोटों का दूरबीन विधि से इलाज के संदर्भ में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**वहाज अली निहाल**



**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आर्थोपेडिक एसोसिएशन के विशेष सहयोग से चिकित्सा विश्वविद्यालय, सैफई के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के तत्वाधान में दूरबीन विधि से लिगामेंट्स इलाज पर आधारित 11 वें प्रदेश स्तरीय विशेष कार्यशाला तथा प्रथम सैफई कैडेवरिक आर्थोस्कोपी कोर्स-2025 का 26-27 जुलाई को आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो.(डॉ.)पी.के.जैन द्वारा किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य घुटनों की लिगामेंट व स्पोर्ट्स इंजरी के आधुनिक दूरबीन तकनीक से इलाज हेतु नवोदित ऑर्थोपेडिक सर्जनों को प्रशिक्षण देना है। डॉ.आर.एस.यादव (अध्यक्ष, सैफई ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन)ने बताया कि यह कार्यशाला देश में आर्थोस्कोपी तकनीक के क्षेत्र में नवीनतम शोध, अनुभव व तकनीकों को साझा करने का एक महत्त्वपूर्ण मंच होगा जिसमें हमारे ऑर्थो सर्जन को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

हड्डी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजक अध्यक्ष प्रोफेसर. (डॉ.) सुनील कुमार ने बताया कि घुटनों की लिगामेंट चोटें यदि समय रहते दूरबीन विधि से ठीक की जाएं तो मरीजों को सामान्य जीवन में वापसी में आसानी होती है। अब स्पोर्ट्स इंजरी व लिगामेंट चोटों के लिए मरीजों को दिल्ली या लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं है। सैफई के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में संचालित स्पोर्ट्स इंजरी क्लिनिक में इनका उन्नत इलाज संभव है। देशभर से 60+ आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ व 150 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

उन्होंने बताया कि इस विशेष कार्यशाला में विशेष व्याख्यान व तकनीकी सत्र आयोजित होंगे व एनाटॉमी विभाग में कैडेवरिक(मानव शरीर पर आधारित) प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक टेबल पर केवल 4 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे व्यक्तिगत मार्गदर्शन सुनिश्चित हो सके। आयोजन सचिव डॉ. हरीश कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन आर्थोस्कोपी में रुचि रखने वाले युवा सर्जनों के लिए एक सशक्त शैक्षणिक मंच है, जिससे सैफई चिकित्सा विश्वविद्यालय एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित होगा। यह वर्कशॉप भविष्य में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। यह ऐतिहासिक आयोजन उत्तर भारत में आर्थोस्कोपी के क्षेत्र में एक नई शुरुआत का संकेत देता है।

## रिज़र्व पुलिस लाइन में एसपी ने दिया रिक्रूट आरक्षियों को विशेष प्रशिक्षण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन, हमीरपुर में रिक्रूट आरक्षियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्वयं किया। प्रशिक्षण सत्र में एसपी ने नव नियुक्त आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांत, आचरण, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने रिक्रूटों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, जनसंपर्क कौशल, अपराध रोकथाम, और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही बल के आधुनिकीकरण, साइबर अपराध, महिला व बाल सुरक्षा, संवेदनशीलता तथा मानवाधिकारों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को न सिर्फ सीखने बल्कि प्रश्न पूछने और अपने अनुभव साझा करने का भी अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में एसपी ने सभी आरक्षियों को देश सेवा में ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एसपी ने की जनसुनवाई, फरियादियों की शिकायतों पर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। एसपी ने प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेते हुए, संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे पूरी संवेदनशीलता के साथ निभाया जाएगा। फरियादियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखते हुए पुलिस अधीक्षक के समक्ष न्याय की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना भी की।

## एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में यंग अचीवर्स टाक कार्यक्रम का आयोजन



सोनभद्र/सिंगरौली। बुधवार को एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना में छात्रों को अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से यंग अचीवर्स टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर (प्रसूति एवं स्त्री रोग ) मेडिकल कॉलेज सिंगरौली एवं डीएवी झिंगुरदा की पूर्व छात्रा डॉ. सरिता शाह ने शिरकत की एवं उपस्थित छात्रों को सफलता के मंत्र दिया। इस दौरान डा शाह ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के संघर्षों, अनुभवों और उपलब्धियों को साझा किया एवं उन्हें स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए आह्वान किया। इसके अतिरिक्त डॉ. सरिता शाह ने छात्राओं को मजबूत आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (झिंगुरदा) राजेन्द्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्रों को खुली आंखों से सपने देखने एवं उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर कोशिश करते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डीएवी झिंगुरदा एवं सरस्वती शिशु मंदिर के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं प्रश्न पूछे।

## एनटीपीसी सिंगरौली में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता



**शक्तिनगर/सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में 2025 सत्र के विश्व जल दिवस, पृथ्वी दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के तहत कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं आम जनमानस में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए। इस संबंध में बीते 22 जुलाई को स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र के सरस्वती सभागार में उल्लेखित सभी अवसरों पर हुए तमाम प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी विजेता एवं उप विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में मुख्यतः निबंध, सुझाव, फोटोग्राफी, नारा एवं क्विज आयोजित किए गए, जिनमें सभी प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया। पहला कर्मचारी वर्ग, दूसरा संविदा कर्मी वर्ग तथा तीसरा कर्मचारियों की हाउस वाइफ का वर्ग रखा गया। बतादें कि यह पर्यावरण हितैषी तमाम कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के ईएमजी डिपार्टमेन्ट द्वारा आयोजित किया गया। जिसका मूल उद्देश्य सभी कर्मचारी तथा आम जनमानस को पूरे उत्साह के साथ पर्यावरण के प्रति प्रेम एवं संरक्षण हेतु जागरूक कराना था।

## कीचड़ युक्त सड़क पर सपाईयों ने धान की रोपाई कर निकाला जुलूस

**सोनभद्र।** जनहित के मुद्दों को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोन ब्लाक क्षेत्र में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा व जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कीचड़ युक्त सड़क पर धान की रोपाई कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

अविनाश कुशवाहा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से आज तक कोन ब्लाक की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। इस क्षेत्र के लोगों को भाजपा सरकार में केवल झूठे वादे और धोखे के अलावा कुछ नहीं मिला। सबसे ज्यादा तो बदहाल इस क्षेत्र की सड़के हैं, जिस पर चलना भी मुश्किल है। डबल इंजन की सरकार में इस मार्ग पर स्कूल जाने वाले बच्चे, एम्बुलेंस, व्यापारी, किसान आएदिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# एमनीव विज़न स्कूल के सितारे अर्पित यादव व तेज प्रताप का सीबीएसई नेशनल के लिए चयन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** एमनीव विज़न स्कूल ने सेठ एम. आर.जयपुरिया स्कूल, कानपुर रोड, लखनऊ में 19 से 21 जुलाई 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहाँ एमनीव विज़न स्कूल के प्रतिभागियों ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का परिचय देते हुए कई पदक अपने नाम किए। खेल शिक्षक सौरभ कुमार और सहायक शिक्षिका सुश्री नूरी ने छात्रों का हर स्तर पर मार्गदर्शन और सहयोग किया, जिससे उनका उत्साह बना रहा।



- एमनीव विज़न स्कूल के ग्राउंड में किया गया कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण रंग लाया

विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 8 के अर्पित यादव ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 के तेज प्रताप ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक तथा शॉट पुट में रजत पदक हासिल किए। वहीं, कक्षा 11 के असित कुमार ने लॉन्ग जंप में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अर्पित यादव और तेज प्रताप अब सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

इस सफलता का श्रेय छात्रों के साथ-साथ खेल शिक्षक सौरभ कुमार के रणनीतिक प्रशिक्षण और अथक मेहनत को जाता है, जिन्होंने छात्रों को हर परिस्थिति के लिए तैयार किया। सहायक शिक्षिका सुश्री नूरी ने छात्रों का मनोबल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के चेयरमेन अतीवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमेन डॉ.विकास यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सलिल यादव एवं प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एमनीव विज़न स्कूल के ग्राउंड में किया गया कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण आज रंग लाया है। यह सफलता प्रशिक्षण, पारिवारिक सहयोग और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। वे आश्वस्त हैं कि विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चीफ़ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफ़िसर मनोज श्रीवास्तव, मोहम्?मद आरिफ, प्रोग्राम हेड विनय शील पठानिया तथा सभी शिक्षकों ने विजेता छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## अभिषेक राजपूत एडवोकेट का हुआ स्वागत



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अभिषेक राजपूत एडवोकेट को उपाध्यक्ष ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन इटावा का चुने जाने पर अशोक नगर सहरिया स्थित एक क्लीनिक पर संजय राठौर, प्रवीण पांडे, सुभाष जायसवाल अध्यापक अजय राजपूत हैप्पी गजेंद्र रजत राजपूत रवि पांडेय आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और बधाई दी।

## पेड़ हैं तो प्राण हैं के अभियान को नौजवानो ने चुनौती के रुप में लिया हैं : संदीप मिश्रा



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सदर विधानसभा 401 में पेड हैं तो प्राण हैं के संयोजक संदीप मिश्रा ने बताया कि विधानसभा के बूथ संख्या एक बरवन से लिया गया संकल्प कि 401 विधानसभा के हर बूथ पर पेड़ लगाकर लोगों को पेड़ हैं तो प्राण हैं के अभियान के तहत जागरुक किया जायेगा। इसी क्रम में बुधवार को विधानसभा के बिजरी व कूरा में पेड लगाया गया हरेक पेड़ को सुरक्षित रखने का नौजवानो ने संकल्प लिया । संयोजक श्री मिश्रा ने बताया कि हर गांव पेड़ लगाने का मुहिम युवाओं के साथ शुरू कर दिया गया है पेड़ लगाने अथवा वातावरण को बचाने के लिए हर गांव हर घर पहुंच कर घर के बच्चों के नाम से एक पेड़ लगाया जाएगा उसका संरक्षण बच्चे व उनके परिजन करेंगे वहीं इस मुहिम से युवा पीढ़ी बढ़ चढ़ कर जुड़ रहे हैं। अमित शुक्ला, कमलेश शुक्ला, गंगेश्वर शुक्ला, धीरज कनौजिया लौ कुश दूबे रवि बियार, पप्पू हरिजन, फुल चंद भारतीचंदा देवी, सुमित्रा भारती, कौशल्या भारती उपस्थित रहे।

# डीएमएफ के धन से खरीदे जाएंगे ड्रोन कैमरा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ खान अधिकारी से बालू खनन पट्टे के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो ज्येष्ठ खान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 14 बालू खनन के पट्टे स्वीकृत है, जिस पर जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ खान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मोरम के पट्टों की संख्या कम है, जिसे बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए, जो नियम के अनुसार पात्र हों, उन्हें पट्टे आवंटित किये जाए। उन्होंने कहा कि खनन के माध्यम से राजस्व वसूली में वृद्धि की जाए। इस दौरान उन्होंने अपर जिलाधिकारी (विरा) को निर्देशित करते हुए कहा कि एमएम-11 का दुरूपयोग न होने पाए और इसकी बेहतर ढंग से निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिला खनिज निधि के माध्यम से ड्रोन कैमरा खरीदने की कार्यवाही की जाए। ड्रोन कैमरे का उपयोग निर्धारित क्षेत्र में ही किया जाए, जिन खनन क्षेत्रों में गहरे गढ्ढे हैं और पानी भरा है, वहां की खनन पट्टा धारकों को निर्देशित किया जाए कि ऐसे स्थान जिसमें पानी भरा हो और गहरायी अधिक हों, उससे सम्बन्धित बोर्ड लगाये जाए। जिससे कि होने वाली किसी भी दुर्घटना से बचा जा सकें। उन्होंने कहा कि जिला खनिज फाण्उडेशन न्यास की तरफ से जो प्रस्ताव विकास से सम्बन्धित पहले से स्वीकृत हैं और कार्य प्रारंभ है, उन कार्यों की जॉच कर अग्रिम किश्त के भुगतान की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा जिला खनिज निधि के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण, स्कूल कक्ष का निर्माण, विद्यालय के ऊपर से गये हाई टेंशन तार को हटाने की कार्यवाही व सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर की जाए। जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों से सम्बन्धित बोर्ड भी लगाए जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ में ऑनलाइन बेटिंग गेम का खुलासा

- 16 साइबर ठगों के पास से 1.07 करोड़ रुपये बरामद, हवाला का खेल भी उजागर
- फर्जी आधार कार्ड और एटीएम कार्ड बरामद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने गुडंबा में एक अपार्टमेंट में छापेमारी कर 16 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग ऑनलाइन बेटिंग गेम के माध्यम से लोगों को ठग रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 1.07 करोड़ रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन और 54 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि इस ठगी के पीछे का मास्टरमाइंड दुबई में बैठा था। ये ठग टेलीग्राम और लोट्स गेमिंग एप के जरिए लोगों को जोड़ते थे और गेम खेलने के लिए उकसाते थे। ठगी की रकम हवाला के माध्यम से खपाई जा रही थी।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 फर्जी आधार कार्ड, 79 एटीएम कार्ड और 13 चेकबुक बरामद किए हैं। ये ठग फर्जी आधार कार्ड का उपयोग कर बैंक खाते खोलते थे और ठगी की रकम इन खातों में मंगवाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में 12 छत्तीसगढ़ और 4 गुजरात के रहने वाले हैं। ये ठग पिछले 5 महीने से लखनऊ के गुडंबा में रह रहे थे और ठगी का धंधा चला रहे थे। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त ने गिरफ्तारी में शामिल पुलिस कर्मियों को 1 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.07 करोड़ रुपये, नोट गिनने की मशीन, 54 मोबाइल फोन, 79 एटीएम कार्ड, 13 चेकबुक और 14 फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने पांच रुपये के नौ, 10 रुपये के नौ और एक रुपये के छह पुराने नोट भी बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि जांच में कई अन्य के नाम सामने आए हैं और गिरोह सिर्फ लखनऊ या यूपी नहीं बल्कि अन्य प्रांतों में भी फैला है। पुलिस दूसरे जिलों व प्रांतों की पुलिस से भी संपर्क कर रही है।

**मोबाइल की हिस्ट्री रिकवर करने का प्रयास :** पुलिस अब बरामद मोबाइल के सोशल मीडिया एकाउंट की हिस्ट्री रिकवर करने का प्रयास कर रही है। अगर हिस्ट्री रिकवर हो गई तो हवाला से जुड़े कई कारोबारियों के नाम सामने आ जाएंगे।



**हवाला का खेल उजागर**

लखनऊ पुलिस ने गुडंबा में एक अपार्टमेंट में छापेमारी कर 16 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन बेटिंग गेम के माध्यम से लोगों को ठग रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 1.07 करोड़ रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन और 54 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि ये ठग हवाला के जरिए करोड़ों की रकम भारत से दुबई पहुंचाने के लिए गुजरात, मुंबई, छत्तीसगढ़, बंगलुरु समेत कई अन्य प्रदेशों के बड़े कारोबारियों के संपर्क में थे। ठग एक, पांच और 10 रुपये के पुराने नोटों का इस्तेमाल हवाला में करते थे। सरगना नोट एजेंट को देता था और फिर व्हाट्सएप के जरिए नोट की फोटो नंबर के साथ भेज देता था।

# सेवापुस्तिका उपलब्ध नहीं, कैसे मिले नर्सों को एसीपी का लाभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग संवर्ग एसीपी का लाभ दिए जाने के लिए अस्पताल प्रशासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से सेवारत नर्सिंग कर्मियों की प्रमाणित सेवा पुस्तिका और गोपनीय प्रविष्टियां उपलब्ध कराने के दोबारा निर्देश जारी किए हैं। साथ ही खेद भी व्यक्त किया है कि पूर्व में भी मांगे जाने के बावजूद कार्रवाई अग्रसारित नहीं की गयी है। दूसरी तरफ नर्सिंग कर्मियों का कहना है कि हम लोगों द्वारा 10-10 साल की सेवापुस्तिकाओं की प्रतियां उपलब्ध करायी जा चुकी हैं, बावजूद विभागीय खामियों दिखाकर, साल 2023 के बाद से लाभ नहीं दिया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग में सेवारत नर्सिंग कर्मियों को नौकरी शुरू करने बाद 10 साल, 16 साल और फिर 26 साल पूरे करने पर एसीपी प्रदान कर वित्तीय लाभ दिया जाता है। इसके लिए विभाग में हर साल 30 जून तक, पात्र कर्मियों को लाभ प्रदान किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग में बीते दो साल से एसीपी कमेटी गठित होने के बावजूद नर्सिंग संवर्ग को लाभ नहीं दिया है। इस बाबत राजकीय नर्सेस संघ,उप्र. के महामंत्री अशोक कुमार का कहना है कि निदेशालय द्वारा 1115 नर्सेस की सूची जारी कर, सेवापुस्तिका एवं किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई न चलने का प्रमाणपत्र दोबारा मांगा गया है। वास्तव में 10,16 और 26 साल का लाभ प्राप्त करने के लिए अर्ह नर्सेस द्वारा प्रपत्र उपलब्ध कराए जा चुके हैं, मगर 16 व 26 साल की नौकरी के दौरान शुरूआती सालों की सेवापुस्तिका न मिलने पर लाभ रोका गया है, जिससे 20-20 साल की नौकरी करने वाली नर्सेस को भी 10 और 16 साल का एसीपी नहीं मिला है। जिसकी वजह से नर्सेस का आर्थिक नुकसान हो रहा है।स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में 10,16 और 26 साल की नौकरी पूरी करने वाली प्रत्येक नर्स को एसीपी का लाभ मिलना चाहिए, इसके लिए हमलोग निरंतर प्रयासरत हैं, प्रपत्र पूरे न होने पर पुनः मांग की जाती है। इसमें नर्सेस को हताश नहीं होना चाहिए, महानिदेशालय ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों, मंडल स्तर पर अपर निदेशक, सीएमओ, चिकित्सा अधीक्षक व केजीएमयू प्रशासन से नर्सेस की सेवा पुस्तिकाएं एवं प्रमाण पत्र मांग गए हैं, प्राप्त होते ही गठित कमेटी द्वारा नर्सेस को एसीपी का लाभ मिल जाएगा।

## शाइन सिटी घोटाले में आरोपी तेज नारायण शुक्ला मथुरा से गिरफ्तार


अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज मामले में आरोपी तेज नारायण शुक्ला को मथुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। नेपाल पुलिस की कस्टडी में 30 दिन रहा आरोपी : सूत्रों की मानें तो, आरोपी तेज नारायण शुक्ला ने निवेशकों को लोक लुभावनी योजनाओं का लालच देकर कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया था। इस मामले में आरोपी पर 10 से ज्यादा आरोप हैं। आरोपी शाइन सिटी के मुख्य अभियुक्त राशिद नसीम के साथ भारत से फरार होकर नेपाल में रह रहा था। आरोपी तेज नारायण शुक्ला को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और वह 30 दिन तक नेपाल पुलिस की कस्टडी में रहा था। तेज नारायण शुक्ला पर कई आरोप हैं, जिनमें निवेशकों को धोखा देने और कंपनी के फंड का दुरुपयोग करना शामिल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## IRITM में दिव्यांगजन संवेदीकरण पर कार्यशाला आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (IRITM), लखनऊ में दिव्यांगजन संवेदीकरण पर एक कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यशाला का नेतृत्व डॉ. कौशल शर्मा ने किया। वे वर्तमान में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ, भारत के श्रवण बाधित विभाग और बौद्धिक दिव्यांगता विभाग में विशेष शिक्षा संकाय के डीन और विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एम.जे.पी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय, भारत से श्रवण बाधित व्यक्तियों की शिक्षा और पुनर्वास में विशेषज्ञता के साथ (विशेषआवश्यकता शिक्षा) में पीएच.डी. की है। डॉ. कौशल पिछले 28 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं और दिव्यांगता एवं पुनर्वास के मुद्दों से निपटने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। वे विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण विभागों से जुड़े रहे हैं और विभिन्न शिक्षण पद्धतियों में दिव्यांग व्यक्तियों और उनके शिक्षकों के साथ निकटता से जुड़े रहे हैं।डॉ. कौशल ने दिव्यांगजनों से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर बात की और समावेशिता एवं बाधा-मुक्त वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में आईआरआईटीएम के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी, संकाय सदस्यों, प्रशिक्षुओं सहित कर्मचारियों ने भाग लिया। अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने बताया यह कार्यशाला दिव्यांगजन हेतु संस्थान में सहानुभूतिपूर्ण और सुलभ वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान में समावेशी प्रथाओं की भूमिका के प्रति संकाय, प्रतिभागियों और कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना है।



# काकोरी में चोरों का आतंक

- लगातार दूसरे दिन चोरी से पुलिस पर उठे सवाल, ग्रामीण दहशत में

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से सटे काकोरी थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक चरम पर है। लगातार दूसरे दिन हुई चोरी की वारदात ने स्थानीय पुलिस की रात्रि गश्त और कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक के बाद एक चोरी की घटनाओं से पुलिस की निष्क्रियता उजागर हो रही है, जिसका खामियाजा अब आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पुलिस के इस ढीले रवैये से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।

ताजा मामला मंगलवार देर रात का है, जब काकोरी के पान खेड़ा शिवरी निवासी नीरज कुमार पुत्र चंद्रपाल के घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। घटना देर रात तकरीबन बारह बजे के आसपास हुई, जब नीरज कुमार और उनका परिवार गहरी नींद में सो रहा था। बेखौफ चोरों ने आसानी से घर में प्रवेश किया और सीधे बक्से व अलमारी को निशाना बनाया। चोरों ने बड़ी ही आसानी से तालों को तोड़कर भीतर रखे कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया।



**लाखों का माल उड़ाया, भविष्य की पूंजी भी ले गए चोर-** चोरों ने नीरज कुमार के घर से न सिर्फ कीमती गहने चुराए, बल्कि उनकी भविष्य की पूंजी भी ले उड़े। पीड़ित नीरज कुमार ने बताया कि चोर घर में रखे पच्चीस हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए, जिसे उन्होंने अपनी डाला (संभवतः डाला या किसी निर्माण कार्य) बनवाने के लिए सहेज कर रखा था। नगदी के साथ-साथ चोरों ने कई कीमती गहने भी चुराए, जिनमें चांदी की कमर पेटी, सोने की झुमकी, नथुनी और टीका जैसे पारंपरिक आभूषण शामिल हैं। चोरी गए गहनों की कुल कीमत लाखों में बताई जा रही है, जिससे पीड़ित परिवार सदमे में है।

**पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह-** स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर खुलेआम काकोरी पुलिस को मुंह चिढ़ा रहे हैं। दो दिनों के भीतर लगातार हुई चोरी की वारदातों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की गश्त सिर्फ कागजों पर हो रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पुलिस की इस ढीली और गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली के चलते ग्रामीण अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

**पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार-** घटना के तुरंत बाद पीड़ित नीरज कुमार ने काकोरी थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने और उनका चुराया हुआ सामान बरामद करने की अपील की है। अब देखना यह होगा कि काकोरी पुलिस इस चुनौती को कब तक स्वीकार करती है और ग्रामीणों के मन से भय का माहौल कब खत्म होता है। इस सम्बन्ध मे काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया है के पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ़्त में होंगे।

## केजीएमयू में 5 सेंटीमीटर के चीरे से घुटना प्रत्यारोपण

**लखनऊ।** 52 साल की महिला बीते दो सालों से घुटने के दर्द से परेशान थी। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डॉक्टरों ने माइक्रोप्लास्टी तकनीक का इस्तेमाल कर महिला का घुटना (पार्शियल नी रिप्लेसमेंट) बदल दिया है। जिसमें डॉक्टरों को महज 46 मिनट का समय लगा है। इतना ही नहीं घुटना प्रत्यारोपण की इस प्रक्रिया में केवल पांच सेंटीमीटर का चीरा लगाया गया, जिसकी वजह से 24 घंटे के भीतर ही मरीज को छुट्टी भी दे दी गई। आयुष्मान योजना के तहत इलाज होने से मरीज को कोई शुल्क भी नहीं देना पड़ा है। दरअसल, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU) स्थित हड्डी रोग विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शैलेंद्र सिंह ने पहली बार संस्थान में माइक्रोप्लास्टी तकनीक से पार्शियल नी रिप्लेसमेंट (Partial Knee Replace ment) सर्जरी कर महिला मरीज को न सिर्फ दर्द से राहत दी है बल्कि महिला अब पूरी तरह से सामान्य जीवन भी व्यतीत कर सकती है। सबसे बड़ी बात महिला अब जमीन में घुटने मोड़ कर भी बैठ सकती है, जबकि दूसरे तकनीक से किये गये घुटना प्रत्यारोपण में मरीज घुटना मोड़ नहीं सकता है।

## आर.डी.एस.ओ. में तंबाकू सेवन के विरुद्ध जनजागरूकता शिविर का आयोजन



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** आर.डी.एस.ओ. हॉस्पिटल द्वारा आर.डी.एस.ओ. शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। डॉ. पंकज श्रीवास्तव, डेंटल सर्जन, ने तंबाकू की कैंसरजनक प्रकृति, इसके सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और इसकी लत के खतरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने तंबाकू छोड़ने के उपायों और उपलब्ध उपचार विकल्पों की भी जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में विशेष रूप से आयोजित किया गया था ताकि तंबाकू उत्पादों के विक्रेताओं और उपभोक्ताओं—दोनों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री व सेवन से विमुख किया जा सके।

# ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की उच्चस्तरीय बैठक

- विद्युत आपूर्ति सेवाओं में सुधार को लेकर दिए सख्त निर्देश
- फील्ड में निकले अधिकारी और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप करें कार्य : मंत्री ए.के. शर्मा
- परफेक्शन के अनुसार कार्य करते हुए विद्युत विभाग की सेवा और छवि में करें सुधार अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाही: ऊर्जा मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में शक्ति भवन, लखनऊ में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, उपभोक्ताओं की शिकायतें, ट्रांसफार्मर की क्षति, ट्रिपिंग तथा मानसून जनित व्यवधानों आदि की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विद्युत आपूर्ति लगातार की जाए, किसी क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं, बार-बार ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मरों के जलने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सही कराएं। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य करें और आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री ने आनलाइन प्रतिभाग कर रहे जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी परफेक्शन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आमजन को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद विद्युत सेवा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही या उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मरों के बार-बार जलने की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे ठीक कराए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार समय से पहले क्षमता वृद्धि (अपग्रेडेशन) की जाए, जिससे ट्रांसफार्मर न जले। उन्होंने विजिलेंस टीम को निर्देश दिए कि वे केवल वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई करें, गलत स्थान पर रेटिंग या रिपोर्टिंग करने से जनता में गलत संदेश जाता है, इसलिए ऐसा न करे। ऊर्जा मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु टोल फ्री नंबर, पोर्टल एवं सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग की छवि को सुधारना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जो अधिकारी फील्ड में नहीं जाएंगे एवं शिकायतों के प्रति असंवेदनशील रहेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पीएनबी ने केवाईसी विवरण अद्यतन करने का किया आग्रह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दिशानिर्देशों के अनुपालन में, सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने ग्राहकों से 08.08.2025 तक अपने ग्राहक को जानें(केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है ताकि उनके खातों का सुचारू कामकाज सुनिश्चित हो सके। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 30.06.2025 तक केवाईसी अद्यतन होना शेष है। केवाईसी अनुपालन अभ्यास के हिस्से के रूप में, पीएनबी ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी अद्यतन जानकारी जैसे पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, नवीनतम फोटो, पैन/फॉर्म 60, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी किसी भी शाखा को प्रदान करें। यह 08.08.2025 तक पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेज (आईबीएस) या पंजीकृत ईमेल /पोस्ट के माध्यम से भी उनकी आधार शाखा में किया जा सकता है। निर्धारित समय के भीतर केवाईसी विवरण अद्यतन करने में विफलता के परिणामस्वरूप खाता संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है।

किसी भी सहायता के लिए ग्राहक अपनी नजदीकी पीएनबी शाखा में जा सकते हैं या आधिकारिक वेबसाइट https://www.pnbindia.in/ देख सकते हैं ।

# शहीदाने कर्बला की याद में हुई मजलिसें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहीदानें कर्बला की याद में दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में मौलाना कल्बे अहमद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत रसूले खुदा (स.) ने कहा है कि मेरे हुसैन की मिसाल जनाबे नूह के सफीने जैसी है, जो इसमें सवार हो गया उसको निजात मिल गयी और जो इसमें नहीं आया वह हलाक हो गया। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की इसके साथ ही दरगाह परिसर में ताबूत, हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला और जुलजनाह की जियारत करायी गयी। मजलिसों का आयोजन इदारे नासिराने अब्बास ने किया था। मस्जिद पड़ाईन अमीनाबाद में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का किरदार ऐसा था कि हुर यजीद की फौज को छोड़कर इमाम के लश्कर में शामिल हो गये। इमामबाड़ा असगर हुसैन-कमर हुसैन हसन पुरिया में आयोजित मजलिस में औन रिज़वी ने मर्सिया पेश किया। मस्जिद मीर हैदर हुसैन गोलागंज में बुधवार से तीन दिवसीय मजलिसें शुरू हो गई। मजलिस को मौलाना अली अब्बास खान ने खिताब किया। मजलिसों का आयोजन अक्सा ट्रस्ट ने किया है।

### नौहा ख्वानी व सीनाजनी कर पुरसा पेश किया



**लखनऊ।** हुसैनाबाद के गल्ला बाजार स्थित अंजुमन नासिरुल इस्लाम की शब्बेदारी के आज अंतिम दिन अंजुमन मासूमिया हुसैनिया, अंजुमन मुहिब्बाने हुसैन, अंजुमन हुसैनिया क़दीम, अंजुमन ज़फरुल ईमान अंजुमन गुंचए मेहदिया आदि ने नौहा ख्वानी व सीनाजनी कर पुरसा पेश किया। इससे पूर्व मजलिस का आगाज़ तिलवाते कुरआने मजीद से हुआ मजलिस में फैज़ बाक़र ने अपने मख़सूस अंदाज़ में मर्सिया पेश कर मजलिस को खिताब पेश किया अंजुमनों को अज़ादारी में उनकी खिदमात के लिए सम्मान किया गया . नासिरुल इस्लाम के सचिव यूसुफ़ ने सभी अंजुमनों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा की अंजुमनों की सेवाओं और रात भर अज़ादारी के लिए इबादत करना एक बेहतरीन काम है।

### सै0 सिब्ते रज़ी के इमामबाड़े में शब्बेदारी हुई



**लखनऊ।** झारखण्ड के भूतपूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सै0 सिब्ते रज़ी के रिवर बैंक स्थित इमामबाड़े में मौलाना हमीदुल हसन साहब ने मजलिस को सम्बोधित किया। उन्होंने चौथे इमाम की शिक्षाओं और इबादतों का विस्तार से वर्णन किया। मजलिस से पूर्व प्रिंस इक़बाल मिर्ज़ा, शायरे अहलेबैत जर्रार अकबराबादी ने नज़रानए अक़ीदत पेश किया बादे मजलिस रात भर मातमी अंजुमनों ने नौहाख़्वानी की। इस मौक़े पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमीर हैदर एडवोकेट और डॉ0 अम्मार रिज़वी ने भी शिरकत की। यह जानकारी प्रिंस इक़बाल मिर्ज़ा इक़बाल मिर्ज़ा ने दी।

# अस्थायी शिक्षकों ने वेतनवृद्धि पर जताई कृतज्ञता

- कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया धन्यवाद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थायी सहायक आचार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा अस्थायी सहायक आचार्यों की वेतनवृद्धि को स्वीकृति दिए जाने पर शिक्षकों में प्रसन्नता की लहर है। इस निर्णय के लिए समस्त अस्थायी सहायक आचार्यों ने कुलपति प्रो. अजय तनेजा, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार एवं वित्त अधिकारी साजिद आज़मी से भेंट कर सामूहिक रूप से आज धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षक विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं। उनकी संतुष्टि और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। अस्थायी सहायक आचार्यों की मेहनत और योगदान को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर उपस्थित कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ़ से कहा , हम सदैव प्रयासरत हैं कि सभी शिक्षकों को समान अवसर और प्रोत्साहन प्राप्त हो। वेतनवृद्धि का यह निर्णय उस दिशा में एक ठोस कदम है। साथ ही वित्त अधिकारी साजिद आज़मी ने सभी शिक्षकों से कहा, यह निर्णय शिक्षकों की सेवाओं को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। हमने इसे समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करने का पूर्ण प्रयास किया है। धन्यवाद ज्ञापन के इस अवसर पर डॉ. राजकुमार, डॉ. विभा सिंह, डॉ. इमरान के साथ-साथ डॉ. आयुष साही, डॉ. चेतना, डॉ. कीर्तिमा आदि शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस सकारात्मक पहल की सराहना की और विश्वास जताया कि भविष्य में भी शिक्षक कल्याण को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।